नई दिल्ली
मंगलवार, 15 जुलाई 2025
श्रावण मास कृष्ण पक्ष,
पंचमी वर्ष : 29, अंक : 91
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

**मौसम**
अधि. 33
न्यून. 28

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





## आज दोपहर 3 बजे अंतरिक्ष से धरती पर उतरेगा भारत माता का 'लाल'


# 'शुभ मंगल' की बेला में आज शुभांशु का 'शुभागमन'

एजेंसी ▶▶ फ्लोरिडा

आज भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए 'शुभ मंगल' होने वाला है। भारत का लाल शुभांशु शुक्ला अपनी अंतरिक्ष की 18 दिनी यात्रा पूरी करके मंगलवार को धरती पर लौट रहा है। उनके शुभागमन पर हर एक भारतीय में उत्साह है। जिन्होंने 18 दिन अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर बिताए, अब उनके धरती पर वापसी की यात्रा शुरू हो गई हैं। एक्सिओम-4 मिशन के तहत उनकी वापसी हो रही है। इस कड़ी में आईएसएस से उनका स्पेसक्राफ्ट अनडॉक हो चुका हुआ है। यह मिशन भारत समेत हंगरी और पोलैंड के लिए भी अंतरिक्ष में वापसी का प्रतीक है, क्योंकि इन देशों ने चार दशकों ▶▶ शेष पेज 5 पर

| धरती पर आने में लगने वाला समय | कितने बजे उतरेंगे | किस जगह पर उतरेंगे |
|---|---|---|
| 22 घंटे 25 मिनट | आज दोपहर 3.01 बजे | कैलिफोर्निया के तट पर |






### धरती पर लौटने के बाद होगा रिहैब फेज

स्पेस से लौटने के बाद शुक्ला और उनकी टीम को सात दिनों तक पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण में ढलने के लिए पुनर्वास (रिहैबिलेशन) प्रक्रिया से गुजरना होगा। वजनहीन वातावरण में रहने के बाद शरीर को फिर से सामान्य स्थिति ▶▶ शेष पेज 5 पर

## रेल मंत्रालय का बड़ा फैसला

# ट्रेन के सभी डिब्बे और इंजनों में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। रेलवे ने सभी यात्री कोचों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का फैसला लिया है। इसका ऐलान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया है। उन्होंने कहा कि यात्री सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए भारतीय रेलवे के सभी 74,000 डिब्बों और 15,000 इंजनों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दिया है। यह महत्वपूर्ण निर्णय शनिवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय रेल राज्य ▶▶ शेष पेज 5 पर

उत्तर रेलवे में प्रायोगिक तौर पर सीसीटीवी कैमरों लगाए थे, समीक्षा के बाद फैसला

### ट्रेन में सीसीटीवी लगाने के फायदे

बता दें कि भारतीय रेलवे दुनिया के सबसे बड़े रेल नेटवर्कों में से एक है। भारतीय रेलवे प्रतिदिन औसतन 13,000 से अधिक यात्री ट्रेनें संचालित करता है, जिसमें मेल/एक्सप्रेस, पैसेंजर और ▶▶ शेष पेज 5 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ


## खबर संक्षेप

### 114 साल के धावक फौजा सिंह का हादसे में निधन



**जालंधर।** दुनिया के सबसे उम्रदराज महान मैराथन धावक फौजा सिंह की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वह 114 वर्ष के थे। वे अपने घर के बाहर टहल रहे थे तो एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी। परिवार के लोग उन्हें एक निजी अस्पताल में लेकर गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### प्रजा का हाल जानने निकले बाबा महाकाल



**उज्जैन।** सावन के पहले सोमवार पर उज्जैन में भगवान महाकाल चांदी की नई पालकी में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले। मंदिर प्रशासन के अनुसार, करीब 10 साल बाद सवारी में नई चांदी की पालकी को शामिल किया गया है। एक भक्त ने गुप्त दान के रूप में पालकी भेंट की थी।

### सीजेआई गवई की तबीयत खराब, अस्पताल में भर्ती



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर गवई को दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीजेआई को इन्फेक्शन की शिकायत हुई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल के सूत्रों के अनुसार इलाज के बाद सीजेआई की हालत में तेजी से सुधार हो रहा है।

## मप्र विस में 7 विधानसभाओं के अध्यक्षों की बैठक

# विधानसभा के सुझावों पर लेना होगा एक्शन... बढ़ने जा रहे अधिकार



### लोकतांत्रिक प्रणाली में संसद एवं विधानसभाओं की महत्वपूर्ण भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा सचिवालय के सभागार में सोमवार को सात राज्यों के विधानसभा अध्यक्षों की बैठक हुई। बैठक में विधानसभा की विभिन्न समितियों की कार्य प्रणाली, नवाचार, आने वाली कठिनाइयों, सरकार के साथ तालमेल आदि मुद्दों पर गहन मंथन हुआ है। विधानसभा की समितियों द्वारा दिए जाने वाले सुझावों को सरकार हल्के में नहीं ले सकेगी। सरकार और उनके विभागों को समय सीमा में उस पर एक्शन लेना होगा। विधानसभा की समितियों को पहले के मुकाबले और उपयोगी बनाने के लिए मध्य प्रदेश सहित 7 विधानसभाओं के अध्यक्षों की बैठक की गई। बैठक में उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष और उनके अधिकारी शामिल हुए। बैठक में समितियों को कुशल बनाने के लिए सभी ने अपने-अपने सुझाव दिए। अब इसको ▶▶ शेष पेज 5 पर

### विधानसभाओं की समितियों की प्रणाली इस तरह से है

अध्यक्ष तोमर ने कहा कि विधानसभाओं में भी समितियों की प्रणाली है और वे ठीक प्रकार से कार्य भी कर रही हैं। मप्र में 4 वित्तीय समितियां हैं, जिनका निर्वाचन होता है। इसके अलावा अनुसूचित जाति एवं जनजाति और पिछड़ा वर्ग के लिए भी दो समितियां हैं, जिनका निर्वाचन संपन्न होता है। शेष लगभग 16 समितियां ऐसी हैं, जिनमें पक्ष विपक्ष की सहमति से अध्यक्ष की ओर से नामांकित किए जाते हैं।

## बीजिंग में भारत-चीन के विदेश मंत्रियों की बैठक में जयशंकर का वांग यी को स्पष्ट संदेश

# भारत का आतंकवाद के मामले पर चीन को सख्त संदेश, लागू होनी चाहिए 'जीरो टॉलरेंस' की नीति

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक से ठीक चौबीस घंटे पहले यानी सोमवार को भारत के विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर की चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ बीजिंग में एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें जयशंकर ने अपने चिर-परिचित अंदाज के साथ साफ शब्दों में चीन को आतंकवाद के खिलाफ बनी हुई भारत की 'जीरो टॉलरेंस' (शून्य सहिष्णुता) की नीति को न केवल स्पष्ट कर दिया।

बल्कि ड्रैगन से भी मामले पर अपनी जैसी समान नीति को ही बनाए रखने की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि कल (मंगलवार) हम दोनों एससीओ फॉर्मेट की विदेश मंत्रियों की बैठक में मिलेंगे। जिसका प्राथमिक मैंडेट आतंकवाद, अलगाववाद और चरमपंथ से मुकाबला करना ही है। यह मामला समूह की एक साझा चिंता भी है। इस दृष्टिकोण से भारत उम्मीद करता है कि आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीति समूह में कड़ाई के साथ लागू होगी। इसके अलावा जयशंकर ने पूर्वी लद्दाख में दोनों देशों की सेनाओं के ▶▶ शेष पेज 5 पर



### पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर 'डी-एक्सलेशन' पर ध्यान केंद्रित करने पर दिया जोर



### आतंकवाद के बहाने चीन संग पाक को संदेश

जानकारों का मानना है कि एससीओ की बैठक से ऐन पहले आतंकवाद के मामले पर भारत का रुख साफ करने के पीछे विदेश मंत्री जयशंकर की मंशा बीते जून महीने में चीन में हुई समूह के रक्षा मंत्रियों की बैठक के बाद जारी किए जाने वाले संयुक्त घोषणापत्र में जानबूझकर पहलगाम आतंकी हमले की घटना को शामिल न करने की चीन-पाकिस्तान की नापाक मिलीभगत पर लगाम लगाने की कोशिश का हिस्सा हो सकती है। जिससे भारत के दोनों निकट प्रतिद्वंद्वी देश समूह के विदेश मंत्रियों की बैठक से पहले इस संबंध में जरूरी सबक हासिल कर सकें। एससीओ के विदेश मंत्रियों की बैठक में पहलगाम आतंकी हमले के बाद की गई भारत की जवाबी कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद यह पहला ऐसा मौका होगा। जब भारत, पाकिस्तान और चीन के विदेश मंत्री एससीओ के मंच पर एक-साथ मौजूद रहेंगे। बैठक से इतर जयशंकर की समूह के बाकी भागीदार देशों के अपने समकक्ष मंत्रियों, प्रतिनिधियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें होंगी। लेकिन पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार के साथ डॉ.जयशंकर की ऐसी किसी बैठक की फिलहाल कोई संभावना नहीं है। गौरतलब है कि पहलगाम आतंकी हमले में पाक समर्थित टीआरएफ के आतंकियों ने कुल 26 निर्दोष नागरिकों की बड़ी ही बेरहमी से उनका धर्म पूछकर हत्या कर दी थी। जिसमें 25 भारतीय और 1 नेपाल का नागरिक शामिल था।

### मतभेदों में तब्दील न हो विवाद

उन्होंने वांग यी से कहा, भारत और चीन के बीच मतभेदों को विवाद का रूप नहीं लेना चाहिए। साथ ही दोनों देशों के बीच की प्रतिस्पर्धा को कभी भी संघर्ष में तब्दील नहीं होना चाहिए। हमारे बीच स्थिर और रचनात्मक संबंध न केवल दोनों देशों के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए लाभप्रद हैं। जिन्हें आपसी सम्मान, हितों और साझा संवेदनशीलता के आधार पर संभाला जाना चाहिए। दोनों देश अपने संबंधों के विकास के लिए दूरदर्शी दृष्टिकोण अपनाएं। जटिल खनिजों के निर्यात पर चीन की तरफ से लगाई गई रोक का उल्लेख करते हुए भारत के विदेश मंत्री ने कहा संबंधों को सुधारने के लिए ऐसी बाधाओं से बचने की जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि इस मामले पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। हाल के समय में हम दोनों को कई अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में भाग लेने और उनमें सामरिक संवाद करने का मौका मिला है। यह भारत की अपेक्षा है कि संवाद का यह क्रम एक-दूसरे के देशों में लगातार जारी रहेगा। जयशंकर ने चीन को एससीओ की अध्यक्षता के लिए बधाई दी। 15 जुलाई को होने वाली बैठक के संबंध में अच्छे परिणाम और निर्णयों को लेकर भारत की ओर से प्रतिबद्धता जताई।

## सीएम ने गन्नौर इंटरनेशनल हॉर्टिकल्चर मार्केट को लेकर की समीक्षा

# निर्माण कार्यों में तेजी लाने और परियोजना को तय समयावधि में पूर्ण करने के दिए निर्देश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को जिला सोनीपत के गन्नौर स्थित 'इंडिया इंटरनेशनल फ्रूट एंड वेजिटेबल मार्केट' (आई.आई.एच.एम.) का दौरा कर सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने मंडी प्रशासन, निर्माण कंपनी व जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ इस महत्वाकांक्षी परियोजना की प्रगति की समीक्षा की और निर्माण कार्यों में तेजी लाने व परियोजना को तय समयावधि में पूर्ण करने के दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना न केवल हरियाणा के किसानों बल्कि देशभर के फल, सब्जी, फूल, मछली, पोल्ट्री व डेयरी उत्पादकों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच दिलाने का सशक्त माध्यम बनेगी। यह मार्केट राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर स्थित है और इसकी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों से बेहतर कनेक्टिविटी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 220 करोड़ रुपये की लागत से 544 एकड़ 2 कनाल भूमि अधिग्रहण कर इस परियोजना की शुरुआत की गई थी, जिसकी कुल लागत 2,595 करोड़ रुपये आंकी गई है। अब तक निर्माण कार्य का लगभग 45 प्रतिशत हिस्सा पूरा किया जा चुका है और 689 करोड़ रुपये की राशि जारी की जा चुकी है। सैनी ने जानकारी दी कि इस अंतरराष्ट्रीय मंडी में कुल 50 लाख वर्ग फीट का कवर एरिया होगा, जिसकी क्षमता 20 लाख टन ▶▶ शेष पेज 5 पर

# कनाडा में रथ यात्रा में व्यवधान डालने वालों के खिलाफ की जाए कड़ी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने सोमवार को कनाडा के टोरंटो में रथ यात्रा में व्यवधान डालने की घटना को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि हमने मामले से जुड़ी हुई रिपोर्ट देखी है। जिसमें कुछ शरारती तत्वों ने रथ यात्रा में व्यवधान डालने की कोशिश की। इस तरह की घटनाएं खेदजनक हैं और त्यौहार की भावना के भी खिलाफ हैं। जो कि एकता, सामंजस्य और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक है। मंत्रालय ने कहा कि हमने इस मामले को कनाडा के अधिकारियों के समक्ष पूरी मजबूती से उठाया है। ताकि घटना के दोषियों को जवाबदेह ▶▶ शेष पेज 5 पर

## हेट स्पीच पर शीर्ष कोर्ट के निर्देश

# नफरत फैलाने वाले कंटेंट पर लगे लगाम

लेकिन अभिव्यक्ति की आजादी बनी रहे



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोशल मीडिया पर फैल रहे हेट स्पीच (नफरती भाषणों) को लेकर चिंता जाहिर की है। कोर्ट ने कहा है कि इन दिनों 'अभिव्यक्ति की आजादी' के नाम पर सब कुछ जायज ठहराने की कोशिश कर रही है, ये बिल्कुल खतरनाक है। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज फ़्रांसिस विस्वनाथन की बेंच के ▶▶ शेष पेज 5 पर

## एएआईबी की रिपोर्ट के बाद डीजीसीए का फैसला

# सभी बोइंग विमानों के फ्यूल कंट्रोल स्विच की जांच जरूरी

एअर इंडिया विमान हादसे के बाद सबक



**नई दिल्ली।** भारत के नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने देश में संचालित होने वाली सभी एयरलाइनों, विशेष रूप से बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमानों का उपयोग करने वाली कंपनियों को अपने फ्यूल कंट्रोल स्विच की लॉकिंग मैकेनिज्म की जांच करने का निर्देश देने की योजना बनाई है। यह कदम 12 जून, 2025 को अहमदाबाद में ▶▶ शेष पेज 5 पर

## युद्धाभ्यासों के जरिए अपनी रणनीतिक क्षमता को मजबूत बनाने में लगी हुई है सेना

# जटिल सुरक्षा परिदृश्य के बीच 'प्रचंड शक्ति' से परखी सेना ने युद्धक तैयारियां

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

चीन और पाकिस्तान की सीमा से दो मोर्चों पर बढ़ते युद्ध के खतरे के बीच सेना लगातार अलग-अलग युद्धाभ्यासों के जरिए अपनी रणनीतिक क्षमता को मजबूत बनाने में लगी हुई है। इसी कवायद के बीच सोमवार को बल की राम डिवीजन ने मेरठ में प्रचंड शक्ति टाइटल के साथ युद्धक तैयारियों को जांचा-परखा। जिसका उद्देश्य मानव रहित विमानों (यूएवी), कृत्रिम मेधा से संचालित होने वाले सिस्टम,



लाइटरिंग म्यूनिशन और उसके साथ ही स्वचालित प्लेटफार्म द्वारा पुनः परिभाषित की जा रही युद्धक्षेत्र की तमाम विधाओं को व्यापक ढंग से समझना था। यह युद्धाभ्यास राम डिवीजन ने मेरठ के पाइन डिवीजन फील्ड ट्रेनिंग एरिया में किया। जिसमें सैन्यकर्मियों ने जटिल तकनीक के साथ बेहतरीन ढंग से अपनी मारक क्षमता का प्रदर्शन किया।

### 'ईयर ऑफ टेक अब्जॉर्ब्शन' का हिस्सा

*सेना का यह युद्धाभ्यास मौजूदा वर्ष को तकनीक को आत्मसात करने यानी ईयर ऑफ टेक अब्जॉर्ब्शन के रूप में घोषित करने का हिस्सा है। जिसमें मुख्य रूप से स्वदेशी और जटिल तकनीकी समाधानों को असैन्य नवाचार करने वालों की मदद से रणनीतिक अभियानों के लिए एकीकृत करना था। सेना की संबंधित सैन्य डिवीजन का यह प्रदर्शन यह भी दिखाता है कि कैसे स्ट्राइक कोर द्वारा किए जाने वाले गहन रक्षात्मक अभियानों के दौरान उक्त तकनीक बल को दक्षता, लचीलापन और बचाव करने के गुर सिखाने में अहम भूमिका निभा सकती है? प्रचंड शक्ति न केवल तकनीकी उन्नति को लेकर जाहिर की जाने वाली सेना की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। बल्कि यह बल के आत्मनिर्भरता और उभरते हुए खतरों के माहौल के बीच भविष्य की तैयारी का भी शानदार नजारा प्रस्तुत करता है।*

## राजू गोवा के राज्यपाल और कविंदर गुप्ता होंगे लद्दाख के एलजी

# असीम घोष होंगे हरियाणा के नए राज्यपाल बंडारू की जगह संभालेंगे जिम्मेदारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रोफेसर असीम कुमार घोष हरियाणा के नए राज्यपाल होंगे। उन्हें बंडारू दत्तात्रेय की जगह हरियाणा का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को दो राज्यों के राज्यपालों और एक केंद्रशासित प्रदेश के उपराज्यपाल की नियुक्ति की है। पूर्व नागरिक उड्डयन मंत्री पुष्पपति अशोक गजपति राजू को सोमवार को गोवा का राज्यपाल नियुक्त किया गया और जम्मू-कश्मीर के



पूर्व उपमुख्यमंत्री कविंदर गुप्ता को लद्दाख का नया उपराज्यपाल नियुक्त किया गया।

**प. बंगाल भाजपा के अध्यक्ष रहे हैं घोष :** हरियाणा के भावी राज्यपाल प्रो. असीम घोष एक वरिष्ठ नेता, शिक्षाविद और पश्चिम बंगाल बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हैं। 1944 में हावड़ा में जन्मे घोष कोलकाता के विद्यासागर कॉलेज से राजनीति विज्ञान में ग्रेजुएट हैं। वे कई सालों तक राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर रहे हैं। उन्होंने 1991 में बीजेपी का दामन थामा और पार्टी में प्रमुखता से उभरे। घोष 1999 से 2002 तक पश्चिम बंगाल बीजेपी के अध्यक्ष रहे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने राज्य में पार्टी की जमीनी स्तर पर उपस्थिति बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लद्दाख के मौजूदा राज्यपाल ब्रिगेडियर बीडी मिश्रा का इस्तीफा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ▶▶ शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### तीन स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी निकली अफवाह

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दो स्कूल और एक 'नेवी चिल्ड्रन स्कूल' को सोमवार सुबह मिली बम से उड़ाने की धमकी को गहन जांच के बाद अधिकारियों ने "अफवाह" घोषित कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार सुबह प्रशांत विहार और द्वारका सेक्टर-16 स्थित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) विद्यालयों और चाणक्यपुरी स्थित 'नेवी चिल्ड्रन स्कूल' को धमकी भरे ईमेल मिले। बाद में अधिकारियों ने स्कूल परिसर की गहन जांच की, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिलने के उपरांत धमकी को अफवाह घोषित कर दिया। दिल्ली अग्निशमन सेवा ने बताया कि दोनों स्कूलों में दमकल की एक-एक गाड़ी भेजी गईं। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि विभाग सहित कई एजेंसियों द्वारा गहन जांच के बाद इसे (धमकी) अफवाह घोषित कर दिया गया। पुलिस उपायुक्त (द्वारका) अंकित सिंह ने कहा कि सोमवार सुबह द्वारका उत्तर थाने को सूचना मिली जिसमें सीआरपीएफ स्कूल में बम की धमकी की सूचना दी गई। तुरंत तलाशी ली गई। स्थानीय पुलिस, श्वान दस्ते और बम निरोधक दस्ते स्कूल पहुंचे और गहन जांच की।" उन्होंने बताया कि साइबर पुलिस विशेषज्ञ ईमेल के स्रोत का पता लगा रहे हैं। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि स्कूल में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। पुलिस उपायुक्त (रोहिणी) राजीव रंजन ने कहा कि हमें सुबह करीब आठ बजे स्कूल से सूचना मिली। प्रशांत विहार स्थित सीआरपीएफ स्कूल परिसर में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिलने के बाद इसे अफवाह घोषित कर दिया गया।

### ख्याला में दो दोस्तों ने चाकू से वार कर एक-दूसरे की जान ली

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के ख्याला इलाके में दो दोस्तों ने झगड़े के दौरान चाकू से वार कर एक-दूसरे की जान ले ली। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना रविवार रात करीब 11 बजे की है। उन्होंने बताया कि ख्याला के बी ब्लॉक निवासी दो दोस्तों में कहासुनी उस समय हुई जब वे एक स्थानीय पार्क में बैठे हुए थे। अधिकारी ने बताया कि कहासुनी मारपीट में बदल गई और दोनों ने एक-दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया। अधिकारी ने कहा कि स्थानीय लोग उन्हें दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल ले गए, जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि ख्याला थाने को सूचना मिली थी कि चाकू लगने से घायल दो लोगों को दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस की एक टीम अस्पताल पहुंची तो पता चला कि दोनों की मौत हो चुकी है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि दोनों दोस्त थे और एक-दूसरे को कई वर्षों से जानते थे। उन्होंने बताया कि मामले में जांच जारी है।

### आम आदमी पार्टी ने सात नए उपाध्यक्षों के नामों की घोषणा की

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में अपने 7 नए उपाध्यक्षों की घोषणा सोमवार को की है। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कुलदीप को पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र का उपाध्यक्ष बनाया वहीं जरनैल सिंह को पश्चिमी लोकसभा क्षेत्र का उपाध्यक्ष बनाया है। वहीं उत्तरी पश्चिमी लोकसभा क्षेत्र से राजेश गुप्ता को, नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से ऋतुराज को, दक्षिणी लोकसभा क्षेत्र से ब्रह्म सिंह तंवर को, उत्तरी पूर्वी लोकसभा क्षेत्र से संजीव झा और चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र के लिए जितेंद्र तोमर को उपाध्यक्ष बनाया है।

### 15-20 जुलाई तक सामान्य बादल छाए रहेंगे

# सावन के पहले सोमवार दिल्ली में कई जगह झमाझम बरसे बादल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली**



मानसून के तेजी पकड़ने के बाद अब सावन के पहले सोमवार को दिल्ली में झमाझम बारिश दर्ज हुई। आईएमडी की भविष्यवाणी सही साबित हुई और तेज हवाओं के साथ सुबह सुबह राजधानी के हिस्सों में जमकर बारिश देखने को मिली। जबकि सुबह भी पानी बरसा और शाम सात बजे के बाद एक बार फिर बादल मेहरबान हुए और दिल्ली में कहीं हल्की कहीं झमाझम पानी बरसा। बारिश के चलते दिल्ली के कई क्षेत्रों में जलभराव होने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना भी करना पड़ा। खासकर सुबह ड्यूटी के समय लोगों को अधिक परेशानी झेलनी पड़ी। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) ने सोमवार शाम साढ़े पांच बजे तक दिल्ली के किस किस क्षेत्र में कितनी बारिश हुई इसके आंकड़े रात सवा आठ बजे तक भी जारी नहीं किए। जबकि जारी आंकड़ों में आईएमडी ने बताया कि सुबह साढ़े आठ बजे से पहले के 24 घंटों में दिल्ली के सफदरजंग वेधशाला में 15.8 मिमी, पालम में 8.5 मिमी, लोधी रोड में 18.5 मिमी, रिज एरिया में 0.4 मिमी, आया नगर में 15.5 मिमी, राजघाट में 24.3 मिमी, पूसा में 16.5 मिमी, नजफगढ़ में 10 मिमी और मयूर विहार में 2.5 मिमी बारिश दर्ज हुई। वहीं सुबह साढ़े आठ बजे से पहले के 24 घंटे में दिल्ली के सफदरजंग वेधशाला में 15.6 मिमी बारिश दर्ज की गई। आईएमडी के अनुसार दिल्ली का अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 1.9 डिग्री सेल्सियस कम है। वहीं न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 3.7 डिग्री सेल्सियस कम है। आईएमडी ने ताजा अनुमान जारी करते हुए बताया कि 15-20 जुलाई तक सामान्य बादल छाए रहेंगे, मेघ गर्जन व बिजली चमकने के साथ बहुत हल्की से हल्की बारिश होने की संभावना है। जबकि कभी-कभी सतही हवा 20-30 किमी प्रति घंटा की गति से हवाएं चलेंगी जिनकी गति बढ़कर 40 किमी प्रति घंटा या इससे अधिक पहुंच सकती है।

### हरित श्रेणी के उद्योगों को डीपीसीसी से अप्रूवल में होने वाली देरी अब हो जाएगी खत्म : सिरसा

**नई दिल्ली।** एक और चुनावी वादा पूरा करते हुए दिल्ली सरकार ने ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस से जुड़ा एक ऐतिहासिक सुधार लागू किया है, जिससे ग्रीन कैटेगरी इंडस्ट्रीज़ को दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) से मिलने वाले अप्रूवल में होने वाली देरी अब खत्म हो जाएगी। अगस्त 2025 से, ऐसी इंडस्ट्रीज़ के कंसेंट टू ऑपरेट (सीटीओ) के आवेदन अगर 20 दिनों के भीतर प्रोसेस नहीं होते, तो उन्हें अपने आप अप्रूव्ड माना जाएगा। पहले यह समय-सीमा 120 दिन थी। इस फैसले की घोषणा करते हुए पर्यावरण और उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि यह दिल्ली के व्यापारियों की लंबे समय से चली आ रही मांग थी। मैं इस सुधार को लागू करने में सहयोग देने के लिए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का हार्दिक धन्यवाद करता हूं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार ने वो कर दिखाया जो 50 सालों में नहीं हुआ।

### कार खड़ी करने को लेकर हुई बहस

# युवक पर डाला पेट्रोल, आग लगने से बुरी तरह झुलसा

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**



दिल्ली के आरके पुरम इलाके में कार खड़ी करने को लेकर झगड़ा होने पर एक व्यक्ति ने गाड़ी के अंदर बैठे दूसरे व्यक्ति पर कथित तौर पर पेट्रोल डाल दिया, जिससे वाहन में आग लग गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि यह घटना रविवार को आरके पुरम के सेक्टर आठ मार्केट में रात करीब साढ़े नौ बजे हुई जिसमें सफाईकर्मी राहुल चौहान (40) गंभीर रूप से झुलस गया। पुलिस के मुताबिक मैकेनिक गया प्रसाद (42) उर्फ कालू ने खड़ी कार में अपने रिश्तेदारों के साथ बैठे चौहान से अपनी गाड़ी उसकी दुकान के पास से हटाने को कहा। इसी बात पर दोनों के बीच विवाद हो गया तथा प्रसाद ने गुस्से में आकर कथित रूप से चौहान पर पेट्रोल डाल दिया, जिससे कार के अंदर संभवतः जलती हुई सिगरेट की वजह से आग लग गई। पुलिस ने कहा कि प्रसाद से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त (डीसीपी-दक्षिण पश्चिम) अमित गोयल ने बताया कि आरके पुरम थाने में एक मैकेनिक द्वारा एक व्यक्ति को जलाने की सूचना देने के लिए एक पीसीआर कॉल आई थी जिसके बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और उसने झुलस गये व्यक्ति को पीसीआर वाहन से तत्काल ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। डीसीपी ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में सफाईकर्मी के रूप में कार्यरत राहुल चौहान अपने चचेरे भाई और दो अन्य लोगों के साथ एक कार में बैठा था, तब यह झगड़ा हुआ। गोयल के अनुसार चौहान के चचेरे भाई सिद्धांत राज ने पुलिस को बताया कि उनकी गाड़ी गया प्रसाद की दुकान के पास खड़ी थी तथा प्रसाद ने कथित तौर पर उनसे गाड़ी हटाने को कहा, जिस पर बहस हुई। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि जब चौहान ने मना किया, तो मैकेनिक ने कथित तौर पर उस पर पेट्रोल डाल दिया।

उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, संभवतः कार के अंदर जलती हुई सिगरेट के कारण पेट्रोल ने आग पकड़ ली जिससे चौहान का चेहरा और सीना झुलस गया एवं कार को भी आग से नुकसान पहुंचा। पुलिस का कहना है कि झुलस गये व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने चिकित्सा -विधिक मामला (एमएलसी) रिपोर्ट में बताया कि वह 20 प्रतिशत तक जल गया है तथा उसकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। चौहान के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 109(1) (हत्या का प्रयास) के तहत कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है।

### मेट्रो का ऑनलाइन ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण चलेगा 15 जुलाई से 14 अगस्त के बीच

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) अपनी सेवाओं को लेकर यात्रियों की राय, शिकायत व सुझाव जानने के लिए आज से यानी 15 जुलाई से 14 अगस्त 2025 तक 11वां ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण आयोजित करेगी। डीएमआरसी द्वारा दी गई जानकारी अनुसार गत वर्षों की भांति इस बार भी दिल्ली मेट्रो 15 जुलाई से 14 अगस्त तक ऑनलाइन ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण आयोजित कर रही है। इस सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य मेट्रो सेवाओं और सुविधाओं के विभिन्न घटकों पर यात्रियों से प्रतिक्रिया एकत्र करना है। डीएमआरसी के अनुसार एक व्यापक प्रश्नावली के माध्यम से, प्रतिभागी यात्रियों से अलग-अलग विषयों पर विस्तृत प्रतिक्रिया प्राप्त की जाएगी। सर्वेक्षण में सुधार के लिए सुझाव भी मांगे जाएँगे। इस सर्वेक्षण में भाग लेने के इच्छुक यात्री डीएमआरसी की आधिकारिक वेबसाइट पर जा सकते हैं और वेबसाइट के होम पेज पर दिए गए लिंक पर क्लिक करके अपनी राय दे सकते हैं। सर्वेक्षण फॉर्म अंग्रेजी और हिंदी दोनों में उपलब्ध होगा। सर्वेक्षण में कुल सात विषय शामिल हैं, जिन पर प्रतिक्रिया मांगी गई है। सभी विषयों पर सर्वेक्षण लिंक डीएमआरसी की वेबसाइट पर केवल एक महीने के लिए उपलब्ध रहेंगे, जिन्हें प्रतिभागी भर सकते हैं। सर्वेक्षण एक महीने बाद यानी 14 अगस्त, 2025 को समाप्त होगा। यात्री मेट्रो के कामकाज के महत्वपूर्ण पहलुओं पर अपनी प्रतिक्रिया दे सकेंगे। जिनमें मेट्रो की उपलब्धता और पहुँच, ग्राहकों को दी जाने वाली सुविधाएं, अन्य जानकारी, सेवाओं की गुणवत्ता, ग्राहक सेवाएं, मेट्रो क्षेत्र के बाहर, सुरक्षा, संरक्षा और आराम।

# श्री खाटू श्याम दिल्ली धाम मंदिर के बाहर फिर शुरू हुई सड़क पर पार्किंग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली**

दिल्ली देहात के नरेला विधानसभा स्थित अलीपुर इलाके में श्री खाटू श्याम दिल्ली धाम मंदिर के बाहर मुख्य मार्ग पर एक बार फिर सड़क पर अवैध पार्किंग की समस्या आने लगी है। यहां मंदिर में दर्शन हेतु आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ के साथ-साथ उनके वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग ने सार्वजनिक रास्तों को जाम कर दिया है। इससे ना केवल स्थानीय निवासी, बल्कि सार्वजनिक परिवहन जैसे डीटीसी व कलस्टर स्कीम के तहत संचालित होने वाली बड़ी बसों को निकलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जिसके चलते बस यात्रियों, एम्बुलेंस और आपातकालीन सेवाएं तक बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता अशोक टोकस ने बताया कि हमारी जिम्मेदारी है कि श्रद्धालुओं की धार्मिक भावना का सम्मान हो, लेकिन सड़क पर अवैध पार्किंग से आम जनता को दिक्कत ना हो, इसका भी प्रशासन को ख्याल रखना चाहिए। लोगों का यह भी कहना है कि इस भीड़भाड़ और अवैध पार्किंग की वजह से एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसी आपात सेवाओं का समय पर घटनास्थल पर पहुंचना भी मुश्किल हो गया है। यह स्थिति किसी दिन बड़े हादसे का कारण बन सकती है।



#### श्रद्धालुओं की सुविधा बनी असुविधा का कारण

स्थानीय लोगों का कहना है कि श्री खाटू श्याम मंदिर, दिल्ली में आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है, जहां दूर-दराज से श्रद्धालु पहुंचते हैं। लेकिन श्रद्धालुओं के वाहनों को पार्किंग स्थल नहीं मिलने के कारण सड़क ही पार्किंग बन चुकी है। सुबह और शाम के समय मंदिर के आस-पास का इलाका पूरी तरह ट्रैफिक जाम से ग्रस्त हो जाता है।

■ सार्वजनिक और आपातकालीन वाहनों को निकलने में हो रही परेशानी

स्थानीय लोगों का कहना है कि हमने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी यहां यातायात व्यवस्था बनाने के लिए यातायात पुलिस की हर समय तैनाती की मांग को कहा है और जनप्रतिनिधियों को भी इसकी जानकारी है। कई बार बैठकों में यहां जाम की समस्याएं उठाई गई हैं। कई बार दिल्ली पुलिस और यातायात पुलिस प्रशासन से शिकायत की, लेकिन आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। बच्चों का स्कूल टाइम हो या ऑफिस जाने का वक्त, हर दिन सड़क पर फंसे रहना हमारी नियति बन गई है।

#### स्थानीय लोगों में नाराजगी

इलाके के निवासियों का कहना है कि मंदिर के बाहर पार्किंग की यह समस्या नई नहीं है, लेकिन प्रशासन की बेरुखी से हालात बद से बदतर हो गए हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि पुलिस प्रशासन और मंदिर संचालन समिति के पदाधिकारियों को भी इस समस्या की जानकारी है लेकिन उचित व्यवस्था नहीं होने से बड़ी संख्या में शनिवार और रविवार को लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अब तो इन दो दिनों के अलावा भी जाम लगने की समस्या हो रही है।

### पार्किंग विवाद से जुड़े हत्या के प्रयास के मामले में नाबालिग समेत चार लोग पकड़े

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार में कांवड़ यात्रा की तैयारी के दौरान पार्किंग विवाद से जुड़े हत्या के प्रयास के एक मामले में एक किशोर समेत चार लोगों को पकड़ा गया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि कथित घटना 11 जुलाई की रात की है। उन्होंने कहा कि पुलिस को मयूर विहार फेज-1 स्थित शशि गार्डन के पास गोलीबारी की सूचना मिली थी। पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) अभिषेक धानिया ने एक बयान में कहा कि टीम मौके पर पहुंचीं और उन्हें एक गोली का निशान मिला। शिकायतकर्ता जितेंद्र ने पुलिस को बताया कि मोटरसाइकिल खड़ी करने को लेकर हुई बहस गोलीबारी में बदल गई। अधिकारी ने बताया कि आरोपी कांवड़ यात्रा के तहत हरिद्वार जाने की तैयारी कर रहे थे।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **विश्वजीत, पुत्रः अधीर हलधर, निवासीः झुग्गी नंबर 419-420, गद्दा, यमुना बैंक मेट्रो स्टेशन के पास, यमुना खादर, शकरपुर, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.391/2021 U/S 33 दिल्ली उत्पाद शुल्क अधिनियम** के तहत एक मामला **थाना शकरपुर, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **विश्वजीत** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **विश्वजीत** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.391/2021 U/S 33 दिल्ली उत्पाद शुल्क अधिनियम, थाना शकरपुर, दिल्ली** के आरोपी उक्त **विश्वजीत** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए **दिनांक 04.10.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, पी. भार्गव राव
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-05
पूर्वी जिला, न्यायालय संख्या 03
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/9190/ED/2025
(अदालती मामला)

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **82Cr.P.C./84 BNSS** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **रोहित भागले उर्फ लिली, पुत्रः धर्मा,** पताः झुग्गी न. 1965, ट्रांसिस्ट कैंप, कठपुतली कालोनी, आनन्द पर्बत, दिल्ली, ने **FIR No. 710/2021, U/s 392/411/120B/34 IPC,** थानाः सराय रोहिल्ला, दिल्ली, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रोहित भागले उर्फ लिली** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रोहित भागले उर्फ लिली** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 710/2021, U/s 392/411/120B/34 IPC,** थानाः सराय रोहिल्ला, दिल्ली, के उक्त अभियुक्त **रोहित भागले उर्फ लिली** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री मनुज कौशल, एलडी.
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी—04 (केन्द्रीय)
केन्द्रीय जिला, कमरा न. 37
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/9069/N/2025
(Court Matter)


### पटाखें प्रतिबंध पर भाजपा की दोमुंही राजनीति उजागर खिलाफ है तो कोर्ट में करे याचिका दायरः यादव

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली**



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि पटाखों पर प्रतिबंध को लेकर उसकी दोहरी नीति एक बार फिर जनता के सामने आ गई है। उन्होंने कहा एक ओर भाजपा प्रदूषण नियंत्रण के नाम पर कड़े कदम उठाने का दावा करती है और दूसरी ओर पटाखों पर प्रतिबंध को लेकर विरोध का नाटक करती है। यादव ने कहा कि यदि भाजपा वास्तव में प्रतिबंध के खिलाफ है, तो वह सुप्रीम कोर्ट में जाकर पुनर्विचार याचिका दायर करे। लेकिन भाजपा किसी की शुभचिंतक नहीं है, उसे केवल राजनीति करनी है। सत्ता में रहते हुए सुप्रीम कोर्ट और पर्यावरण कानूनों की दुहाई देने वाली भाजपा, विपक्ष में रहते ही तथाकथित हिंदू हितैषी बनने का ढोंग करने लगती है। उन्होंने कहा कि भाजपा का केवल एक ही धर्म है, सत्ता की प्राप्ति के लिए समाज में नफरत फैलाना। दिल्ली में पटाखों पर प्रतिबंध को लेकर लोगों को यह कहकर भ्रमित किया गया कि यह प्रतिबंध धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ है। लेकिन सत्ता में आते ही भाजपा ने इस मुद्दे पर यू-टर्न ले लिया। यादव ने कहा दिल्ली में यदि प्रदूषण नियंत्रण के लिए ठोस कदम पहले से उठाए गए होते, तो यह स्थिति उत्पन्न ही नहीं होती। पहले केजरीवाल और अब भाजपा दोनों पार्टी प्रदूषण के असली स्रोतों पर प्रभावी कार्रवाई करने में बुरी तरह विफल रही हैं।

### डीडीए की जमीन पर गड्ढा खोद डाला जा रहा कूड़ा



■ गत वर्ष दलदल बनने से गिरा था आवारा पशु

**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के अंतर्गत नरेला सेक्टर ए-9 पॉकेट-1, स्थित एक खाली जमीन में इन दिनों अवैध रूप से गड्ढा खोदकर कूड़ा-कचरा डाला जा रहा है। यह जमीन मामूरपुर गांव के पास बताई गई है और इसके नजदीक ही एक सार्वजनिक पार्क भी मौजूद है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी सुबह-शाम शारीरिक व्यायाम और टहलने के लिए आते हैं। स्थानीय निवासी गौरव भारद्वाज ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यहां डीडीए के एनडी 4 के ईई डोगरा इस खाली जमीन पर गड्ढा खोदकर कूड़ा दबा रहे थे तब उनसे पूछा कि ऐसा क्यों कर रहे हैं तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया और खाद व पेट्रोल बनाने की बात कहने लगे। निवासी गौरव भारद्वाज ने बताया कि इसके बाद गड्ढे को फिर मिट्टी से बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि गत वर्ष इसी प्रकार से गड्ढा खोद दिया गया था और बारिश के बाद यहां दलदल जैसे हालात हो गए थे जिसमें आवारा पशु फंस गए थे। वहीं, इस संबंध में डीडीए के इस अधिकारी ने बताया कि उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं है।

### दुकानें बंद होने से सरकार और दुकानदारों को हो रहा बड़ा नुकसान

# कश्मीरी गेट बस अड्डा : हटाना था अतिक्रमण, हटा दी दुकानें

**दया राम ▶▶ नई दिल्ली**




दिल्ली के कश्मीरी गेट अंतरराज्यीय बस अड्डा (आईएसबीटी) परिसर में दुकानें, स्टाल आदि बंद होने से लाइसेंसधारी दुकानदारों की रोजी रोटी छिन गई है साथ ही दिल्ली सरकार को भी हर महीने करीब एक करोड़ की राशि का नुकसान हो रहा है। यहां से हटाए गए इन दुकानदारों ने बताया कि गत वर्ष 6 सितंबर के आसपास बस अड्डा परिसर स्थित सभी दुकानें यह कहकर हटा दी गई कि छोटी दुकानें है और यहां नवीनीकरण का कार्य होगा इसके बाद बड़े आकार की दुकानें दी जाएगी। दुकानदारों ने बताया कि नवीनीकरण के बाद भी दुकानदारों को फिर से जगह नहीं दी गई है। इसे लेकर पीड़ित दुकानदारों ने दिल्ली के उपराज्यपाल, परिवहन आयुक्त आदि संबंधित अधिकारियों को कई बार पत्र लिखा हैं लेकिन दुकानें अभी तक नहीं दी गई है। इसके चलते दुकानदारों को तो नुकसान हो ही रहा है साथ ही बस अड्डा परिसर में इन दिनों अवैध रूप से हॉकर और रेहड़ी लगनी शुरू हो गई हैं जिसके चलते सरकार को लाइसेंस से होने वाली प्रतिमाह की करीब एक करोड़ की आमदनी रूक गई है और यहां आने वाले यात्रियों को पानी, किताबे, अन्य जरूरी सामान नहीं मिलने से भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

#### करीब एक हजार परिवार हुए बेरोजगार

नाम नहीं छापने की शर्त पर एक पीड़ित दुकानदार ने बताया कि यहां निरीक्षण के दौरान आए उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा था यहां दुकानों के बाहर हुए अतिक्रमण को हटाया जाए लेकिन बस अड्डा प्रशासन ने उपराज्यपाल के जाने के बाद दुकानें ही हटा दी। इन दुकानदारों ने बताया कि इसके चलते सौ से अधिक परिवार और उन पर दिन रात कार्य करने वाले करीब एक हजार परिवारों को घर चलाने में अब भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि नवीनीकरण का कार्य एक दो महीने में खत्म हो जाएगा और फिर से दुकाने शुरू हो जाएगी लेकिन करीब दस माह हो चुके हैं और दुकानें नहीं मिल पाई है।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 10, एम.सी. रोहतक में रियासत गार्डन के निकट स्थित आकांक्षापूर्ण शौचालय का निर्माण + 5 कार्य। | 11.07.2025 18.07.2025 | रु.68,30,511/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/36562/1/88/7 दि. 14.07.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | एमडब्ल्यू रोहतक में स्वीमिंग पूल के पिछली साइड पर बिल्डिंग का रखरखाव और मरम्मत। | 11.07.2025 29.07.2025 | 7.24 लाख | https://mdu.ac.in https://works.haryana.gov.in & etenders.hry.nic.in | 9991366698 xen.civil@mdurohtak.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/36565/1/88/7 दि. 14.07.25

### हमारे स्वास्थ्य सिस्टम पर विश्वास कर विदेशी भी इलाज कराने आएंगे

# हमारी सरकार का लक्ष्य दिल्ली को मेडिकल हब बनाना : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हमारी सरकार का लक्ष्य है कि दिल्ली, देश का ऐसा मेडिकल हब बने, जहां कोई भी मरीज निराश न लौटे और यहां देश-विदेश से भी लोग इलाज कराने आएं। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए हम सात अधूरी अस्पताल परियोजनाओं को सुपर स्पेशलिटी आईसीयू केंद्रों में बदल रहे हैं, जहां विभिन्न गंभीर बीमारियों के लिए विशेष इलाज की सुविधा होगी। इस बात की जानकारी दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को उत्तरी दिल्ली स्थित मॉडल टाउन क्षेत्र में नवनिर्मित यथार्थ मल्टी-स्पेशलिटी हॉस्पिटल के उद्घाटन पर दी। यह अस्पताल आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत भी सेवाएं देगा, जिससे समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी



आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं निशुल्क मिल सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार सिर्फ स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार ही नहीं कर रही, बल्कि उसे सुलभ, पारदर्शी और जन-संवेदनशील भी बना रही है। हमारी सरकार सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बीच सहयोग को बढ़ावा देकर राजधानी को एक मॉडल हेल्थकेयर सिस्टम की ओर ले जा रही है। हमारा लक्ष्य है कि दिल्लीवासियों को तो बेहतर चिकित्सा सुविधा मिले, साथ ही देश की राजधानी को हम ऐसे मेडिकल हब में बदलें, जहां देश-विदेश से लोग इलाज कराने आएं और उन्हें दिल्ली के अस्पताल, डॉक्टरों और स्वास्थ्य प्रणाली पर पूर्ण विश्वास हो।

मुख्यमंत्री ने बताया कि आवश्यकता को देखते हुए दिल्ली सरकार सात अधूरी अस्पताल परियोजनाओं को सुपर स्पेशलिटी आईसीयू केंद्रों में बदल रही है, जहां विभिन्न गंभीर बीमारियों के लिए विशेष इलाज की सुविधा होगी। हर अस्पताल को अलग बीमारी के इलाज के लिए समर्पित किया जाएगा, जैसे कैंसर, ट्रांसप्लांट या डिलीवरी के जटिल मामले। इसके साथ ही आईसीयू बेडों की कमी को भी दूर किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार का सपना है कि कोई भी नागरिक इलाज से वंचित न रहे। न आर्थिक कारणों से, न संसाधनों की कमी से।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व सरकारों के भ्रष्टाचार व विजन की कमी के चलते दिल्ली का स्वास्थ्य ढांचा अभी भी अनेक गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है। उन्होंने कोविड काल को याद करते हुए बताया कि उस समय अस्पतालों में बिस्तरों की भारी कमी थी और कई लोगों को इलाज न मिलने के कारण अपनी जान गंवानी पड़ी। यथार्थ ग्रुप ऑफ़ हॉस्पिटल्स के डायरेक्टर यथार्थ त्यागी ने इस नए अस्पताल के उद्घाटन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल एक नए अस्पताल का उद्घाटन नहीं है, बल्कि हमारे उद्देश्य और दर्शन की पुनः पुष्टि है। लगभग 2 एकड़ क्षेत्र में निर्मित इस अस्पताल में 300 बेड्स, जिनमें 70 क्रिटिकल केयर बेड्स शामिल हैं, की सुविधा उपलब्ध है, जिससे गंभीर स्थिति वाले मरीजों को विशेष देखभाल मिल सकेगी।

### सीएम रेखा गुप्ता ने भारत मंडपम में 'गति शक्ति अनुभूति केंद्र' का किया अवलोकन

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को भारत मंडपम में 'गति शक्ति अनुभूति केंद्र' का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस बात की जानकारी सोशल मीडिया मंच एक्स पर दी। उन्होंने एक्स पर लिखा कि केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल एवं राज्य मंत्री जितिन प्रसाद की गरिमामयी उपस्थिति में पीएम-गति शक्ति की कार्यप्रणाली और इसकी अब तक की उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच से शुरू हुई यह योजना आज देश में बुनियादी ढांचे के विकास को नई रफ़्तार दे रही है। सीएम ने कहा कि गति शक्ति योजना जितनी बड़ी है, उतना ही प्रभावशाली और आधुनिक उसका प्रस्तुतिकरण 'गति शक्ति अनुभूति केंद्र' में देखने को मिला।

### कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी तरह की बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी : मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा में कांवड़ यात्रा मार्ग पर कांच के टुकड़े बिखरे पाये जाने के कुछ दिनों बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को कहा कि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एक कार्यक्रम के दौरान गुप्ता ने कांवड़ यात्रा में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न करने के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा कि उनकी सरकार कांवड़ियों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर लगभग 400 मीटर तक कांच के टुकड़े बिखरे हुए पाए गए। किसी भी प्रकार की बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कांवड़ यात्रा में कोई सुरक्षा बाधा या रुकावट पैदा की जाती है तो संबंधित व्यक्ति को सरकार को जवाब देना होगा।

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427
आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

नियमित/संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती

नियमित/संविदा आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/05

| क्र.सं. | पद का नाम | रिक्ति | प्रकार |
|---|---|---|---|
| 1 | महाप्रबंधक (आईएस ऑडिट) | 01 | संविदा |
| 2 | एवीपी (आईएस ऑडिट) | 14 | संविदा |
| 3 | उप प्रबंधक (आईएस ऑडिट) | 18 | नियमित |

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/web/careers/current-openings** पर लॉग ऑन करें और ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करें तथा आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा करें. आवेदन करने और शुल्क जमा करने से पहले अपनी पात्रता एवं अन्य विवरण सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य जानकारी के लिए कृपया **"CONTACT US"** → **"Post Your Query"** लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो कि बैंक की अधिकृत वेबसाइट **(https://bank.sbi/web/careers/post-your-query)** पर उपलब्ध है.

- **आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 11.07.2025 से 31.07.2025 तक.**

**स्थान:** मुंबई
**दिनांक:** 11.07.2025
**महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)**

## खबर संक्षेप

### सावन के पहले सोमवार शिव मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़, बारिश में भी डटे रहे श्रद्धालु

**नई दिल्ली।** सावन के प्रथम सोमवार को दिल्ली के छोटे बड़े मंदिरों में महादेव के उद्घोष के बीच शिव भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। एक तरफ मंदिरों के बाहर दर्शन की भारी भीड़ और दूसरी और झमाझम बारिश। लेकिन महादेव के भक्त बारिश में भी लाइनों में डटे रहे। सोमवार के प्रथम सोमवार के चलते बड़े व प्रसिद्ध मंदिरों के प्रबंधकों ने पहले ही सुरक्षा व सुविधा को लेकर लगभग पर्याप्त बंदोबस्त कर रखे थे। बड़े मंदिरों में शामिल चांदनी चौक का गौरी शंकर मंदिर, श्री कालकाजी शक्तिपीठ स्थित स्वयंभू महादेव मंदिर, दिल्ली गुरुग्राम रोड महिपालपुर स्थित करीब 100 फीट ऊंची भगवान शिव की मूर्ति वाले मंगल महादेव (बिरला कानन) स्थल, पांडव कालीन यमुना बाजार नजदीक नीली छतरी वाला महादेव मदिंर, वर्तमान में बुराड़ी-बख्तावरपुर रोड़ स्थित निर्माणाधीन केदारनाथ मंदिर, बुराड़ी स्थित पांडव कालीन खंडेश्वर महादेव मंदिर, प्रीत विहार गुफा वाला मंदिर, छतरपुर आद्या कात्यायनी मंदिर, झंडेवाला मंदिर आदि शामिल है। शिव भक्तों ने शिवलिंग पर फल, फूल,भांग धतूरा, मेवा मिष्ठान आदि अर्पित कर घर परिवार की खुशियों के लिए प्रार्थना की। बारिश के बावजूद लाइन में शिव भक्तों का कहना है कि जब महादेव हमारे लिए समुद्र मंथन से निकला विष पी सकते है तो क्या हम उनके दर्शन व जलाभिषेक के लिए बारिश में खड़े नहीं हो सकते।

### केरल नगर पालिका के प्रतिनिधिमंडल ने महापौर से की मुलाकात




**नई दिल्ली।** केरल की रामनाथुकारा नगर पालिका से 31 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह से दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) मुख्यालय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविक सेंटर में मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात का उद्देश्य एमसीडी द्वारा अपनाई गई ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों की जानकारी प्राप्त करना था। रामनाथुकारा नगर पालिका के प्रतिनिधिमंडल ने एमसीडी द्वारा साझा की गई विस्तृत जानकारी की सराहना की और कहा कि वे इन सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनी नगर पालिका में अपनाकर शहरी शासन को सुदृढ़ बनाने और सेवा वितरण को बेहतर करने का प्रयास करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में रामनाथुकारा नगर पालिका की चेयरपर्सन पुष्पा व पार्षदगण और वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे, जिन्होंने दिल्ली के महापौर और निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की। नेता सदन प्रवेश वाही भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। बैठक के दौरान, महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने दिल्ली नगर निगम की नागरिक सेवाओं की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विशेष रूप से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़ी रणनीतियों और चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि दिल्ली जैसे विशाल और सघन आबादी वाले नगर क्षेत्र में एमसीडी नवाचार, कार्यकुशलता और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से श्रेष्ठ नागरिक सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### सरकार के लिए अलार्म का काम करती है पीएसी समिति : विजेंद्र गुप्ता

**नई दिल्ली।** लोक लेखा समिति (पीएसी) और कैग सरकार के लिए एक अलार्म की तरह काम करती हैं, जिनका उद्देश्य सरकार को कार्रवाई के लिए प्रेरित करना और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। यह बात सोमवार को दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने मेघालय विधान सभा की लोक लेखा समिति के सदस्यों से मुलाकात के दौरान विधान सभा परिसर में कही। यह प्रतिनिधिमंडल 12 से 14 जुलाई 2025 तक हैदराबाद, विशाखापत्तनम और दिल्ली के अध्ययन दौरे पर है। अध्यक्ष ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए अंतर-विधायी संवाद और ज्ञान साझाकरण के प्रति उनके समर्पण की सराहना की। प्रतिनिधिमंडल में मेघालय विधानसभा के लोक लेखा समिति के अध्यक्ष चार्ल्स पायंगरॉप और सदस्य विधायक, लाहकमें रिंबुई, गेविन मिगुएल मायलियेम, रूपर्ट मोमिन रूपा एम. मारक, सेंगचिम एन. संगमा, जिमी डी. संगमा, इयान बोथम के. संगमा एवं बालाजिएद कूपर सिनरेम शामिल थे,जिनका उद्देश्य अन्य राज्य विधानमंडलों के साथ विचारों और सर्वोत्तम प्रक्रियाओं का आदान-प्रदान करना था। दिल्ली विधान सभा के उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट और लोक लेखा समिति के सभापति अजय महावर भी बैठक में उपस्थित थे। इस अवसर पर विजेंद्र गुप्ता ने मेघालय की जनसांख्यिकी और लोक लेखा समिति की संरचना के बारे में जानकारी ली।

### गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब में लिफ्ट का कार्य शुरू बुजुर्गों और दिव्यांगों को जल्द मिलेगी सुविधा



**नई दिल्ली।** गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब दिल्ली में आने जाने वाले बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए नई लिफ्ट की सुविधा देने के लिए निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इस अवसर पर दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीपीसी) के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और जनरल सेक्रेटरी सरदार जगदीप सिंह काहलों सहित अन्य मौजूद थे। इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष कालका ने बताया कि अरदास करके सेवा की शुरुआत की गई है। यह सेवा बाबा हरबंस सिंह कार सेवा की ओर से, बाबा बचन सिंह , बाबा सुरिंदर सिंह , बाबा सतनाम सिंह और साथियों की देखरेख में पूरी की जाएगी। गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब वह स्थान है जहां गुरु तेग बहादुर साहिब का अंतिम संस्कार किया गया था। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक और पवित्र स्थल के दर्शन के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में संगत आती है। उन्होंने बताया कि बुजुर्गों, दिव्यांगों और अन्य जरूरतमंद लोगों को, गुरु महाराज का स्थान ऊँचाई पर होने के कारण, सीढ़ियाँ चढ़ने में कठिनाई होती है। इस समस्या को देखते हुए कमेटी ने निर्णय लिया कि संगत की सुविधा के लिए यहाँ लिफ्ट लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि लिफ्ट ग्राउंड फ्लोर से ही शुरू होगी, जिससे व्हीलचेयर पर आने वाले श्रद्धालुओं को भी सुविधा मिलेगी। बाबा बचन सिंह की अगुवाई में यह सेवा जल्द से जल्द शुरू करने का कार्य आरंभ किया गया है। उन्होंने संगत से अपील की कि इस अमूल्य सेवा में वे बाबा जी को भरपूर सहयोग दें, ताकि यह कार्य शीघ्रता से पूरा किया जा सके।

हरियाणा सरकार
पीएम इंटर्नशिप

"पीएम इंटर्नशिप योजना हमारे युवाओं को सशक्त बनाने और भविष्य के लिए तैयार कार्यबल बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।"
- नरेन्द्र मोदी

सुगम रजिस्ट्रेशन के लिए
PM Internship पोर्टल

आपके पास है मौका

भारत की टॉप 500 कंपनियों से जुड़ने का और सीखने का

12 महीनों की इंटर्नशिप जिसमें आप ऑटोमोटिव, एनर्जी, मैन्युफैक्चरिंग जैसे 25 क्षेत्रों में प्रशिक्षण ले सकते हैं

रियल वर्ल्ड एक्सपीरियंस जो आपके प्रोफेशनल नेटवर्क को मजबूत करेगा

₹5000 की मासिक इंटर्नशिप राशि तथा ₹6000 का वन टाइम ग्रांट भी

अधिक जानकारी के लिए टोल-फ्री नं. 1800 116 090

रजिस्ट्रेशन के लिए जाएं: pminternship.mca.gov.in
या QR कोड स्कैन करें और जानें युवा साथियों के अनुभव

निदेशालय, कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण, हरियाणा

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipharyana
सूचना एवं जन संपर्क विभाग, हरियाणा के Whatsapp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

खबर संक्षेप

### देवताओं का नाम लेकर नकल न करें भक्तगण



**फरीदाबाद।** सावन के पहले सोमवार के अवसर पर श्री लक्ष्मी नारायण दिव्यधाम श्री सिद्धदाता आश्रम में भगवान शिव का सविधि पूजन संपन्न हुआ। पूजन के बाद अधिपति जगदगुरु स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज ने कहा कि लोगों में भगवान की नकल करने का भाव देखने में आ रहा है। लोग देवी देवताओं का नाम लेकर पाप कर्म करते हैं ।

### मानव सेवा समिति ने लगाए पीपल, बड़, नीम के पौधे

**फरीदाबाद।** मानव सेवा समिति ने पौधा लगाओ, उसे पेड़ बनाओ अभियान जारी रखते हुए सावन के



पहले सोमवार को हनुमान मंदिर में त्रिवेणी पीपल बड़ नीम के पौधे लगाए। मंदिर के प्रधान सतबीर सिंह चाहर व पर्यावरण सेल की प्रभारी प्रतिमा गर्ग के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया। इस दौरान अध्यक्ष कैलाश शर्मा, कोषाध्यक्ष राजेंद्र गोयनका, चेयरमैन प्रोजेक्ट संजीव शर्मा आदि मौजूद रहे।

### 25 लाख की ठगी करने वाला गिरफ्तार

**गुरुग्राम ।** साइबर क्राइम वेस्ट थाना पुलिस ने स्टॉक मार्केट में निवेश कराकर 25 लाख रुपए की



ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से एक मोबाइल बरामद किया है। पुलिस आगामी कार्रवाई के लिए आरोपी को अदालत में पेश करेगी। एक व्यक्ति ने 2 जुलाई को साइबर क्राइम वेस्ट थाना पुलिस में मुनाफा कराने का लालच देकर 25 लाख रुपए ठगी करने की शिकायत दी थी। जिस पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी।

### युवक का अपहरण कर बेरहमी से मारपीट

**फरीदाबाद।** सेक्टर-सात-आठ के चौक से युवक को दोस्त कार में अगवा कर ले गए और उसके



साथ जमकर मारपीट की। उसे सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया है। रेनू ने बताया कि उसका बेटा आकाश पटेल 12 जुलाई को ड्यूटी गया था। जब वह आधी रात के बाद डेढ़ बजे अपनी ड्यूटी समाप्त कर घर लौट रहा था तो वह सेक्टर-सात-आठ के चौक पर पेड़ों के नीचे खड़ा था, तभी कुछ लड़कों ने बेटे को अगवा कर ले गए।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**गुरुग्राम ।** फर्रुखनगर एरिया में तेज रफ्तार वाहन वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई।



युवक अपने दोस्त दोस्त के फर्रुखनगर आया था। हादसे में युवक का दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां से उसे पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। पुलिस ने पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए शहर के सामान्य अस्पताल में भिजवाया और जांच शुरू कर दी। है।

### इंवेस्ट करा ठगी केस में अकाउंट बेचने वाला धरा

**गुरुग्राम ।** साइबर क्राइम साउथ थाना पुलिस ने स्टॉक ट्रेडिंग में निवेश कराकर ठगी करने के मामले में खाता बेचने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से एक मोबाइल बरामद किया है। अभी तक पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस मामले में आगामी कार्रवाई कर रही है।

# सावन के पहले सोमवार को दूधेश्वरनाथ मंदिर में शिव भक्तों का उमड़ा सैलाब

रविवार रात दस बजे से ही भगवान शिव के जलाभिषेक और दर्शन के लिए श्रद्धालु मंदिर परिसर में जुटने लगे थे। श्रद्धालुओं की लाइन घंटा घर तक पहुंच गई। इस दौरान श्रद्धालु भगवान शिव का उदघोष करते रहे। इस दौरान कड़े सुरक्षा बंदोबस्त किए गए थे। रात्रि में 12 बजे मंदिर के कपाट खोल दिए गए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

सावन के पहले सोमवार को ऐतिहासिक पीठ दूधेश्वरनाथ मंदिर में शिव भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए मंदिर के बाहर लंबी-लंबी कतारें लग गयी। मंदिर में महंत नारायण गिरी ने सबसे पहले भगवान शिव का जलाभिषेक किया।

रात्रि में दस बजे से ही भगवान शिव के जलाभिषेक और दर्शन के लिए श्रद्धालु मंदिर परिसर में जुटने लगे थे। श्रद्धालुओं की लाइन घंटा घर तक पहुंच गई। इस दौरान श्रद्धालु भगवान शिव का उदघोष करते रहे। इस दौरान कड़े सुरक्षा बंदोबस्त किए गए थे। रात्रि में 12 बजे मंदिर के कपाट खोल दिए गए। खासबात ये रही कि श्रद्धालु उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, राजस्थान, गुजरात, तमिलनाडु आदि राज्यों से पहुंचे।

**कड़े सुरक्षा बन्दोबस्त के बीच हुआ जलाभिषेक**



### पुलिस बल व स्वयंसेवकों की तैनाती रही

मंदिर के मीडिया प्रभारी एसआर सुथार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सुरक्षा व सेवाओं के विशेष प्रबंध किए गए हैं। परिसर और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस बल व स्वयंसेवकों की तैनाती, सीसीटीवी निगरानी, जल व चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित की गई।
पटेल नगर स्थित प्राचीन मंदिर के महंत विजय गिरि महाराज के सानिध्य में सुबह 4 बजे से ही जलाभिषेक शुरू हो गया। सबसे पहले महंत जी ने शिवलिंग का पूजन व अभिषेक किया, उसके बाद मंदिर भक्तों के लिए खोल दिया गया।

## साधु-संतो व श्रद्धालुओं का मंदिर कमेटी ने स्वागत किया

# कड़ी सुरक्षा के बीच बृज मंडल जलाभिषेक यात्रा शुरू, ढाई हजार पुलिसकर्मी तैनात

गुरुग्राम से लगभग 50 किलोमीटर दूर नूंह स्थित नल्हड़ महादेव मंदिर से शुरू हुई जहां से श्रद्धालु फिरोजपुर झिरका स्थित झीर मंदिर जाएंगे। सुरक्षा के लिए 2500 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

नूंह में नल्हड़ महादेव मंदिर से सोमवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बृज मंडल जलाभिषेक यात्रा शुरू हो गई। लगभग 80 किलोमीटर लंबी यह यात्रा गुरुग्राम से लगभग 50 किलोमीटर दूर नूंह स्थित नल्हड़ महादेव मंदिर से शुरू हुई जहां से श्रद्धालु फिरोजपुर झिरका स्थित झीर मंदिर जाएंगे। सुरक्षा के लिए 2500 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने मंदिर परिसर में मीडिया से चर्चा में बताया कि मंदिर में आने वाले सभी सम्मानित साधु-संतो व श्रद्धालुओं का मंदिर कमेटी द्वारा स्वागत किया जा रहा है। यात्रा मार्ग पर करीब 60 से अधिक विभिन्न स्थानों पर सभी धर्मों के लोग इस यात्रा का भव्य



स्वागत करेंगे। मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 100 से अधिक वॉलिंटियर सेवा में जुटे हैं। यह वालंटियर पहली बार लगाए गए हैं। जिलाभिषेक यात्रा के प्रति लोगों में उत्साह है और काफी संख्या में लोग मंदिरों में जोश व उत्साह के साथ पहुंच रहे हैं। उपायुक्त ने बताया कि सभी मंदिरों में ड्रोन व वीडियो कैमरा आदि की मदद से हर स्थिति पर नजर रखी जा रही है। महत्वपूर्ण स्थानों पर व्यापक स्तर पर पुलिस बल तैनात है। तावडू में शरारती तत्वों द्वारा की गई मजार की घटना के मामले में मौके पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। वहां पर पूर्ण रूप से शांति है ।

### केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही ध्यान दें श्रद्धालु

उन्होंने कहा कि जलाभिषेक यात्रा के सफल संचालन के लिए सभी स्तर पर जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। उन्होंने जिला वासियों से अनुरोध किया कि वह यात्रा के संबंध में किसी भी प्रकार की न तो अफवाह फैलाएं और न ही अन्य लोगों की अफवाहों पर ध्यान दें। इस संबंध में केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही ध्यान दें।

### बृज मंडल जलाभिषेक यात्रा से पहले मजार क्षतिग्रस्त

यात्रा शुरू होने से पहले एक मजार को क्षतिग्रस्त किए जाने की घटना सामने आयी थी. पुलिस ने सोमवार को बताया कि नूंह के तावडू कस्बे में बृज मंडल जलाभिषेक यात्रा से पहले एक मजार को क्षतिग्रस्त किए जाने की घटना सामने आई है। अधिकारियों ने बताया कि रविवार रात हुई तोड़फोड़ की इस घटना के जिम्मेदार लोगों के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है।

इस मार्ग पर मारपीट की वारदातें हुई थी

# मेरठ रोड एनएच 34 हुआ वन वे केवल कावड़िए ही चल सकेंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

कावड़ यात्रा को सुरक्षित एवं कुशल संपन्न कराने की नीयत से पुलिस ने गाजियाबाद से मेरठ तक जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 34 को वन वे कर दिया है । सोमवार से इस रोड की एक साइड पर केवल कांवड़ियों का ही आवागमन होता है। पिछले दो-तीन दिनों से इस मार्ग पर मारपीट की वारदातें हुई थी इसके बाद पुलिस ने यह निर्णय लिया है और घोषित कार्यक्रम के तहत निर्णय हुआ है एडीसीपी यातायात सच्चिदानंद ने बताया कि काँवड़ यात्रा के दौरान काँवड़ियों की सुरक्षा/काँवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराये जाने एवं गाजियाबाद के आम जनमानस को सुगम यातायात उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस ने एनएच-34 (पूर्व में एनएच-58) पर बढ़ती कांवड़ियों की संख्या को दृष्टिगत रखते हुए सोमवार से एनएच-34 को कादराबाद बॉर्डर (थाना क्षेत्र मोदीनगर) से मेरठ तिराहा (थाना क्षेत्र नंदग्राम) के मध्य एकल मार्ग (वन वे) कर दिया गया है।

### अतिरिक्त यातायात पुलिस बल नियुक्त किया गया

अब इस मार्ग पर मार्ग पर दिनांक 23जुलाई तक मेरठ से आने वाली लेन को केवल कांवड़ियों के लिए आरक्षित कर दिया गया है। इस लेन में किसी भी प्रकार का वाहन आवागमन नहीं कर सकेगा । गाजियाबाद से मेरठ की ओर जाने वाली लेन में ही दोनों ओर का यातायात आवागमन करेगा । प्लान को प्रभावी ढंग से लागू कराए जाने के लिए इस रुट पर अलग से अतिरिक्त यातायात पुलिस बल नियुक्त किया गया है ।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शक्ति उर्फ गोलू पुत्र श्री राजेश कुमार, निवासी मकान नंबर जी–3/10, मंगोलपुरी, दिल्ली** ने **FIR No. 689/2019, U/S 394/411/34 IPC, अन्तर्गत थाना राज पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शक्ति उर्फ गोलू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शक्ति उर्फ गोलू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 689/2019, U/S 394/411/34 IPC, अन्तर्गत थाना राज पार्क, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **शक्ति उर्फ गोलू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**सुश्री इब्बानी अग्रवाल**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03**
**उत्तर–पश्चिम, कोर्ट नंबर 107, प्रथम तल**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**
**DP/9116/OD/2025(Court Matter)**

वि. मोटार अपघात दावा न्यायाधिकरण मंगरुळपीर तथा जिल्हा व सत्र न्यायाधिश–१ अति. सत्र न्यायाधीश मंगरुळपीर यांचे न्यायालयात

**जाहीर नोटीस**

प्रोसेस नं. ५६/२०२५ दिनांक : २२/०४/२०२५
मोटार अपघात प्र.क्रं.५९/२०१४ चौ.ता.: ०८/०५/२०२५

अर्जदार:– १) मुज्जफर मो. रफी, वय अं. २८ वर्ष, धंदा – मजुरी, रा. दरगा चौक, मंगरूळपीर, जि. वाशिम

......विरुध्द......

गैरअर्जदार:– १) नवदिपसिंग मालोकसिंग, वय : ४५ वर्ष, धंदा – व्यवसाय, रा. घर नं.६००, से. १७, गुडगांव, ता.जि. गुडगांव, राज्य–हरियागा.
२) एम/एस कपुर डिझेल गॅरेज प्रायव्हेट लि., वय : ४५ वर्ष, धंदा – व्यवसाय, रा. घर नं.६००, से. १७, गुडगांव, ता.जि. गुडगांव, राज्य–हरियागा.

ज्याअर्थी उपरोक्त उपरिनामित अर्जदार यांनी आपणाविरुध्द मोटार वाहन कायदा १९८८ चे कलम १६६ नुसार रक्कम रुपये १,००,०००/– (एक लक्ष रुपये फक्त) नुकसान भरपाई मिळण्याकरीता या न्यायालयाकडे अर्ज सादर केला आहे. यापूर्वी या न्यायालयाव्दारे नोटीस पाठवून सुध्दा ती नाटीस तामिल होउ शकलेली नाही. त्याअर्थी, याव्दारे आपणांस जाहीर नोटीसव्दारे फर्मविण्यात येत आहे की, तुम्ही सदर अर्जाविरुध्द कारण दाखाविण्याकरीता दिनांक ०५/०८/२०२५ रोजी सकाळी ११ वाजता या न्यायालयात व्यक्तिगत किंवा रितसर निर्दिष्ट केलेल्या वकिलामार्फत हजर व्हावे, तसे न केल्यास उक्त अर्जाची एकतर्फी सुनावणी होवून निकाल दिला जाईल. त्याअर्थी अर्जदारांनी केलेल्या अर्जास इतर कोणाचेही काहीही म्हणणे अगर तक्रारी असल्यास ही नोटीस प्रसिध्द झाल्यापासून ३० दिवसाच्या आत वि. न्यायालयासमक्ष लेखी स्वरुपात सादर कराव्यात. सदर मुदतीनंतर कोणाचेही काहीही म्हणणे/आक्षेप अगर तक्रार नाही असे गृहीत धरुन सदरहू अर्ज हा कायद्याप्रमाणे निकाली काढण्यात येईल याची नोंद घ्यावी. आज दिनांक २२ माहे एप्रिल २०२५ रोजी माझ्या सहीने व न्यायालयाच्या शिक्क्यानिशी प्रसिध्दीस दिले आहे.

(शिक्का)

आदेशानुसार,
अधिक्षक
अति.जिल्हा व सत्र न्यायालय
मंगरूळपीर, जि. वाशिम

### स्वदेशी जागरण मंच द्वारा स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में 12 जून से नई दिल्ली से देश भर में प्रारम्भ हुए स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान के अंतर्गत एक कार्यक्रम सेक्टर-19 में प्रमुख समाजसेवी सीए जयकिशन की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

मुख्य वक्ता दीपक शर्मा प्रदीप ने अपने संबोधन में कहा कि हमें अपनी प्राथमिकता सदैव स्वदेशी उत्पादों को देनी चाहिए। उन्होंने श्चाहत से स्वदेशी, आवश्यकता से स्वदेशी और मजबूरी में ही विदेशी इस मंत्र को आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे छोटे दुकानदारों से ही सामान खरीदें। उन्होंने बताया कि हर वर्ष चीन से लगभग 7000 प्रकार की शून्य तकनीक की वस्तुएं आयात की जाती हैंए जिनका बहिष्कार आवश्यक है।

शर्मा ने बताया कि स्वदेशी जागरण मंच द्वारा प्रारम्भ अभियान का उद्देश्य गांव-शहर, गली, मोहल्ले व जन-जन तक स्वदेशी का संदेश पहुंचाना है। स्वदेशी के उपयोग में ही देश की सुरक्षा और स्वावलंबन की शक्ति निहित है। दुकानदारों से आग्रह किया गया कि वे अपनी दुकानों में स्वदेशी कोना बनाएं, जहां केवल स्वदेशी वस्तुएं ही उपलब्ध हों।

### फर्जी एफबी आईडी बनाकर धोखाधडी, काबू



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस के साइबर थाना की टीमों द्वारा साइबर अपराधियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है इसी कडी में नगर निगम फरीदाबाद, कमीशनर की फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर पैसे मांगने के मामले में साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने गिरोह का भांडाफोड करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

**सिध मैनेजमेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड**
**CIN: L65999DL1985PLC019846**
**पंजी. कार्यालय :** ई–253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट्स, 25, आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, नई दिल्ली–110092, फोन : **+011-22731509**
**Email: info@sidhmanagement.in Website: www.sidhmanagement.in**

**41वीं वार्षिक सामान्य बैठक, ई–वोटिंग और बुक क्लोजर की सूचना**

1. एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि एजीएम आयोजित करने की सूचना में विनिर्दिष्टानुसार बिजनेसेज के लिये कम्पनी की **इकतालीसवीं (41वीं)** वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) 06 **अगस्त 2025 (बुधवार) को पूर्वा. 11:00 बजे** ई–253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट्स, 25 आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, नई दिल्ली–110092 में आयोजित की जाएगी। कम्पनी वित्तीय वर्ष 2024–2025 हेतु वार्षिक रिपोर्ट सहित 41वीं एजीएम की सूचना 11.07.2025 को इलैक्ट्रोनिक मोड के माध्यम से केवल उन सदस्यों को भेज चुकी है जिनके ई–मेल पते कम्पनी अथवा रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट और डिपॉजिटरीज के पास पंजीकृत हैं।
सेबी (लिस्टिंग आब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 36(1)(बी) के अनुरूप, सटीक पथ, जहां वार्षिक रिपोर्ट उपलब्ध है, समेत वेब-लिंक वर्णित करते हुए पत्र उन सदस्य(ों) को भेजा जा रहा है जिनके ई–मेल पते या तो कम्पनी के पास अथवा किसी डिपॉजिटी पार्टिसिपेंट (एस)/कम्पनी के आरटीए के पास पंजीकृत नहीं है।
2. कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट 2024–2025, अन्य बातों के अलावा, **41वीं एजीएम** का व्याख्यात्मक विवरण और निहित सूचना कम्पनी की वेबसाइट पर www.sidhmanagement.in पर और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट्स यथा www.msei.in पर उपलब्ध है। इसकी एक प्रति सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) की वेबसाइट पर https://www.evotingindia.com/ पर भी उपलब्ध है।
3. कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2014, समय–समय पर संशोधित अनुसार के नियम 20 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 ('दि एक्ट') की धारा 108 और सेबी सरकुलर नं. SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/CIR/2024/133 दिनांक 03 अक्तूबर 2024 के साथ पठित सेबी (एलओडीआर) नियमनों, 2015 के नियमन 44 और एमसीए सामान्य सरकुलर नं. 9/2024 दिनांक 19 सितम्बर 2024 के अनुपालन में, कम्पनी एजीएम में सम्पादित किये जाने वाले बिजनेस के सम्बन्ध में एजीएम से पूर्व दूरस्थ ई–वोटिंग की सुविधा इसके सदस्यों को प्रदान कर रही है और इस प्रयोजन हेतु, कम्पनी इलैक्ट्रोनिक साधनों के माध्यम से वोटिंग को आसान बनाने के लिये सीडीएसएल को नियुक्त कर चुकी है।
दूरस्थ ई–वोटिंग हेतु विस्तृत निर्देश एजीएम की सूचना में दिये गये हैं। सदस्यों से निम्नलिखित को नोट करने का आग्रह किया जाता है :–
ए. दूरस्थ ई–वोटिंग सुविधा निम्नलिखित अवधि के दौरान उपलब्ध होगी :–

| | |
|---|---|
| **दूरस्थ ई–वोटिंग का प्रारम्भ** | **शनिवार, 02 अगस्त 2025 (पूर्वा. 9.00 बजे) से** |
| **दूरस्थ ई–वोटिंग का समापन** | **मंगलवार, 05 अगस्त 2025 (अप. 5.00 बजे) तक** |

इसके पश्चात मतदान हेतु दूरस्थ ई–वोटिंग मॉड्यूल **सीडीएसएल** द्वारा अयोग्य कर दिया जाएगा और उक्त तिथि और समय के पश्चात इलैक्ट्रोनिकली मतदान करने की अनुमति सदस्यों को नहीं दी जाएगी ;
बी. सदस्यों के वोटिंग अधिकार **बुधवार, 30.07.2025 ('कट–ऑफ तिथि')** के अनुसार कम्पनी की भुगतान की गई इक्विटी शेयर कैपिटल के उनके शेयर के अनुपात में होंगे। बैलेट पेपर के माध्यम से वोटिंग हेतु सुविधा एजीएम में उपलब्ध करवाई जाएगी और बैठक में उपस्थित होने वाले सदस्य, जो दूरस्थ ई–वोटिंग द्वारा अपना मत नहीं दे चुके हैं, बैलेट पेपर के माध्यम से बैठक में अपने अधिकार का उपयोग करने में सक्षम होंगे, परन्तु दोनों वोटिंग पर दिये गये मतों में से, गणना के प्रयोजन हेतु केवल ई–वोटिंग को गिना जाएगा।
सी. कोई व्यक्ति जिसका नाम कट–ऑफ तिथि के अनुसार सदस्यों के रजिस्टर में दर्ज है, केवल वही दूरस्थ ई–वोटिंग की सुविधा का लाभ प्राप्त करने का हकदार होगा ;
डी. कोई व्यक्ति जो सूचना के प्रेषण के पश्चात कम्पनी के शेयर अर्जन करता है और कम्पनी का सदस्य बनता है तथा कट–ऑफ तिथि के अनुसार शेयरधारण करता है, helpdesk.evoting@cdslindia.com पर एक आग्रह भेजकर दूरस्थ ई–वोटिंग हेतु लॉगइन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है अथवा सीडीएसएल द्वारा प्रदान किये अनुसार टोल फ्री नम्बर 1800 21 09911 पर सम्पर्क कर सकता है। यदि ई–वोटिंग के सम्बन्ध में आपके पास कोई प्रश्न अथवा मुद्दे हैं, आप बारम्बर पूछे जाने प्रश्न ("एफएक्यूज") और हैल्प सेक्शन के तहत www.evotingindia.com पर उपलब्ध ई–वोटिंग मैनुअल देख सकते हैं। कोई व्यक्ति जो कट–ऑफ तिथि के अनुसार सदस्य नहीं है, एजीएम की सूचना को केवल जानकारी के प्रयोजन हेतु माने ;
4. आगे सूचना दी जाती है कि दि एक्ट की धारा 91 और इसके तहत बनाये गये नियमों तथा सेबी (एलओडीआर) नियमनों, 2015 के नियमन 42 के अनुसरण में, कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स **बृहस्पतिवार, 31 जुलाई 2025 से बुधवार, 06 अगस्त 2025 तक (दोनों दिन मिलाकर) 41वीं एजीएम के प्रयोजन हेतु बंद रहेंगे।**

कृते सिध मैनेजमेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड
हस्ता/–
**दिनेश शर्मा**
**(प्रबंध निदेशक एवं सीईओ)**
**(डीआईएन : 07526355)**

**स्थान : दिल्ली**
**दिनांक : 14.07.2025**

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में गांव तल्हेड़ी रांगड़ान में राजकीय पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी का निर्माण। (नाबार्ड आरआईडीएफ-XXIX स्कीम के तहत)। | 10.07.2025 17.07.2025 | 25.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2631396 pwd-eepd2-ambala@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प अम्बाला | कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत अम्बाला सिटी निर्वाचन क्षेत्र में अम्बाला जिले में प्रांतीय मंडल सं. 1, लोनिवि भ व प शाखा, अम्बाला कैंट के तहत 4 अदद रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (रोड आईडी 115, 141 जमा 142, 4296 और 6159) (पी-1)। | 11.07.2025 21.07.2025 | 469.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में अम्बाला सिटी में जिला सामान्य हस्पताल की मरम्मत और पुनरोद्धार। | 10.07.2025 16.07.2025 | 54.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प कैथल | कैथल जिले में 7 अदद रोड का सुधार (आईडी 12058) (ओडीआर) (पुण्डरी निर्वाचन क्षेत्र) (कार्य कार्यक्रम 2025-26) कैथल जिले में पबनावा से पाबला रोड (आईडी 9490), कैथल जिले में कौल पाबला रोड (आईडी 6844), हजवाना से हाबरी निकट अकाल अकेडमी रोड (आईडी 12046), कैथल जिले में पाई रोड पुण्डरी से मांगे राम फार्म तक (आईडी 12050), कैथल जिले में पुण्डरी हाबरी से गामरी रोड (आईडी 6942), कैथल जिले में बदराना से गोंडर रोड (आईडी 12053) और कैथल जिले में जीएचएस सिरसाल से सिरसाल इचानपुर रोड + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 21.07.2025 | 998.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466390260 PWDEEPPD2KTL@GMAIL.COM |
| 5 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में नीलोखेड़ी निर्वाचन क्षेत्र में (ओडीआर कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत) 6 अदद रोड का A/¢ कार्य (1) सीकरी से बरसालू रोड (रोड आईडी-7390) पर 50 एमएम बीएम जमा 20 एमएम पीसी और 80 एमएम इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक सहित मजबूतीकरण, लंबाई 3.450 किमी। (2) लाम्रोन ऐप रोड (रोड आईडी -7393) पर डब्ल्यूबीएम जमा 50 एमएम बीएम जमा 20 एमएम पीसी सहित मजबूतीकरण, लंबाई 0.500 किमी। (3) जीटी रोड से अरजाहेड़ी (रोड आईडी 7405) पर डब्ल्यूबीएम जमा 20 एमएम पीसी सहित चौड़ा करना और मजबूतीकरण, लंबाई 0.600 किमी। (4) अमरगढ़ से सीकरी (रोड आईडी 8888) पर डब्ल्यूबीएम जमा 50 एमएम बीएम जमा 20एमएम पीसी सहित चौड़ा करना एवं मजबूतीकरण, लंबाई 1.000 किमी. (5) सीकरी से बुटाना (रोड आईडी-11103) पर डब्ल्यूएमएम जमा 50एमएम बीएम जमा 20एमएम पीसी सहित मजबूतीकरण, लंबाई 3.450 किमी. और (6) बैरसाल से बिरमाजरा (रोड आईडी 11108) पर डब्ल्यूएमएम जमा 50एमएम बीएम जमा 20एमएम पीसी सहित मजबूतीकरण, लंबाई 1.950 किमी. +1 कार्य | बंद होने की तिथि 21.07.2025 | 970.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प कैथल | कैथल जिले में डब्ल्यूपी 2025-2026 के तहत (पुण्डरी निर्वाचन क्षेत्र) 4 अदद रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण, (1) पिलनी से काकोट रोड (आईडी 10822), (2) पुण्डरी पिलनी रोड से काकोट (आईडी 7112), (3) पिलनी से पाई (आईडी 9504) (4) सिसमोर से पिलनी रोड (आईडी 9503)। | बंद होने की तिथि 25.07.2025 | 517.46 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896070157 pwd-eepd-kaithal@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में नीलोखेड़ी निर्वाचन क्षेत्र में (ओडीआर कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत) 9 अदद रोड पर सीसीबी / आईपीबी को पुनः बिछाने/ मजबूतीकरण का कार्य। (1) सीसीबी लम्बाई 0.800 कि.मी. को पुनः बिछाने जमा डब्ल्यूबीएम सहित केकेएसके रोड से मोहरी जागीर (रोड आईडी 7378) (2) सीसीबी लंबाई 0.150 किमी को पुनः बिछाने जमा डब्ल्यूबीएम सहित केकेएसके रोड से कोयर माजरा (रोड आईडी 7379) (3) सीसीबी लंबाई 0.230 किमी को पुनः बिछाने जमा डब्ल्यूबीएम सहित सेखपुरा रोड (रोड आईडी 7450), (4) सीसीबी लंबाई 0.450 किमी पर पुनः बिछाने जमा डब्ल्यूबीएम सहित झंझरी तरावड़ी रोड से गांव कुरक तक (रोड आईडी 7459), (5) आईपीबी लम्बाई 0.350 किमी पुनः बिछाने जमा डब्ल्यूबीएम सहित चोपड़ी ऐप रोड (रोड आईडी 7466) (6) सीसीबी और आईपीबी लंबाई 0.100 किमी पुनः बिछाने जमा डब्ल्यूबीएम सहित जोगी माजरा ऐप रोड (रोड आईडी 7467) (7) सीसीबी लंबाई 0.550 किमी पुनः बिछाने जमा डब्ल्यूबीएम सहित अप्रोच रोड से रेलवे स्टेशन तरावड़ी तक (रोड आईडी 8637), (8) लंबाई किमी और सीसीबी पुनः बिछाने जमा डब्ल्यूबीएम सहित कुरक जटपुरा रोड (रोड आईडी 9811) (9) आईपीबी लंबाई 0.170 किमी सहित बीर डंडारी मोड़ से हरिजन बस्ती तक (रोड आईडी 11345) चौड़ा करना और मजबूतीकरण। | बंद होने की तिथि 17.07.2025 | 63.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 8 | लोनिवि भ व प नरवाना | जीन्द जिले में (रोड आईडी 6746) (ओडीआर वीटी) नरवाना निर्वाचन क्षेत्र में धमतान से भुल्लां तक रोड के मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत। | 11.07.2025 21.07.2025 | 121.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज रेवाड़ी | ममारिया अहीर-ममारिया अहीर ब्लॉक खोल में जीएडी आयुष डिस्पेंसरी का निर्माण। | 10.07.2025 16.07.2025 | 43.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8307808589 prexeeng.rwr@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज करनाल | गांव भैणी खुर्द ब्लॉक नीलोखेड़ी, जिला करनाल में रिंकू पुत्र जीता राम के मकान से एमजीजीबीवाई कॉलोनी की समाप्ति तक नाले के निर्माण हतु आकलन, जैडपी + 3 कार्य। | 11.07.2025 31.07.2025 | 129.56 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज करनाल | गांव अमुपुर ब्लॉक निसिंग में एडब्ल्यूसी को पूरा करना + 3 कार्य। | 10.07.2025 19.07.2025 | 15.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 12 | पंचायती राज भिवानी | गांव प्रेमनगर ब्लॉक भिवानी, जिला भिवानी, हरियाणा में 25 बिस्तर वाले आयुर्वेदिक हस्पताल का निर्माण। | 11.07.2025 04.08.2025 | 803.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 13 | पंचायती राज सोनीपत | गांव खुबडू ब्लॉक गन्नौर में बदलू वाली चौपाल (सामान्य) का निर्माण। | बंद होने की तिथि 16.07.2025 | 22.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 14 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार, नूह में 12 अदद लिफ्टों (मेक ओरबिस) हेतु व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) के प्रावधान के लिए निविदा। | 16.07.2025 22.07.2025 | 21.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 15 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | एसएचकेएमजी जीएमसी नल्हार नूह में सीवेज ट्रांटमेंट प्लांट (एसटीपी) के व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) हेतु निविदा। | 14.07.2025 23.07.2025 | 50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 16 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मण्डी डबवाली | कालूआना – आरसीसी सम्प वैल, पम्प चेम्बर, शौचालय ब्लॉक का निर्माण, सम्प वैल तक आरसीसी पाइप चैनल, राइजिंग मेन, वितरण प्रणाली बिछाना, पम्पिंग मशीनरी की स्थापना, परिवारों को कनेक्शन की बहाली और अन्य विविध कार्य, सीएच. टू :- कालूआना :-रॉ वाटर डीआई राइजिंग मेन और कालूआना जलापूर्ति हेतु जलघर गोदीकां के अंदर सम्प वैल के निर्माण और गांव कालूआना जिला सिरसा में वितरण प्रणाली के मजबूतीकरण हेतु आकलन (जन संवाद के दौरान मांग) [पीयूएच/2023-24/120371]। | 11.07.2025 04.08.2025 | 182.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 17 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, चरखी दादरी | एलडब्ल्यूएस (एम) डिवीजन, चरखी दादरी में क्षमता में 02 सीएस के डीजल पम्प सैट्स की मरम्मत हेतु कार्य। | बंद होने की तिथि 16.07.2025 | 2.33 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 18 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, सिरसा | आरडी 87200–आर बनी डिस्टी. पर ओ/एल का पुनर्निर्माण, डब्ल्यू/सी क्रॉसिंग की मरम्मत और बनी डिस्टी. के आरडी 87200 पर क्षतिग्रस्त लाइनिंग पैच की मरम्मत। | बंद होने की तिथि 17.07.2025 | 3.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996665761 xensrs.swd@gmail.com |
| 19 | जिला एवं बाल विकास, सिरसा | एडब्ल्यूसीएस में एसएनपी की आपूर्ति और अन्य मदों का परिवहन कार्य। | 08.07.2025 28.07.2025 | 30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416084006 posrs.wcd@hry.nic.in |
| 20 | जिला परिषद सोनीपत | बडखालसा ब्लॉक राई में ब्लॉक पब्लिक हैल्थ यूनिट का निर्माण। | 10.07.2025 16.07.2025 | 41.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in/hewp | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2026/400/36586/I/88/7 दि. 14.07.25

सीएम ने कहा- हर बच्चे तक पहुंचे स्कूल की रोशनी

# उत्तर प्रदेश में स्कूल चलो अभियान को और प्रभावी बनाने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने कहा कि 06 से 14 वर्ष की आयु का एक भी बच्चा विद्यालय से वंचित नहीं रहना चाहिए, विद्यालय प्रबन्ध समिति (प्रधानाध्यापक व ग्राम प्रधान) इसे सुनिश्चित कराएं। इस दिशा में "स्कूल चलो अभियान" को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए ताकि कोई भी बच्चा स्कूल जाने से न छूटे।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्राथमिक शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में अहम पहल शुरू की है। यूपी में 'स्कूल चलो अभियान' को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बेसिक शिक्षा विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने राज्य में प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने, बच्चों की शत-प्रतिशत विद्यालयी उपस्थिति सुनिश्चित करने, संसाधनों के कुशल उपयोग तथा अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण के संबंध में कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए।

## डीबीटी के जरिए भेजा जाएगा पैसा

मुख्यमंत्री ने कहा कि 6 से 14 वर्ष की आयु का एक भी बच्चा विद्यालय से वंचित नहीं रहना चाहिए, विद्यालय प्रबन्ध समिति (प्रधानाध्यापक व ग्राम प्रधान) इसे सुनिश्चित कराएं। इस दिशा में ₹स्कूल चलो अभियान₹ को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए ताकि कोई भी बच्चा स्कूल जाने से न छूटे। मुख्यमंत्री ने परिषदीय विद्यालयों में प्रत्येक छात्र के अभिभावक के बैंक खाते में यूनिफॉर्म, जूता-मोजा, स्टेशनरी और पाठ्य सामग्री के लिए 1200 रुपए की सहायता राशि को डीबीटी के माध्यम से दिए जाने का निर्देश दिया है।

बैठक के दौरान सीएम योगी ने कहा कि यह कार्य पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ किया जाए ताकि लाभार्थियों को समय पर मदद मिल सके। सीएम ने विद्यालयों की पेयरिंग व्यवस्था को लागू किए जाने की



आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों तीनों के हित में है।इससे न केवल संसाधनों का बेहतर उपयोग होगा, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार सुनिश्चित किया जा सकेगा। जिन विद्यालयों में 50 से अधिक छात्र अध्ययनरत हैं, उन्हें स्वतंत्र विद्यालय के रूप में संचालित करने का निर्देश दिया गया, जिससे प्रशासनिक सुविधा, जवाबदेही और शैक्षणिक निगरानी और अधिक प्रभावी ढंग से की जा सके। पेयरिंग व्यवस्था के कारण खाली हुए विद्यालय भवनों को लेकर मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि वहां बाल वाटिकाएं/प्री-प्राइमरी स्कूल संचालित की जाएं। साथ ही, इन भवनों में आंगनबाड़ी केंद्रों को स्थानांतरित किया जाए ताकि शिशु शिक्षा का आधार सुदृढ़ हो और विद्यालय परिसरों का उपयोग बहुपर्यायी रूप से हो सके।

### शिक्षकों के खाली पदों को लेकर दी जानकारी

बैठक में शिक्षकों के रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी विद्यालयों में शिक्षक-छात्र अनुपात आदर्श स्थिति में होना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि रिक्तियों के सापेक्ष अधियाचन तत्काल भेजा जाए और नियुक्ति प्रक्रिया समयबद्ध ढंग से पूरी की जाए।

## खबर संक्षेप

### यूपी में बंद हो रहे स्कूल बढ़ रही शराब की दुकानें

**लखनऊ।** आप पार्टी यूपी प्रभारी और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने यूपी सरकार पर हमला बोला है।



बयान जारी करते उन्होंने योगी सरकार पर शिक्षा विरोधी मानसिकता रखने का गंभीर आरोप लगाया। कहा कि यह बेहद शर्मनाक है कि जिस प्रदेश में लाखों बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ते हैं, वहां हजारों स्कूल या तो बंद कर दिए गए हैं या जर्जर हालत में चल रहे हैं। दूसरी तरफ शराब की दुकानों की बाढ़ आई हुई है।

### झारखंड में चूहे पी गए 800 बोतल शराब!

**धनबाद।** झारखंड की नई शराब नीति के 1 सितंबर से लागू होने से एक महीना पहले आया है। नीति



लागू होने से पहले राज्य प्रशासन शराब के स्टॉक की जांच कर रहा है। इस दौरान भारतीय निर्मित विदेशी शराब के गायब स्टॉक को समझा पाने में असमर्थ व्यापारियों ने चूहों पर लगभग 800 बोतल शराब पीने का आरोप लगा दिया।

## बिहार में ऑन कैमरा बीएलओ ने कबूला, वीडियो वायरल

# वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने के लिए 40 रु घूस लेने वाले बीएलओ पर एफआईआर

एजेंसी ▶▶ गयाजी

बिहार में जारी वोटर लिस्ट रिवीजन के दौरान चौंका देने वाला मामला सामने आया है। जब वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने के लिए लोगों से अवैध उगाही की जा रही है। गया जी जिले के मानपुर प्रखंड के नौरंगा उर्दू विद्यालय में एक शिक्षक (बीएलओ) गौरी शंकर द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए ऑनलाइन 40 रुपए की रिश्वत ली। ये बात उसने ऑन कैमरा कबूल की। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि बीएलओ गौरीशंकर मतदाताओं से ऑनलाइन फॉर्म भरने के बदले 'चाय-पानी' के नाम पर खुलेआम पैसे वसूलते नजर आए। हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं हुई है।

बिहार में चल रहे वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन के दौरान घूसखोरी का मामला सामने आया है। गया जिले में वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने के लिए बीएलओ ने 40 रुपए की रिश्वत ली। जिसका वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासन ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है और विशेष गहन पुनरीक्षण के काम से हटा दिया है।

### नाम जोड़ने के नाम पर लोगों से रुपए लेना बड़ा अपराध



वीडियो वायरल होने पर बीडीओ वेद प्रकाश ने मुफस्सिल थाने प्राथमिकी दर्ज कराई है। बीडीओ ने बताया - मतदाता सूची में नाम जोड़ने के नाम पर लोगों से रुपए लेना बड़ा अपराध है। इसलिए बीएलओ पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार द्विवेदी ने बताया कि बीडीओ की लिखित शिकायत मिलने पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मानपुर ने बताया कि गौरीशंकर, सहायक शिक्षक, मध्य विद्यालय नौरंगा हिंदी को मतदान केन्द्र संख्या-119 का 234-वजीरगंज विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केन्द्र स्तरीय पदाधिकारी बनाया गया था।

### मतदान केन्द्र स्तरीय पदाधिकारी के प्रभार से मुक्त

जिसके बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी गयाजी शशांक शुभंकर ने गौरीशंकर (सहायक शिक्षक) को तत्काल प्रभाव से मतदान केन्द्र स्तरीय पदाधिकारी के प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। साथ ही आरोपी बीएलओ गौरीशकर के विरूद्ध मुफसिल थाना में प्राथमिकी संख्या-681/25 दर्ज की गई है। गौरीशंकर को निलंबन करने के लिए शासन के पास अनुशंसा की भेजी गई है।

### 15 दिन में माफी मांगें पप्पू यादव, रोहिणी आचार्य समेत इन नेताओं को भाजपा लीगल सेल का नोटिस

भाजपा लीगल सेल की ओर से सांसद पप्पू यादव, राजद चीफ लालू प्रसाद की पुत्री रोहिणी आचार्या, बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम समेत अन्य नेताओं को लीगल नोटिस भेजा गया है। नगर विकास मंत्री जीवेश मिश्रा के ऊपर नकली दवा को लेकर की गई टिप्पणी के मामले में यह नोटिस भेजा गया है। भाजपा लीगल सेल के समन्वयक आर दीक्षित ने सोमवार को पार्टी कार्यालय में मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि 15 दिनों के अंदर वे लोग माफी नहीं मांगते हैं, तो हमलोग कानूनी कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि जीवेश मिश्रा किसी भी दवा कंपनी के ना तो मालिक है ना उनका किसी तरह का उनसे संबंध है। गौरतलब है कि नीतीश सरकार में बीजेपी कोटे से मंत्री जिवेश कुमार उर्फ जीवेश मिश्रा नकली दवा मामले में दोषी करार पाए गए थे। राजस्थान की राजसमंद कोर्ट ने उन्हें 15 साल पुराने मामले में पिछले महीने दोषी करार दिया था। हालांकि, बाद में 7000 रुपए का जुर्माना भरवाकर सदाचार बनाए रखने की शर्त पर उन्हें छोड़ दिया गया। इस मामले पर सांसद पप्पू यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से जीवेश मिश्रा को बर्खास्त करने की मांग की थी। उन्हें नकली दवा माफिया बताया था।

## रेल, सड़क, आईटी की 7196 करोड़ का तोहफा

# मोतिहारी से पीएम मोदी करेंगे सौगातों की बरसात

एजेंसी ▶▶ मोतिहारी

आगामी 18 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार दौरे पर आ रहे हैं। मोतिहारी में पीएम नरेंद्र मोदी जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर वे बिहार को 7196 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात देंगे। इनमें सड़क एवं परिवहन राजमार्ग मंत्रालय की 1173 करोड़ की परियोजनाएं हैं। इसके अलावे इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की 63 करोड़ की परियोजनाएं हैं। सबसे अधिक रेलवे की 5398 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन होना है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 40 हजार लाभार्थियों को 162 करोड़ नकदी खाते में हस्तांतरित होगी। 12 हजार लाभार्थियों का गृह प्रवेश होगा। जबकि 61 हजार 500 स्वंय सहायता समूह को 400 करोड़ जारी किया जाएगा।

### नरेंद्र मोदी पीएम बनने के बाद 53 वीं बार आ रहे बिहार

बिहार में इसी साल नवम्बर तक चुनाव होने वाले हैं। इसे देखते हुए विभिन्न दलों के बड़े नेताओं का बिहार दौरा तेज हो चुका है। लोकसभा



में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी बार बार बिहार आ रहे हैं। नरेंद्र मोदी पीएम बनने के बाद 53 वीं बार बिहार आ रहे हैं। पीएम जब भी बिहार आते हैं, राज्य को करोड़ों की योजनाओं की सौगात देते हैं। इस बार मोतिहारी में भी वे 7196 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करने वाले हैं।

### भाजपा पूरी ताकत से तैयारी में जुटी

पीएम मोदी के बिहार दौरे से एनडीए में काफी उत्साह का माहौल है। खासकर भाजपा पूरी ताकत से इसकी तैयारी में जुट गई है ताकि इसमें अधिक से अधिक लोगों को जुटाया जा सके। जदयू के नेता और कार्यकर्ता भी पसीना बहा रहे हैं। महज 28 दिनों में पीएम फिर से बिहार आ रहे हैं। साल 2025 में वे छठी बार बिहार आने वाले हैं।

## पेज एक का शेष

### 'शुभ मंगल' की बेला...

बाद फिर से अंतरिक्ष में भागीदारी की है। शुभांशु और उनकी टीम ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में सवार हैं और अंतरिक्ष स्टेशन से अनडॉकिंग सोमवार शाम करीब 4:50 बजे (भारतीय समयानुसार) हुआ है। इसके बाद स्पेसक्राफ्ट 22 घंटे 25 मिनट की यात्रा के बाद यानी मंगलवार दोपहर 3:01 बजे आईएसटी पर कैलिफोर्निया के तट के पास समुद्र में स्प्लैशडाउन करेगा। यह पूरी प्रक्रिया स्वचालित होगी और उसमें किसी मैनुअल हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं होगी। वहीं स्पेसक्राफ्ट की अनडॉकिंग पर केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- शुभांशु, आपका स्वागत है! पूरा देश आपके घर वापस आने का बेसब्री से इंतजार कर रहा है... क्योंकि एक्सिओम-4 को सफलतापूर्वक अनडॉक करने के बाद आप अपनी वापसी यात्रा शुरू कर रहे हैं।

**विदाई समारोह में बोले शुभांशु- जल्द धरती पर मिलेंगे:** रविवार को आईएसएस पर एक्सपीडिशन-73 मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों ने एक्सिओम-4 मिशन दल के लिए विदाई समारोह आयोजित किया। इस मौके पर शुभांशु शुक्ला ने कहा कि जल्दी ही धरती पर मुलाकात करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें इस यात्रा की शुरुआत में इतना कुछ अनुभव होगा, इसकी कल्पना नहीं थी। यह यात्रा उनके लिए अविस्मरणीय रही। शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष से भारत की तस्वीर पर बात करते हुए कहा कि साल 1984 में राकेश शर्मा ने जो भारत देखा, उसके बाद अब हम देख रहे हैं कि आज का भारत महत्वाकांक्षी, निडर, आत्मविश्वासी और गर्व से भरा हुआ दिखता है। यही कारण है कि मैं आज भी कह सकता हूं 'सारे जहां से अच्छा है हमारा भारत'। उनका यह बयान भारत की बदलती अंतरिक्ष ताकत को भी दर्शाता है।

**इसरो ने 550 करोड़ रुपए खर्च कर भेजा था अंतरिक्ष**

इस मिशन के लिए इसरो ने लगभग 550 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। यह मिशन इसरो के मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम 'गगनयान' के लिए मील का पत्थर माना जा रहा है, जिसे 2027 में लॉन्च किया जाना है। शुक्ला का यह अनुभव उस मिशन की तैयारी में बेहद उपयोगी साबित होगा। शुभांशु शुक्ला की यह यात्रा सिर्फ एक मिशन नहीं, बल्कि भारत की नई अंतरिक्ष पहचान का प्रतीक है। वे न केवल आईएसएस जाने वाले पहले भारतीय बने, बल्कि उन्होंने यह दिखा दिया कि भारत अब अंतरिक्ष अन्वेषण की अग्रणी दौड़ में शामिल हो चुका है। उनकी वापसी का हर भारतीय को बेसब्री से इंतजार है।

**शुभांशु ने 18 दिन में किए कई उल्लेखनीय कार्य**

**60 वैज्ञानिक प्रयोग :** मिशन के दौरान 60 से ज्यादा वैज्ञानिक प्रयोगों में हिस्सा लिया। इनमें भारत के सात प्रयोग शामिल थे। उन्होंने मेथी और मूंग के बीजों को अंतरिक्ष में उगाया। स्पेस माइक्रोएल्गी' प्रयोग में भी हिस्सा लिया। अंतरिक्ष में हड्डियों की सेहत पर भी प्रयोग किए।

**प्रधानमंत्री मोदी से की बात :** 28 जून 2025 को शुभांशु ने आईएसएस से पीएम नरेंद्र मोदी के साथ लाइव वीडियो कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष से भारत बहुत भव्य दिखता है। पीएम ने पूछा कि आप गाजर का हलवा लेकर गए हैं। क्या साथियों को खिलाया। इस पर शुभांशु ने कहा- हां साथियों के साथ बैठकर खाया।

**छात्रों से संवाद :**3, 4 और 8 जुलाई को उन्होंने तिरुवनंतपुरम, बेंगलुरु और लखनऊ के 500 से अधिक छात्रों के साथ हैम रेडियो के जरिए बातचीत की। इसका मकसद युवाओं में स्टीम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) के प्रति रुचि बढ़ाना था।

**इसरो के साथ संवाद :** 6 जुलाई को उन्होंने इसरो के चेयरमैन डॉ. वी. नारायणन और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत की, जिसमें उनके प्रयोगों और भारत के गगनयान मिशन के लिए उनके योगदान पर चर्चा हुई।

**पृथ्वी की तस्वीरें :** शुभांशु ने आईएसएस के कपोला मॉड्यूल से पृथ्वी की शानदार तस्वीरें खींचीं, जो सात खिड़कियों वाला एक खास हिस्सा है।

### धरती पर लौटने ....

में लाने के लिए यह जरूरी है। इस पूरी प्रक्रिया को वैज्ञानिकों की निगरानी में किया जाएगा।

### ट्रेन के सभी...

मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू द्वारा उत्तर रेलवे में प्रायोगिक तौर पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के लाभों की समीक्षा के बाद लिया गया। मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, यात्री गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए सीसीटीवी कैमरे मुख्य रूप से दरवाजों के पास, सामान्य आवागमन वाले क्षेत्रों में लगाए जाएंगे।

### ट्रेन में सीसीटीवी...

उपनगरीय ट्रेनें शामिल हैं। भारतीय रेलवे से प्रतिदिन लगभग 2.4 करोड़ यात्री सफर करते हैं। सीसीटीवी कैमरे चोरी, छेड़छाड़, उत्पीड़न और अन्य आपराधिक गतिविधियों को रोकने में मदद करते हैं। आपात स्थिति जैसे चिकित्सा आपातकाल, आग या कोई दुर्घटना होने पर सीसीटीवी फुटेज घटना की स्थिति को समझने और अधिकारियों को त्वरित और प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देने में मदद कर सकता है।

### विधानसभा के सुझावों ...

लेकर देश की दूसरी विधानसभा अध्यक्षों को भी पत्र लिखकर उनके सुझाव मंगाए जाएंगे। समिति की अगली बैठक राजस्थान में आहूत होगी। इस बैठक में समिति के दायित्वों, कार्यकलापों आदि पर विचार किया जाएगा। इस तरह की दो-तीन और बैठकें होंगी। राजस्थान में होने वाली बैठक का समय व तारीख की घोषणा बाद में की जाएगी। दरअसल, लोकसभा अध्यक्ष ने पिछले दिनों राज्य विधानसभाओं में गठित समितियों की बैठक आहूत कर समीक्षा करने को कहा था। इसके लिए मप्र विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर को अध्यक्ष बनाया गया था। इस समिति की यह पहली बैठक आयोजित की गई है। बैठक में अध्यक्ष तोमर ने कहा कि समिति प्रणाली की समीक्षा के लिए गठित पीठासीन अधिकारियों की समिति की यह प्रथम बैठक हुई है। उन्होंने कहा कि हमारे देश की लोकतांत्रिक प्रणाली में संसद एवं विधानसभाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। संसद या विधानसभा के सत्रों में जितनी सूक्ष्म निगरानी की जरूरत होती है, वह सत्र में संभव नहीं हो पाता है। इसलिए समितियों के गठन की प्रणाली को शुरू किया गया है।

**बैठक में इन राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष हुए शामिल:** इस बैठक में मप्र समेत सात राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष शामिल हुए। इसमें उत्तरप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना, राजस्थान के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, हिमाचल अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, सिक्किम अध्यक्ष मिंगमा नोरबू शेरपा, ओडिशा विधानसभा अध्यक्ष श्रीमति सुरमा पाढ़ी एवं पश्चिम बंगाल विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी शामिल हुए। बैठक में सभी संबंधित राज्यों की विधानसभा के प्रमुख सचिव एवं अन्य अधिकारी शामिल हुए। बैठक में विधानसभा की समिति के सुदृढ़ीकरण एवं जनकल्याण में उनकी भूमिका को बढ़ाने पर गहनता से विचार किया गया।

### भारत का आतंकवाद के मामले...

बीच 2020 के मध्य में हुए एलएसी विवाद के संबंध में तनाव घटाने के लिए 'डी-एक्सलेशन' (सीमा पर तनाव को कम करना) पर ध्यान केंद्रित पर बल दिया। दोनों के बीच वैश्विक और घरेलू मुद्दों पर भी चर्चा हुई। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने 14 जुलाई को एक बयान जारी कर दी। बताते चलें कि विदेश मंत्री डॉ.जयशंकर एससीओ के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए चीन की यात्रा पर हैं। इससे पहले उन्होंने सिंगापुर का दौरा किया था। चीन के विदेश मंत्री से पहले जयशंकर ने चीन के उप-राष्ट्रपति हान झेंग के साथ मुलाकात की थी।

**शीर्ष नेतृत्व की बातचीत के बाद संबंधों में सुधार :** जयशंकर ने कहा कि रूस के कजान में अक्टूबर-2024 में हुई दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों (पीएम मोदी और राष्ट्रपति जिनपिंग) की बैठक के बाद के नौ महीने में संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में हम अच्छी प्रगति के साथ आगे बढ़ रहे हैं। आगे भी इस गति को जस का तस बनाए रखने की जिम्मेदारी भी हमारी है। शीर्ष स्तर पर हुई बातचीत का परिणाम सीमा पर तनाव वाले इलाकों के समाधान के रूप में निकला है और अब हमें इस शांति और सौहार्द को बनाए रखना है। क्योंकि यही हमारे आपसी सामरिक विश्वास और द्विपक्षीय संबंधों के सहज विकास का मूलभूत आधार है। साथ ही इसी दौरान हमें सीमा से जुड़े अन्य विषयों पर भी ध्यान केंद्रित करना चाहिए। जिसमें सीमा पर तनाव घटाना (डी-एक्सलेशन) शामिल है।

**लोगों के बीच बढ़ेगा सहयोग, मजबूत होंगे संबंध :** डा.जयशंकर ने कहा कि एक पड़ोसी और दुनिया की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं होने के नाते हमारे संबंधों के कई तथ्य और आयाम हैं। ऐसे में दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने के लिए किया जाने वाला आदान-प्रदान परस्पर लाभकारी सहयोग में भी मजबूती से योगदान दे सकता है। 2025 में दोनों देश अपने कूटनीतिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ के तौर पर मना रहे हैं। पांच साल के बाद कैलाश मानसरोवर यात्रा की पुनः शुरुआत का हम स्वागत करते हैं। इस मामले में चीनी पक्ष से मिले सहयोग के लिए उन्होंने धन्यवाद दिया।

### निर्माण कार्यों में तेजी...

प्रतिवर्ष होगी। इसमें 14,907 कारों तथा 3,305 ट्रकों/ट्रॉलियों की पार्किंग की सुविधा होगी। साथ ही 17 मार्केटिंग एवं ट्रेडिंग शेड और 13 अन्य आधुनिक इमारतें भी तैयार की जाएंगी। उन्होंने निर्देश दिए कि संचालन समिति कार्य में तेजी लाए और किसानों को जल्द से जल्द इस परियोजना से लाभ मिलना सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने मंडी में सौर ऊर्जा को लेकर आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने अवगत कराया कि परियोजना के अंतिम चरण में 28 मेगावाट सोलर ऊर्जा की व्यवस्था की गई है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस क्षमता को और अधिक बढ़ाया जाए ताकि मंडी ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सके। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री ने रेनीवेल (पेयजल आपूर्ति) कार्य को शीघ्र आरंभ करने के निर्देश दिए ताकि मंडी में समय पर जल आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। उन्होंने सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त करने व मंडी से निकलने वाले वेस्ट वाटर का ट्रीटमेंट कर दोबारा उपयोग किए जाने के भी निर्देश दिए। इस मौके पर सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, विधायक कृष्णा गहलावत, देवेंद्र कादियान, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र बढ़खालसा, नगर निगम मेयर राजीव जैन, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के प्रधान सचिव पंकज अग्रवाल, हरियाणा अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी कॉरपोरेशन के मुख्य प्रशासक मुकुल कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### कनाडा में रथ यात्रा...

ठहराया जा सके। साथ ही भारत यह उम्मीद करता है कि कनाडा की सरकार लोगों के धार्मिक अधिकारों की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाएगी।

### नफरत फैलाने वाले...

द्वारा ये टिप्पणी उस याचिका पर सुनवाई करते हुए आई जो कि सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनोली के खिलाफ वजाहत खान नाम के शख्स ने दायर की थी। बेंच ने कहा कि नफरती भरे भाषणों के खिलाफ कार्रवाई जरूरी है, लेकिन ये भी सुनिश्चित करने की जरूरत होगी कि किसी की भी बोलने की आजादी को कुचला न जाए। लोगों को भी अभिव्यक्ति की अधिकार का महत्व समझना चाहिए। यह अधिकार बेशकीमती है। बेंच ने कहा कि लोगों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मूल्य समझना चाहिए। राज्य को हर बार बीच में आकर कार्रवाई करनी पड़े, ये स्थिति नहीं होनी चाहिए। हेट स्पीच जैसे कंटेंट पर कुछ नियंत्रण ज़रूरी है। आम नागरिकों को भी ऐसे कंटेंट को शेयर करने, प्रमोट या लाइक करने से बचना चाहिए।

### सभी बोइंग विमानों....

हुई एअर इंडिया विमान की भीषण दुर्घटना पर एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इंवेस्टीगेशन ब्यूरो (एएआइबी) की प्रारंभिक रिपोर्ट के बाद उठाया जा रहा है।

रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि दुर्घटनाग्रस्त विमान के दोनों इंजनों में ईंधन की आपूर्ति को नियंत्रित करने वाले दोनों फ्यूल कंट्रोल स्विच 'रन' से 'कटऑफ' स्थिति (चालू से बंद) में चले गये थे। बहुत संभव है कि इससे ही उक्त दुर्घटना हुई हो। डीजीसीए के सूत्रों का कहना है कि इस बारे में जल्द ही एक औपचारिक आदेश जारी किया जाएगा जिससे बोइंग 787 विमानों के फ्यूल कंट्रोल स्विच की लॉकिंग मैकेनिज्म की जांच अनिवार्य की जाएगी। वैसे डीजीसीए के इस बारे में फैसला करने से पहले ही एतिहाद और सिंगापुर एयरलाइंस जैसे कुछ अंतरराष्ट्रीय एयरलाइनों ने स्वैच्छिक तरीके से जांच शुरू कर दी है।

**पायलटों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह:** एतिहाद ने 13 जुलाई को अपने बोइंग 787 बेड़े के लिए एक इंजीनियरिंग वर्क इंस्ट्रक्शन जारी किया, जिसमें स्विच की लॉकिंग मैकेनिज्म की जांच और पायलटों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी गई। वैसे डीजीसीए ने एयर इंडिया विमान हादसे के बाद बोइंग 787 विमानों की विस्तृत निगरानी पहले ही शुरू कर चुका है, नया निर्देश इस दिशा में एक और कदम होगा।

### असीम घोष होंगे हरियाणा...

स्वीकार कर लिया है। राष्ट्रपति की ओर से लिए गए कई नए फैसलों के तहत ये नई नियुक्तियां की गईं।

**केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री रह चुके हैं राजू :** गोवा के भावी राज्यपाल आंध्र प्रदेश के विजयनगरम के शाही पुसापति परिवार में जन्मे अशोक गजपति राजू तेलुगु देशम पार्टी के एक वरिष्ठ नेता हैं। सात बार विधायक रहे राजू राज्य और राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर पद संभाल चुके हैं। 2014 में विजयनगरम लोकसभा सीट जीतने के बाद, राजू ने पहली मोदी कैबिनेट में लगभग चार वर्षों तक केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के रूप में कार्य किया। अंततः आंध्र प्रदेश के विशेष दर्जे को लेकर हुए विवाद के कारण उन्होंने इस्तीफा दे दिया। नागरिक उड्डयन मंत्री के रूप में राजू ने उड़ान क्षेत्रीय संपर्क योजना का समर्थन किया, कई एयर पोर्ट प्रोजेक्ट (राजमहेंद्रवरम और कडप्पा सहित) की शुरुआत की, व्यवधान खड़ा करने वाले यात्रियों के लिए नो-फ्लाई लिस्ट बनाई।

**13 साल की आयु में ही आरएसएस से जुड़ गए थे गुप्ता :** लद्दाख के अगले उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता बीजेपी के एक बड़े नेता है। आरएसएस पृष्ठभूमि से आते हैं। उन्होंने जम्मू-कश्मीर राज्य के अंतिम उपमुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। वे जम्मू-कश्मीर विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष भी रहे हैं और वह इस पद पर रहने वाले पहले बीजेपी नेता थे। इसके अलावा 2005 से 2010 तक जम्मू के महापौर रहे, जो एक रिकॉर्ड है। वे 13 साल की आयु में ही आरएसएस से जुड़ गए और आपातकाल के दौरान 13 महीने जेल में रहे। उन्होंने विश्व हिंदू परिषद की पंजाब इकाई के सचिव और भारतीय युवा मोर्चा की जम्मू-कश्मीर इकाई के प्रमुख के रूप में भी काम किया है।

## पॉक्सो एक्ट में फंसाने की धमकी भी दी

# अखिलेश यादव के भाई प्रतीक से करोड़ों की ठगी



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव भाई और उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव के पति प्रतीक यादव से निवेश के नाम पर करोड़ों की ठगी की गई। रुपयों की मांग पर जालसाज ने उन्हें पॉक्सो एक्ट में फंसाने की धमकी दी और बदनाम करने के लिए एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। विरोध पर उन्हें बदनाम करने की बात कहकर 5 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी। मामले में प्रतीक यादव ने चिहनट में रहने वाले आरोपित कृष्णानंद पांडेय के खिलाफ गौतमपल्ली थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। प्रतीक ने उनकी पत्नी और पिता पर भी जालसाजी में शामिल होने और धमकी का आरोप लगाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कृष्णानंद पांडेय से प्रतीक यादव की मुलाकात साल 2011-12 में हुई थी। कृष्णानंद ने रियल स्टेट नाम की कंपनी बनाई और निवेश के नाम पर प्रतीक यादव से ठगी की। प्रतीक सख्ती से पैसे मांगने पर आरोपी ने पॉक्सो एक्ट में फंसाने और फर्जी वीडियो वायरल करने की धमकी देना लगा। यहां तक कि इसके एवज में 5 करोड़ की रंगादारी भी मांगी। प्रतीक के मुताबिक जब लखनऊ का विस्तार हो रहा था तब शहीद पथ के आसपास कृष्णानंद ने जमीन खरीदने के लिए बोला था। कहा था कि आगे चलकर इस जमीन से ज्यादा मुनाफा होगा। 2015 में एक कंपनी का गठन हुआ जिसमें प्रतीक प्रमोटर के तौर पर शामिल हुए। तब उन्होंने कंपनी में निवेश किया।



सावन विशेष

# लोकरंग में बसा सावन

आ गया सुहाना सावन, मन को मोहने वाला सावन। सावन में रिमझिम बारिश और चहुंओर फैली हरियाली के बीच मन मयूर बनकर थिरक उठता है। एक नहीं अनेक रंग हैं सावन के। सावन की सिर्फ प्राकृतिक ही नहीं, धार्मिक महत्ता भी है। सावन में हम शिवजी की आराधना करते हैं। संपूर्ण परिवार के लिए मंगल कामना करते हैं।

आवरण कथा
अलका 'सोनी'

सावन शुरू होने का अर्थ है-गर्मी की भीषण तपन के बाद बारिश की शीतल फुहारों से राहत, चारों ओर बिखरी मनोहारी हरियाली, पक्षियों की चहचहाहट। कहते हैं, सावन में संसार के पालन का दायित्व भगवान शिव को सौंप दिया जाता है। उन्हें यह दायित्व सौंप कर श्रीविष्णु योग निद्रा में चले जाते हैं। इस तरह सावन का एक धार्मिक महत्व भी है।

### सावन में शिव उपासना का विशेष महत्व

सावन में शिव की आराधना होती है, इसका विशेष महत्व है, क्योंकि मां पार्वती ने भगवान शिव को वर रूप में पाने के लिए सावन माह में निराहार रहकर कठोर तपस्या की थी। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर शिवजी ने उन्हें मनचाहा वरदान दिया। इसलिए सावन के महीने में शिव भक्त व्रत रहकर, अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए सोमवार को शिवजी पर जलाभिषेक करते हैं। सुहागिनें भी सावन के महीने में हरी चूड़ियां, हरी साड़ी पहन कर शिवजी की पूजा करती हैं। अपनी संतान, घर-परिवार और अपने सुहाग के कल्याण के लिए वरदान मांगती हैं। इस तरह बारहों महीने में सावन का विशेष महत्व है।

### हर्षोल्लास का माहौल

सावन के आते ही प्रकृति ही नहीं वरन जीवन हरा-भरा हो उठता है। बागों में झूले पड़ जाते हैं। महिलाएं हाथों में मेहंदी रचाकर, सोलह श्रृंगार करके अपनी साखियों के साथ झूला-झूलती हैं। साथ ही रिमझिम फुहारों का भी आनंद लेती हैं। माहौल बहुत ही हर्षोल्लासमय हो जाता है।



### सावन के झूले

सावन में जगह-जगह पेड़ों पर झूले पड़ते हैं। झूला झूल कर मन प्रफुल्लित-उमंगित हो उठता है। किसी भी वजह से अगर आपको तनाव है तो झूला झूलना आपके लिए बेहतर उपक्रम है। झूला झूलने से बॉडी में हैप्पी हार्मोंस रिलीज होते हैं, जो मन को बेहतर बनाने में मदद करते हैं, हमें तनाव से उबारते हैं।

### दंपती भरते हैं प्यार की पेंगे

सावन में प्रिय से मिलन और उनके साथ झूला झूलने की भी रीति है। सावन माह में रिमझिम बारिश के बीच पेड़ों पर डले झूलों की पेंगें दंपती के बीच प्रेम बढ़ाती हैं। झूलों की पेंगें पति-पत्नी को एक अलग ही खुशनुमा एहसास देती हैं। झूले पर बैठी पत्नी यही चाहती है कि उसका पति उसे झुलाए और दोनों ही सावन का भरपूर आनंद लें।

### सावन में कजरी की मधुरता

सावन आते ही लोकगीत कजरी की बहार आ जाती है। शहर में विभिन्न सांस्कृतिक संस्थाओं के आयोजन से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में धान रोपती महिलाएं और झूलों पर पेंगें भरती युवतियां कजरी गाती हैं- *'हिंडलवा लागल हइ कदमवा भौजी/ चलहु झूले न पियवा सावन में विदेशवा ननदो, हिंडोलवा भावे न आवइ पानी के छिटकवा भौजी।'* आदि गीतों से ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ अलग ही छटा बिखरती है। कजरी लोकगीत ही ऐसा है, जिसे सुनने मात्र से तन-मन रसरंग में भीग उठता है। कजरी गीतों में वर्षा ऋतु के साथ प्रेम का वर्णन भी मिलता है। गायिका स्वाति निरखी कहती हैं, 'कजरी की शुरुआत देवी स्तुति से होती है। विरह वेदना के वर्णन के अलावा श्रृंगार कजरी, बारहमासा कजरी, चौमासा कजरी, ननद-भाभी और सास के रिश्ते में छेड़छाड़ को लेकर बनी कजरी भी खूब प्रचलन में है।'

### सावन के लोकरंग

सावन हमारे लोक-रंग में रचा-बसा है। इसके आने का इंतजार हम बेसब्री से करते हैं। करें भी क्यों ना, यह हरियाली की सौगात जो लेकर आता है, साथ में लेकर आता है ढेर सारे



त्योहार। इन्हीं दिनों आती है हरियाली तीज, गुड़िया और भाई-बहन के प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन। इन्हीं दिनों पानी भरे खेतों में रोपाई के लिए जाते कृषक भी दिखते हैं, तो कजरी गाती अल्हड़ युवतियों की सुरीली आवाज एक अलग समां बिखेरती है। हरी-भरी धरती पर बहते पानी में छपक-छपाक करते नटखट बच्चे भी दिखते हैं। इस तरह सावन अपने साथ जीवन के कई रंग लेकर आता है। हमारे भीतर नई ऊर्जा का संचार करता है।

*आप सभी को सावन की मंगलकामनाएं...*



### हाथों में रचती है मेहंदी

सावन के महीने में मेहंदी लगाने की परंपरा है। ऐसा कहा जाता है कि महिला के हाथों पर मेहंदी का रंग जितना गहरा होता है, उतना ही पति का प्यार उसे मिलता है। मेहंदी लगाने से न केवल हाथ खूबसूरत लगते हैं, यह स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। मेहंदी की महक और रंग इंसान के तनाव को कम करते हैं। मेहंदी की तासीर ठंडी होती है। भीषण गर्मी के बाद सावन के महीने में मेहंदी लगाने से शरीर को शीतलता मिलती है।

# रिश्तों की मजबूती के लिए जरूरी है संवाद

रिश्तों की मजबूती के लिए जरूरी है संवाद रिश्ता कोई भी हो, आपस में संवाद बहुत जरूरी है। इससे कभी कोई लतफहमी या मनमुटाव नहीं होता। आपसी संवाद से दूरी बढ़ जाती है। निरंतर संवाद से रिश्ते मधुर ही नहीं होते, मजबूत भी होते हैं।

सलाह
विजय सिंह चौहान



जहां रिश्तों की बुनियाद प्रेम-स्नेह पर टिकी होती है, वहीं इसे मजबूती और स्थायित्व आपसी संवाद देते हैं। संवाद वह अदृश्य डोर है, जो हमें आपस में बांधे रखती है, दूरियां नहीं बनने देती। जब आपस में संवाद नहीं रहता तो गलतफहमियां जन्म लेने लगती हैं, दूरियां बनने लगती हैं। रिश्तों की नींव दरकने लगती है।

### फैलता आभासी दुनिया का संजाल

आज के दौर में हमने तकनीक से भले ही नजदीकियां बनाई हैं, लेकिन सिर्फ इसी माध्यम से प्रेमपूर्वक रिश्तों में बंधे रहना मुश्किल है। आभासी दुनिया के इस संजाल से भले हम पूरी दुनिया से जुड़ रहे हों, लेकिन अपनों से कटते जा रहे हैं। एक ही घर में रहने वाले सदस्य अपने-अपने कमरों में बंद मोबाइल और लैपटॉप में उलझे रहते हैं। हंसी-ठहाके, शिकवे-शिकायतें, सवाल-जवाब, सुझाव और सलाह परिवारों में अब कम दिखती है। परिवार में आपसी संवाद अब मौन हो गए हैं।

### संवादों के अभाव में बन जाती हैं दूरियां

'कैसे हो?' यह आमने-सामने बैठकर पूछने के बजाय लोग व्हाट्सएप पर पूछ रहे हैं। मिलकर बैठकर बात करना, समय की बर्बादी समझा जाता है। हमें यह समझना चाहिए कि रिश्तों में दूरियां तब आती हैं, जब आपस में बातचीत ना हो। अकसर देखा गया है कि किसी से मनमुटाव का कोई बड़ा कारण नहीं होता, बस कोई छोटी सी बात होती है, लेकिन हम चुप्पी साधे रहते हैं और फिर संवादों के अभाव में दूरियां बन जाती हैं। चुप्पी संबंधों को भीतर ही भीतर खोखला कर देती है। अंततः संबंध बिखर जाते हैं, जबकि संवादों के माध्यम से संबंध सहेजे जा सकते थे।



### संवाद कायम करते हैं भरोसा

कहते हैं, संवाद केवल शब्द नहीं, भरोसे की भाषा होते हैं। इसमें सिर्फ बोलना ही नहीं, सुनना और समझना भी शामिल होता है। जब हम किसी की बातें ध्यान से सुनते हैं, जरूरत के मुताबिक सही सलाह देकर उसका संबल बनते हैं तो दो दिलों के बीच भरोसे का एक गहरा रिश्ता बनता है।

अकसर जब रिश्तों में मनमुटाव आता है, हम सोचते हैं, 'हर बार पहल मैं ही क्यों करूं?' या 'उसे जरूरत होगी तो वह खुद संपर्क करेगा।' यह सोच धीरे-धीरे रिश्तों को बिखेर देती है। कभी-कभी बिखरे मोती समेटने के लिए झुकना पड़ता है। रिश्तों में झुकना कमजोरी नहीं, एक बड़प्पन है। एक छोटा-सा संवाद 'कैसे हो?' किसी के सूने मन को झंकृत कर सकता है। आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है, रिश्तों में सहज संवाद को स्थान दें। इसलिए कभी-कभी अपनों के लिए फोन उठाइए और बिना किसी औपचारिकता के बात करें। उससे बात करने के लिए घर भी पहुंच जाएं। अपने घर में भी भोजन करते समय मोबाइल और टीवी से दूरी बनाकर रखें, अपने परिवार के साथ दिनभर की बातें साझा करें, पति/पत्नी के मन की सुनिए, बच्चों की जिज्ञासाओं पर ध्यान दें ताकि वे अपने मन की बातें आपके सामने खुलकर करें। आप भी उनको आवश्यतानुसार अपना मार्गदर्शन दे सकें। इस तरह के प्रयास और दिल से बोले संवाद रिश्तों को हमेशा मधुर बनाए रखते हैं। तो अपनों से संवाद बनाए रखें, रिश्ते सहेज कर रखें।

वास्तु सलाह
अनीता जैन, वास्तुविद

अगर वास्तु नियमों का ध्यान रखा जाए और उसके अनुसार घर की सजावट की जाए तो समृद्धि और सकारात्मकता बनी रहती है। इसके लिए किन उपायों पर अमल करना चाहिए, बता रहे हैं आपको।

# घर की सजावट में वास्तु संतुलन बनी रहेगी सकारात्मक ऊर्जा





वास्तु शास्त्र केवल घर-ऑफिस बनवाते समय दिशाओं के निर्धारण या निर्माण तकनीकों तक सीमित नहीं होता है, बल्कि यह हमारे जीवन के अनेक पहलुओं को प्रभावित करने वाली ऊर्जा का विज्ञान भी है। घर में रखी प्रत्येक वस्तु, चाहे वह सजावटी सामान हो, फर्नीचर हो या घरेलू उपकरण, हमारे अवचेतन मन पर गहरा प्रभाव डालती है। यदि इनका स्थान और चयन वास्तु सिद्धांतों के अनुरूप हो, तो जीवन में सुख-शांति, समृद्धि और उत्साह बना रहता है। आइए जानें कि इंटीरियर डेकोरेशन के माध्यम से किस प्रकार हम अपने घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बनाए रख सकते हैं।

**प्रवेश द्वार हो ऐसा:** घर के प्रवेश द्वार को वास्तु में अत्यंत शक्तिशाली क्षेत्र माना जाता है। यह न केवल आगंतुकों और मेहमानों पर अच्छा प्रभाव छोड़ता है, बल्कि यहीं से घर के भीतर ऊर्जा का प्रवाह आरंभ होता है। इसलिए इस क्षेत्र को सदैव स्वच्छ रखें और यहां शुभ प्रतीक जैसे



स्वास्तिक, ॐ, कलश, घंटी, शंख, मछलियों का जोड़ा या आशीर्वाद मुद्रा में गणेश जी की तस्वीर लगाना शुभ माना गया है। फूलों का तोरण, विशेष तौर पर ताजे या कृत्रिम साफ-सुथरे फूलों से बना, द्वार को आकर्षक और सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर बनाता है।

**सजावट में शुभता-सौम्यता:** घर की दीवारों पर लगाई गई तस्वीरें या शोपीस हमारे मनोभावों को सीधे तौर पर प्रभावित करते हैं। युद्ध, खंडहर, सूखे पेड़ या हिंसक जानवरों की छवियां घर में अशांति ला सकती हैं। इसके विपरीत दौड़ते हुए घोड़े की तस्वीर (पूर्व या उत्तर-पश्चिम में), हाथी (उत्तर या दक्षिण में) और गाय की तस्वीरें (पूर्व या दक्षिण-पूर्व में) सकारात्मक ऊर्जा, यश और शांति को आमंत्रित करती हैं।

**पौधों से आती है ताजगी-समृद्धि:** ड्रॉइंग रूम में उत्तर या पूर्व दिशा में मनीप्लांट, बैंबू बंच या छोटे इंडोर पौधे लगाने से वातावरण में ताजगी और घर में समृद्धि बनी रहती है। इस स्थान पर सूखे, कांटेदार या बोंसाई पौधों को लगाने से बचना चाहिए क्योंकि ये अवरोधक ऊर्जा का प्रतीक होते हैं। घर की उत्तर दिशा में लहलहाते खेत या जंगल का चित्र कार्य में सफलता और धन वृद्धि लाने में सहायक होता है।

**देवस्थान और प्रकाश का संतुलन:** उत्तर-पूर्व दिशा को पूजा, ध्यान और प्रार्थना के लिए सर्वश्रेष्ठ माना गया है। बेहतर होगा इस स्थान पर अपने ईष्टदेव की तस्वीर या प्रतिमा लगाएं। दिवंगत परिजनों की फोटो दक्षिण-पश्चिम में और गुरु की तस्वीर पश्चिम दिशा में लगाने से आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रवाह होता है। घर में प्रकाश की व्यवस्था भी संतुलित होनी चाहिए। रोशनी की सही मात्रा, घर में ऊर्जा को संतुलित करती है।

### इन उपायों से घर बनेगा ऊर्जावान



- बेडरूम में दो हंसों या लव बर्ड्स का शोपीस या राधा-कृष्ण की तस्वीर उत्तर दिशा में लगाएं।
- रसोई में गैस स्टोव दक्षिण-पूर्व और पानी का कलश उत्तर-पूर्व दिशा में रखें।
- ईशान कोण में तुलसी का पौधा लगाकर नियमित जल अर्पण करें और दीपक जलाएं।
- उत्तर, ईशान और पूर्व दिशा में हल्के सामान जबकि दक्षिण और दक्षिण-पश्चिम दिशा में भारी फर्नीचर रखें। परदों के रंग भी दिशाओं के अनुसार तय करें।

केयर
डॉ. सरोज राय, डर्मेटोलॉजिस्ट

# तब बारिश में नहीं होगी स्किन-हेयर प्रॉब्लम



बहुत सी महिलाएं रेनी सीजन में फेस पर होने वाले पिंपल्स और पिगमेंटेशन से परेशान हो जाती हैं तो कई महिलाओं को हेयर फॉल का भी सामना करना पड़ता है। इन दोनों सीजलन प्रॉब्लम्स से राहत पाने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।

**न छोड़ें सनस्क्रीन लगाना:** कई महिलाएं सोचती हैं कि सनस्क्रीन केवल तेज धूप के दिनों में ही लगानी चाहिए। सच्चाई तो यह है कि जब आसमान में बादल छाए रहते हैं, यानी बरसात के दिनों में भी सूरज की अल्ट्रा वॉयलेट किरणें (यूवी रेज) नुकसानदेह साबित होती हैं। मौसम चाहे जो भी हो, कम से कम 30 एसपीएफ का सनस्क्रीन आपको अपनी स्किन पर जरूर लगानी चाहिए।

**करें स्कैल्प की सफाई:** पसीने और वातावरण में मौजूद नमी के कारण सिर की त्वचा में इंफेक्शन या डेंड्रफ की प्रॉब्लम हो सकती है। इनसे बचने के लिए बारिश के दिनों में नियमित तौर पर किसी माइल्ड शैंपू से बालों को साफ करें। बारिश में भीग जाएं तब भी बालों को साफ कर पॉल्यूटेंट्स और बारिश का पानी हटा लें। सिर की त्वचा यानी स्कैल्प को साफ रखना फंगल इंफेक्शन और दूसरी समस्याओं से बचाव करता है।

**क्रीम-ऑयली प्रोडक्ट का यूज:** हैवी गाढ़ी क्रीम और ऑयल बेस्ड प्रोडक्ट का इस्तेमाल मानसून के नमी वाले मौसम में त्वचा के पोर्स को बंद कर सकता है। इनकी जगह लाइट वेट क्रीम नॉन कॉमेडोजेनिक मॉयश्चराइजर और सीरम का उपयोग किया जाना चाहिए, जो त्वचा को बिना चिपचिपा किए नमीयुक्त रखता है।



**ना हो हाइड्रेशन की कमी:** हालांकि इस मौसम में वातावरण में अधिक नमी महसूस होती है, लेकिन आपकी त्वचा को अंदर से बाहर तक हाइड्रेटेड रखना भी जरूरी होता है। इसके लिए सुनिश्चित करें कि आप इस मौसम में भी पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और अपने आहार में पानीयुक्त खाद्य पदार्थ शामिल करें। अपनी त्वचा को पूरे दिन तरोताजा बनाए रखने के लिए हाइड्रेटिंग फेशियल मिस्ट का उपयोग भी कर सकती हैं।

**स्किन रखें ड्राय:** बारिश में भीगने के बाद फंगल इंफेक्शन और त्वचा की जलन से बचने के लिए इसे ठीक से सुखाना जरूरी है। खासतौर पर जांघों, अंडर आर्म्स की स्किन को ड्राय रखने पर विशेष ध्यान दें।

**अधिक एक्सफोलीएशन से बचें:** बेशक स्क्रबर, डेड स्किन सेल्स को हटाने में मदद करती है, लेकिन इसके अधिक उपयोग से आपकी त्वचा से आवश्यक तेल निकल सकता है। मानसून के दौरान महीने में एक या दो बार तक ही स्क्रबर का उपयोग करें। इस मौसम में चटपटे व्यंजन अधिक ना खाएं।

प्रस्तुति: चेतना झा

योगोपचार
कौशल किशोर, योगाचार्य


कई महिलाएं और लड़कियां, पीरियड्स के दौरान पेट दर्द, थकान, सिर दर्द या मूड स्विंग से परेशान रहती हैं। इन प्रॉब्लम्स से राहत के लिए आप कुछ योगसनों का अभ्यास कर सकती हैं। यहां कुछ ऐसे ही योगसनों की विधि के बारे में बताया जा रहा है।

# पीरियड्स के दौरान उपयोगी हैं ये योगासन

पहले के दौर में ऐसी धारणा थी कि पीरियड्स के दौरान कोई भी वर्कआउट या योगासन नहीं करना चाहिए। लेकिन अब वैज्ञानिकों ने स्टडी के द्वारा यह सिद्ध कर दिया है कि कुछ योगासन करने से पीरियड्स के दौरान होने वाली समस्याओं से आराम मिल सकता है। हम आपको यहां कुछ ऐसे ही उपयोगी आसनों के बारे में बता रहे हैं।

**वज्रासन:** सबसे पहले दरी या योगासन मैट बिछा लें। उसके बाद अपने घुटनों को मोड़कर एड़ियों पर बैठ जाएं। दोनों एड़ियों को एक-दूसरे से थोड़ा अलग रखें और अपने दोनों पंजों पर नितंब को टिकाएं। इस दरम्यान पीठ, गर्दन और अपने सिर को सीधा रखें और अपने दोनों हाथों को घुटनों पर रखें। यह ध्यान रखें कि हथेलियां नीचे की ओर रहें। अपनी आंखें बंद करें और धीरे-धीरे सांस लें फिर छोड़ें। फिर 5 से 15 मिनट तक इसी स्थिति में रहें। इससे पीरियड्स के दौरान होने वाले दर्द से राहत मिलेगी।

**शशांक आसन:** इसके लिए सबसे पहले वज्रासन में बैठ जाएं। अपने दोनों हाथों को ऊपर उठाएं और कानों के पास सीधा रखें। धीरे-धीरे अपनी सांस को छोड़ते हुए आगे की ओर झुकाएं और माथा जमीन से लगाएं। अपने हाथ को भी सामने जमीन पर ही रखें। पूरे शरीर को ढीला छोड़ दें और कुछ समय इसी स्थिति में रहें। सांस लेते हुए वापस वज्रासन की स्थिति में आ जाएं।



वज्रासन



शशांक आसन

**भ्रामरी प्राणायाम:** इसे करने के लिए सुखासन, पद्मासन या वज्रासन में रीढ़ को सीधा करके बैठ जाएं। आंखें बंद कर अपने शरीर को एकदम शांत करें। अपने दोनों हाथों की पहली अंगुली को माथे पर रखें। मध्यमा अंगुलियों से आंखों को बंद करें। अनामिका से नाक के पास गालों को हल्का दबाएं और अंगूठों से दोनों कानों को बंद करें। गहरी सांस लें और सांस को छोड़ते हुए भौरें जैसी आवाज करें। यह प्रक्रिया 5 से 10 बार दोहराएं।

**मेरुवक्रासन:** योगा मैट पर सीधा बैठ कर पैर आगे की ओर फैलाएं। अपने बाएं पैर को मोड़कर उसका तलवा दाएं घुटने के पास रखें। दायां हाथ बाएं घुटने के बाहर रखें और बाएं हाथ को पीछे जमीन पर टेक लगा दें। अपनी रीढ़ को सीधा रखते हुए धीरे-धीरे धड़ को बाईं ओर मोड़ें। कुछ देर इसी स्थिति में रहने के बाद वापस धीरे से आ जाएं। अब यही प्रक्रिया दूसरी ओर से दोहराएं।



**ताड़ासन:** ताड़ासन को करने के लिए सबसे पहले सीधे खड़े हो जाएं और अपने दोनों पैरों को एक साथ मिलाएं। अपने हाथों और पीठ को सीधा रखें। सांस लेते हुए दोनों हाथों को सिर के ऊपर उठाएं। उस समय हथेलियां आपस में जुड़ी हुई रहनी चाहिए। अब अपनी एड़ियों को उठाकर पंजों के बल खड़े हो जाएं और अपने पूरे शरीर को ताड़ के पेड़ की तरह ऊपर की ओर खींचें। थोड़ी देर इस स्थिति में रहने के बाद सांस छोड़ते हुए वापस आ जाएं।

इस बात का ध्यान रखें कि कोई भी योगासन करने से पहले अनुभवी प्रशिक्षक से इसे अच्छी तरह सीख लें।

प्रस्तुति: संध्या रानी

## दुबई में यामाहि ने प्रदेश को निवेश के लिए हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया

# मप्र में औद्योगिक पार्क, फार्मास्यूटिकल्स-पर्यटन में निवेश के उत्कृष्ट अवसर, सीएम डॉ. यादव ने अरब संसद के अध्यक्ष यामाहि को दिया मध्यप्रदेश आने का आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दुबई में अरब संसद के अध्यक्ष मोहम्मद अल यामाहि को बताया कि मध्यप्रदेश भारत का हृदय है, इसकी जनसंख्या 8 करोड़ से अधिक है। मध्यप्रदेश अपने समृद्ध वन क्षेत्र के लिए जाना जाता है। यह वन क्षेत्र वन्यजीवों का आदर्श घर भी है। हमें गर्व है कि मध्यप्रदेश 'विश्व की टाइगर राजधानी' है और राज्य बाघों के संरक्षण में लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। हमने टाइगर रिजर्व की संख्या में वृद्धि भी की है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को दुबई में अरब संसद के अध्यक्ष मोहम्मद अल यामाहि से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने मप्र की उद्योग हितैषी, सरल एवं सुगम नीतियों और निवेश को प्रोत्साहन देने वाली सुविधाओं की जानकारी साझा की। उन्होंने अल यामाहि को प्रदेश में आयोजित होने वाली एनर्जी समिट में शामिल होने के लिए आमंत्रण भी दिया। संयुक्त अरब अमीरात के साथ बढ़ते रणनीतिक संबंधों के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने प्रदेश की सक्रिय और रचनात्मक भूमिका का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अरब के 22 खाड़ी देशों की लोकतांत्रिक संस्था का नेतृत्व करना बड़ी उपलब्धि है। नए अध्यक्ष के नेतृत्व में यह संस्था निश्चित रूप से नई ऊंचाइयों को छुएगी।

### खास बातें

- मुख्यमंत्री की अरब संसद के अध्यक्ष मोहम्मद अल यामाहि से मुलाकात
- द्विपक्षीय साझेदारियों में मप्र के महत्वपूर्ण भागीदार बनने की जताई आशा



### ऊर्जा, खनिज, लॉजिस्टिक्स, खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में सहयोग की मंशा दोहराई-

मुख्यमंत्री ने अरब संसद के अध्यक्ष मोहम्मद अल यामाहि से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने ऊर्जा, खनिज, लॉजिस्टिक्स, खाद्य प्रसंस्करण और हरित निवेश के क्षेत्र में सहयोग की मंशा दोहराई। मुख्यमंत्री ने भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच बढ़ते रणनीतिक संबंधों की सराहना करते हुए आशा जताई कि प्रदेश इन द्विपक्षीय साझेदारियों में सक्रिय और महत्वपूर्ण भागीदार बनेगा। मुख्यमंत्री ने अरब संसद के अध्यक्ष मोहम्मद अल यामाहि का अभिनंदन किया और हाल ही में अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी।

### यामाहि ने मुख्यमंत्री को उम्म-ए-अली दिया आत्मीय संबोधन

यामाहि ने यूएई में बसे प्रवासी भारतीयों की ओर से देश के निर्माण में सहयोग के बारे में चर्चा की और उनके योगदान को सम्मानपूर्वक रेखांकित किया। इस विशेष मुलाकात के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को आत्मीयता से उम्म-ए-अली कहकर संबोधित किया। मुख्यमंत्री आत्मीय संबोधन से अभिभूत हुए। उन्होंने डॉ. यादव और उनके परिवार को व्यक्तिगत रूप से अपने घर आमंत्रित भी किया। उन्होंने दोनों देशों के लोगों और उत्पादों के बीच कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए सहमति दी, जिससे मध्यप्रदेश और यूएई के बीच द्विपक्षीय सहयोग को नई दिशा मिलेगी।

### हर संभव सहयोग के लिए तैयार: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मप्र को 'मोस्ट वेलकमिंग स्टेट' के रूप में जाना जाता है, जो हमारे आतिथ्य सत्कार को दर्शाता है। हमारे राज्य में खजुराहो, सांची और भीमबैठका जैसे तीन यूनेस्को विश्व विरासत स्थल हैं। ये हमारी समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच बढ़ते रणनीतिक संबंधों की हृदय से सराहना करते हैं। हमारी यह आकांक्षा है कि मप्र इन द्विपक्षीय साझेदारियों में एक सक्रिय और महत्वपूर्ण भागीदार बने। हम हर संभव सहयोग के लिए तत्पर हैं।

### खनिज संसाधनों की खान है मध्यप्रदेश

*मुख्यमंत्री ने कहा कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी और हरित ऊर्जा के क्षेत्र में संयुक्त अरब अमीरात ने अभूतपूर्व प्रगति की है। हम आपके अनुभवों से सीखने और इन क्षेत्रों में संयुक्त पायलट प्रोजेक्ट्स में सहयोग करने के लिए उत्सुक हैं। मप्र में सौर, पवन और जल ऊर्जा जैसे नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों में बड़ी क्षमता है। प्रदेश को भारत का अन्न भंडार भी कहा जाता है। हम सोयाबीन, गेहूं और बाजरा सहित कई फसलों के सबसे बड़े उत्पादक हैं। यहां खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में विशाल अवसर मौजूद हैं। हमारे पास प्रचुर मात्रा में खनिज संसाधन उपलब्ध हैं, जो विभिन्न उद्योगों के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करते हैं।*

### मुख्यमंत्री ने बीएपीएस हिन्दू मंदिर में किए दर्शन



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को दुबई प्रवास के दौरान बीएपीएस हिन्दू मंदिर में दर्शन किए। इस दौरान मंदिर के प्रमुख महंत पूज्य ब्रह्मविहारी स्वामी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को मंदिर परिसर का भ्रमण कराया और मंदिर की विशेषताओं से अवगत कराया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के अधिकारियों की टीम भी उपस्थित रही। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 14 फरवरी 2024 को बीएपीएस हिन्दू मंदिर का उद्घाटन किया था। बीएपीएस हिंदू मंदिर मिडिल ईस्ट का पहला पारंपरिक हिंदू मंदिर है। यह भारत और यूएई के बीच मित्रता का प्रमाण है, जो सांस्कृतिक समावेशिता, अंतर-धार्मिक सद्भाव और सामुदायिक सहयोग की भावना को दर्शाता है। यह मंदिर अबू मुरेइखा क्षेत्र में 27 एकड़ भूमि पर स्थित है और पारंपरिक भारतीय वास्तुकला के अनुसार बिना लोहे या स्टील के निर्मित किया गया है। इसमें भारत और अन्य देशों से लाए गए पत्थरों और संगमरमर का उपयोग किया गया है। इस भव्य मंदिर की दीवारों पर वैदिक कथाओं, भारतीय देवी-देवताओं और वनस्पति-जीवों की अत्यंत सूक्ष्म और आकर्षक नक्काशी की गई है। जो हिन्दू धर्म के शांति, सहिष्णुता और सह-अस्तित्व जैसे सार्वभौमिक मूल्यों को दर्शाती है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव की दुबई में भारत के कॉन्सुल जनरल से मुलाकात



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से दुबई प्रवास के दौरान रविवार को दुबई स्थित भारत सरकार के कॉन्सुल जनरल सतीश कुमार सिवन ने शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 19 जुलाई तक दुबई और स्पेन के दौरे पर रहेंगे। मुख्यमंत्री की यह विदेश यात्रा प्रदेश को वैश्विक मंच पर एक निवेश-अनुकूल और उभरते हुए औद्योगिक केंद्र के रूप में प्रस्तुत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास मानी जा रही है। सिवन ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ निवेशकों के साथ बैठक में भी भाग लिया।

### आकर्षक औद्योगिक और निवेश नीतियों के माध्यम से निवेश आकर्षित करने का निरंतर प्रयास कर रही सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में निवेशकों का यज्ञ चल रहा है, जिसमें बड़े पैमाने पर निवेशकों से समर्थन मिल रहा है। प्रदेश सरकार आकर्षक औद्योगिक और निवेश नीतियों के माध्यम से निवेश आकर्षित करने का निरंतर प्रयास कर रही है। पिछले एक वर्ष में प्रदेश के संभागों में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और देश के प्रमुख औद्योगिक नगरों में रोड-शो आयोजित किए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को नई दिल्ली से दुबई रवाना होने से पहले अपने संदेश में यह बात कही। उन्होंने कहा कि फरवरी में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया गया था, जिसमें 30 लाख करोड़ रुपए का निवेश प्राप्त हुआ था। निवेश आकर्षित करने का यह सिलसिला लगातार जारी है। हाल ही में सूरत, लुधियाना और जोधपुर में भी सफल रोड-शो का आयोजन किया गया है। इसी क्रम में विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से 13 से 19 जुलाई के बीच दुबई और स्पेन की यात्रा की जा रही है।

#### प्रदेश की समृद्धि बढ़ाने और रोजगार के अवसर बढ़ाने का उद्देश्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की समृद्धि बढ़ाने और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह दौरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के पहले वे प्रदेशवासियों को आश्वस्त करना चाहते हैं कि मप्र सरकार सभी वर्गों महिला, युवा, किसान और गरीब के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इसी प्रकार से काम करती रहेगी।

#### मप्र के आकर्षक निवेश नीतियों से अवगत कराया जाएगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि दुबई और स्पेन की यात्रा के माध्यम से विदेशी निवेशकों को प्रदेश में निवेश संभावनाओं और आकर्षक निवेश नीतियों से अवगत कराया जाएगा। इस यात्रा के दौरान दुबई और स्पेन के निवेशकों के बीच राज्य की औद्योगिक निवेश के संबंध में ब्रांडिंग की जाएगी, जिससे मध्यप्रदेश विदेशी निवेश में शीर्ष राज्य बने। प्रदेश में सभी प्रकार के उद्योग, भारी उद्योग, मध्यम, लघु और सूक्ष्म उद्यम, आईटी सहित पर्यटन, वन, खनन, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसे क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। साथ ही प्रदेश के विभिन्न अंचलों जैसे चंबल, महाकौशल, विंध्य, मालवा और बुंदेलखंड अंचल की विशेषताओं के आधार पर अनुकूल प्लानिंग के साथ विदेशी सरकारों के सौजन्य से विदेशी निवेशकों से चर्चा की जाएगी।

---

## हाथी का हमला, ग्रामीण घायल अस्पताल में चल रहा उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में बीती रात हाथी ने एक ग्रामीण पर हमला करते हुए उसे घायल कर दिया। घायल को पहले सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उसे रायगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार, लैलूंगा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आमापाली बीट में बीती रात हाथी ने एक ग्रामीण आनंद उरांव 50 साल पर अचानक हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि ग्रामीण का अचानक हाथी से सामना हो गया था, किसी तरह जान बचाकर ग्रामीण पास के घर में पहुंचा, जहां संजीवनी 108 की टीम को घटना से अवगत कराते बुलाया गया, जिसके बाद घायल को घरघोड़ा सिविल अस्पताल ले जाया गया। पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट को देखते हुए मौके पर मौजूद चिकित्सक ने तत्काल घायल ग्रामीण को रायगढ़ मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया।

## हरियाणा की जनता के लिए काम करना पहली प्राथमिकता होगी : प्रो. असीम घोष

*नव नियुक्त राज्यपाल प्रो. असीम घोष की जनता टीवी के समाचार संपादक वरुण गोयल से खास बातचीत...*



राज्यपाल प्रो. असीम घोष

***प्रश्न- आपको यह नई जिम्मेदारी मिलने पर पहली प्रतिक्रिया क्या है?***

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी का आभार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और गृह मंत्री अमित शाह जी ने जो मुझ पर भरोसा जताया है, उसके लिए मैं आभार व्यक्त करता हूं। उन सभी राज्य नेताओं का भी धन्यवाद, जिन्होंने मेरा नाम सुझाया। यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। हरियाणा पहुंचते ही मैं मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्रियों, अधिकारियों और विपक्षी नेताओं से मिलकर राज्य की स्थिति की पूरी जानकारी लूंगा

***प्रश्न- हरियाणा आपके स्वागत के लिए तैयार है***

हरियाणा की प्रति व्यक्ति आय मजबूत है, राज्य की अर्थव्यवस्था अच्छी है। लेकिन कुछ समस्याएं भी हैं, जिन्हें समझना और सुलझाना जरूरी है। हरियाणा के लोग मेहनती हैं, मैं हर वर्ग से संवाद कर अपनी समझ और मजबूत करूंगा।

***प्रश्न- आपने बीजेपी में तीन दशक से ज्यादा वक्त दिया है। संगठन विचारधारा और आज की बीजेपी को आप कैसे देखते हैं?***

कोई भी राजनीतिक पार्टी तभी मजबूत रहती है जब उसमें पुराने अनुभवी नेता और नई पीढ़ी के ऊर्जावान कार्यकर्ता साथ मिलकर काम करें। पुरानी पीढ़ी के पास अनुभव और परिपक्वता है, नई पीढ़ी के पास जोश और क्षमता। दोनों मिलकर पार्टी और राज्य को आगे बढ़ाएंगे।

***प्रश्न- आपकी नई भूमिका में आपका लंबा शैक्षणिक अनुभव कैसे काम आएगा?***

मेरा लंबा अकादमिक करियर मेरी मदद करेगा। हरियाणा में शिक्षा, स्वास्थ्य और कानून व्यवस्था को और मजबूत करना मेरी प्राथमिकता होगी। मुख्यमंत्री और कैबिनेट को सलाह दूंगा कि आम जनता को लाभ कैसे पहुंचे।

***प्रश्न- कुछ लोग राज्यपाल को केवल राजनीतिक नियुक्ति मानते हैं — उन्हें क्या संदेश देंगे?***

देखिए राज्यपाल का पद संविधान में तय है। बिना राज्यपाल के कोई संसदीय राज्य सरकार नहीं चल सकती — जैसे केंद्र में राष्ट्रपति जरूरी हैं, वैसे ही राज्य में राज्यपाल जरूरी हैं। मेरी जिम्मेदारी है कि मैं प्रशासन में पूरी तरह निष्पक्ष रहूं और दिखूं भी

***प्रश्न- हरियाणा-पंजाब के बीच लंबे समय से कुछ विवाद हैं ..आपकी भूमिका क्या रहेगी?***

चंडीगढ़ का मुद्दा दशकों से लंबित है। मेरी कोशिश होगी कि मुख्यमंत्री और कैबिनेट के साथ मिलकर कोई सौहार्दपूर्ण हल निकाला जाए, जिससे ना हरियाणा को नुकसान हो, ना पंजाब को

**प्रश्न- जब यह नियुक्ति हुई तो परिवार में कैसा माहौल था? आप कितने उत्साहित हैं?**

मैं बहुत खुश हुआ। परिवार में खुशी का माहौल था। लेकिन खुशी के साथ जिम्मेदारी भी जुड़ी है — हरियाणा की जनता के लिए काम करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी।

## मुजफ्फरनगर में शुकदेव आश्रम पहुंचे मुख्यमंत्री



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सैनी ने सोमवार को मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) में स्थित शुकदेव आश्रम में स्वामी कल्याणदेव महाराज जी की 21वीं पुण्यतिथि पर उनकी समाधि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने स्वामी कल्याण देव जी महाराज की प्रतिमा का भी अनावरण किया। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज हम माँ गंगा के पावन तट पर स्थित महान महर्षि शुकदेव की धरती पर एकत्रित हुए हैं। भागवत पीठ शुकदेव आश्रम विशेष स्थान है। यह आश्रम न केवल एक आध्यात्मिक केंद्र है, बल्कि शिक्षा, सेवा और संस्कृति का भी प्रतीक है। स्वामी जी की प्रतिमा नई पीढ़ियों को स्वामी जी के कार्यों, सिद्धांतों और आदर्शों की हमेशा याद दिलाती रहेगी। उन्होंने कहा कि स्वामी ओमानन्द जी महाराज इस आश्रम की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं और शुकदेव जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए समाज सेवा के कार्यों को सेवा भाव से कर रहे हैं। स्वामी जी के मार्गदर्शन में इस आश्रम का शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

### अधिकारियों को समय सीमा में सभी आवश्यक कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

## पीठासीन अधिकारियों की बैठक की तैयारियों का विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने लिया जायजा

**समिति प्रणाली की समीक्षा कर उसे सुदृढ़ बनाने पर होगा मंथन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश की विधानसभाओं में गठित होने वाली समितियों की प्रणाली की समीक्षा के लिए विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर की अध्यक्षता में सात राज्यों के विधानसभा अध्यक्षों की एक समिति गठित की गई थी।

यह समिति राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले पीठासीन सम्मेलन में गठित की गई थी। इस समिति की प्रथम बैठक सोमवार मप्र विधानसभा सचिवालय भवन में सुबह 10.30 बजे से होगी। रविवार को विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने बैठक की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में सभी आवश्यक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

#### बैठक के मिनट्स लोकसभा में प्रस्तुत किए जाएंगे



गौरतलब है कि विधानसभा की समितियों की प्रणाली की समीक्षा के लिए यह पहली बैठक आयोजित की जा रही है। इसी को आधार बनाकर नई व्यवस्था देशभर के राज्यों में लागू करने के लिए बैठक के मिनट्स लोकसभा में प्रस्तुत किए जाएंगे। विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह ने बताया कि बैठक में मप्र के साथ ही उप्र, राजस्थान, हिमाचल, सिक्किम, ओडिशा, पश्चिम बंगाल विधानसभा अध्यक्ष भाग लेंगे। बैठक में विधान मंडलों में समिति प्रणाली की समीक्षा की जाएगी एवं उन्हें सुदृढ़ बाने पर विचार मंथन होगा। इस मौके पर सचिव अरविन्द शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### राज्यपाल पटेल से मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने की सौजन्य भेंट



राज्यपाल मंगुभाई पटेल से मप्र विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने राजभवन में सौजन्य भेंट की। राज्यपाल पटेल का तोमर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। बैठक के दौरान विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

### बिल को मिली मंजूरी

## पंजाब में बेअदबी करने वालों को अब उम्रकैद

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़



पंजाब कैबिनेट में बेअदबी बिल को मंजूरी दे दी गई है। मंजूरी मिलने के बाद बिल को विधानसभा में पेश किया गया। इस कानून से धार्मिक ग्रंथों और स्थलों की बेअदबी करने वालों को उम्रकैद मिलेगी। पंजाब में लंबे समय से बेअदबी कानून की मांग चली आ रही है। बेअदबी के मामलों में विशेष अदालतें गठित की जा सकेंगी। वहीं बेअदबी के दोषियों को पैरोल नहीं मिलेगा। वहीं, पंजाब के नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस विधायक प्रताप सिंह बाजवा ने कहा पंजाब पवित्र धर्मग्रंथों के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम विधेयक 2025 पर मंगलवार को बहस होगी। बेअदबी की घटनाओं पर मुख्यमंत्री को गंभीरता दिखाने की जरूरत है। विधानसभा में सीएम मान ने बेअदबी को लेकर बिल पेश किया। विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने कहा कि बेअदबी बिल पर चर्चा के लिए समय दिया जाना चाहिए। मौके पर ही हमें बिल मिला हैं, इसलिए कल इस बिल पर चर्चा करवाई जानी चाहिए।

## चिंतन

# सोशल मीडिया पर नफरती बोल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं

राजनीति के बाद अब सोशल मीडिया पर नफरती बोल सामाजिक ताने-बाने को बिगाड़ रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने दो टूक नसीहत दी है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मतलब कुछ भी बोलना नहीं है। नफरत भरे भाषण को बोलने की आजादी नहीं समझा जा सकता है। सभी नागरिकों को भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार की अहमियत समझनी चाहिए और आत्म-नियमन का पालन करना चाहिए। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर हिंदू देवी-देवता के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करना बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। सोशल मीडिया पोस्ट में सांप्रदायिक टिप्पणी करना भी गलत है। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि, 'वैसे तो कोई नहीं चाहता कि राज्य हस्तक्षेप करे, लेकिन उल्लंघन की स्थिति में सरकार कदम उठा सकती है, सोशल मीडिया पर इन सभी विभाजनकारी प्रवृतियों पर रोक लगानी होगी।' शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि 'सरकार के एक्शन का मतलब सेंसरशिप नहीं है'। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें हेट स्पीच यानी नफरत फैलाने वाले भाषणों को रोकें, लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि नागरिकों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन न हो। लोगों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर जागरूक करने की जरूरत है, ताकि सरकार को इसे नियंत्रित करने की जरूरत न पड़े। लोगों को हेट स्पीच कंटेंट को लाइक, शेयर नहीं करना चाहिए। यह पहली बार नहीं है जब सुप्रीम कोर्ट ने हेट स्पीच पर कड़ा निर्देश दिया है। वर्ष 2022 और 2023 में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सरकार, नेताओं और मीडिया को सख्त हिदायत दी थी कि हेट स्पीच कतई स्वीकार्य नहीं है। हेट स्पीच को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- यह 21वीं सदी है। हम धर्म के नाम पर कहां आ पहुंचे हैं? हमें एक धर्मनिरपेक्ष और सहिष्णु समाज होना चाहिए, लेकिन आज घृणा का माहौल है। सामाजिक ताना-बाना बिखरा जा रहा है। हमने ईश्वर को कितना छोटा कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने हेट स्पीच से भरे टॉक शो और रिपोर्ट टेलीकास्ट करने पर टीवी चैनलों को जमकर फटकार लगाई थी। केंद्र सरकार 5 साल के लंबे परामर्श के बाद सोशल मीडिया पर नफरत भरे कंटेंट रोकने के लिए एंटी हेटस्पीच कानून बनाने की तैयारी पिछले तीन साल से कर रही है, लेकिन अभी तक ऐसे कानून का ड्राफ्ट तक नहीं आया है। इस कानून से हेट स्पीच की परिभाषा स्पष्ट होगी, ताकि लोगों को भी यह पता रहे कि जो बात वे बोल या लिख रहे हैं, वह कानून के दायरे में आती है या नहीं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्ल्यू) के वर्ष 2023 के विश्लेषण से पता चलता है कि भारत में बड़ी संख्या में सांसदों के खिलाफ नफरत फैलाने वाले भाषण के मामले दर्ज हैं। करीब 107 सांसदों और विधायकों के खिलाफ नफरत फैलाने वाले भाषण के मामले दर्ज हैं। ऐसे निष्कर्ष सत्ता के पदों पर बैठे लोगों के बीच नैतिक आचरण की आवश्यकता को उजागर करते हैं। विधि आयोग की 267वीं रिपोर्ट में घृणास्पद भाषण को मुख्य रूप से नस्ल, जातीयता, लिंग, यौन अभिविन्यास, धार्मिक विश्वास और इसी तरह के संदर्भ में परिभाषित व्यक्तियों के एक समूह के खिलाफ नफरत को उकसाने वाला बताया गया है। हेट स्पीच के दोषियों के खिलाफ देश में पहले से ही कई कानून मौजूद हैं। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 व नागरिक अधिकारों का संरक्षण अधिनियम, 1955 भी हैं। आज एआई के दौर में बहुत जरूरी है कि लोग सोच समझ कर बोलें, अपनी बातों से घृणा न फैलाएं। सोशल मीडिया नफरत फैलाने का मंच नहीं है।



## विश्लेषण

राव इन्द्रजीत सिंह

# मानव संसाधन में निवेश की क्रांति

मानव पूंजी अर्थात हमारी शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य और उत्पादकता सिर्फ़ एक आर्थिक संपत्ति नहीं है, बल्कि एक नैतिक अनिवार्यता भी है। पिछले दस वर्षों में, भारत के प्रमुख नीति थिंक टैंक, नीति आयोग के नेतृत्व में एक शांत लेकिन जबरदस्त क्रांति ने आकार लिया है, जिसने देश के सबसे मूल्यवान संसाधन: अपने नागरिकों में निवेश करने के तरीके को एक नया रूप दिया है। नीति आयोग ने विकास के बारे में चर्चा को आगे बढ़ाया है, हमें याद दिलाया है कि सच्ची प्रगति को सबसे ऊंची इमारतों या सबसे बड़ी फैक्ट्रियों से नहीं मापा जाता है, बल्कि लोगों की ताकत, स्वास्थ्य और गरिमा से मापा जाता है। यह एक युवा, महत्वाकांक्षी भारत की नब्ज बन गया है।

भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में, प्रगति का सही मापदंड सिर्फ़ जीडीपी के आंकड़ों या बुनियादी ढांचे की उपलब्धियों में नहीं है, बल्कि इस बात में है कि कोई राष्ट्र अपने लोगों का कितने अच्छे तरीके से पोषण करता है। मानव पूंजी अर्थात हमारी शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य और उत्पादकता सिर्फ़ एक आर्थिक संपत्ति नहीं है, बल्कि एक नैतिक अनिवार्यता भी है। पिछले दस वर्षों में, भारत के प्रमुख नीति थिंक टैंक, नीति आयोग के नेतृत्व में एक शांत लेकिन जबरदस्त क्रांति ने आकार लिया है, जिसने देश के सबसे मूल्यवान संसाधनः अपने नागरिकों में निवेश करने के तरीके को एक नया रूप दिया है।

एक ऐसे देश में जहां 65% से ज़्यादा आबादी 35 वर्ष से कम उम्र की है, जनसांख्यिकी लाभांश एक पीढ़ी में एक बार मिलने वाला अवसर है। इस युवा आबादी का विशाल आकार बहुत बड़ी ज़िम्मेदारी लेकर आता है। चुनौती युवा ऊर्जा को आर्थिक वृद्धि और राष्ट्रीय विकास के लिए एक कारक में बदलने की है। यहीं पर नीति आयोग एक दूरदर्शी उत्प्रेरक के रूप में उभरा है - जो न केवल आज की प्रगति के लिए बल्कि कल की समृद्धि के लिए भी एक रोडमैप तैयार कर रहा है। पिछले दशक में, नीति आयोग एक थिंक टैंक से एक सुधारवादी इंजन और क्रियान्वयन भागीदार के रूप में उभरा है, जो डेटा, सहयोग और मानव-केंद्रित डिजाइन से समर्थित साहसिक विचारों के लिए जाना जाता है। इसने नीति निर्माण को शीर्ष-स्तरीय अभ्यास से राज्यों, निजी भागीदारों, वैश्विक संस्थानों और नागरिक समाज के साथ सह-निर्माण की एक गतिशील प्रक्रिया में बदल दिया है। इसकी ताकत सिर्फ योजना बनाने में नहीं है, बल्कि सुनने में है और उन अंतर्दृष्टि को कार्रवाई में बदलने में है। शिक्षा, जो मानव पूंजी का आधार है, इसके मार्गदर्शन में पूरी तरह से पुनः कल्पना की साक्षी रही है।

यह मानते हुए कि केवल अधिगम ही पर्याप्त नहीं है, नीति आयोग ने गुणवत्ता और समानता पर जोर दिया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, जहां इसने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, ने एक नए युग की शुरुआत की, रटने की शिक्षा से आलोचनात्मक सोच, लचीलेपन और व्यावसायिक एकीकरण की ओर बदलाव। इसने प्रारंभिक बाल्य शिक्षा, मातृभाषा में शिक्षा और विषयों के बीच निर्बाध पारगमन पर जोर दिया। अटल नवाचार मिशन जैसी पहलों के माध्यम से, इसने जवाबदेही और कल्पनाशक्ति अर्थात दोनों को सुनिश्चित किया। 10 हजार से अधिक अटल टिंकरिंग लैब्स में नवाचार को शामिल किया जो अब पूरे देश भर में फैले हुए हैं। 21वीं सदी के लिए भारत के युवाओं को कौशल प्रदान करना इसके मिशन की एक और आधारशिला रही है। कौशल भारत मिशन को समर्थन प्रदान करने से लेकर आकांक्षी जिला कार्यक्रम के माध्यम से वंचित जिलों के केंद्र तक व्यावसायिक कार्यक्रमों को पहुंचाने तक, नीति आयोग ने क्लास रूम और आजीविका के बीच की खाई को पाटने में मदद की है। स्किल इंडिया मिशन के तहत प्रौद्योगिकी, उद्योग संबंधों और मांग-संचालित पाठ्यक्रम को मिलाकर तैयार की गई पहलों के माध्यम से 1.5 करोड़ से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है। यह केवल प्रशिक्षण के प्रयोजन से नहीं था बल्कि इसने क्षेत्रीय जरूरतों और डिज़ाइन किए गए कार्यक्रमों का मानचित्रण




किया जिसने भारत के ग्रामीण और शहरी युवाओं के लिए समान रूप से वास्तविक आर्थिक अवसर खोले हैं। इसने 44 केंद्रीय श्रम कानूनों को चार सरलीकृत संहिताओं - मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा, औद्योगिक संबंधों और व्यावसायिक सुरक्षा को तर्कसंगत बनाने का समर्थन किया। इन सुधारों ने श्रमिकों की सुरक्षा के साथ नियोक्ता अनुकूलन को संतुलित किया। अनुपालन को सरल बनाकर और औपचारिकता को प्रोत्साहित करके, कार्यस्थल न केवल अधिक उत्पादक बल्कि अधिक मानवीय भी बन गया। स

वास्थ्य सेवा, जिसे प्रायः लागत के रूप में देखा जाता है, को पुनः निवेश के रूप में तैयार किया गया। नीति आयोग द्वारा समर्थित और निगरानी की गई प्रमुख आयुष्मान भारत योजना ने 50 करोड़ से अधिक भारतीयों को स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया, जबकि 1.5 लाख से अधिक स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों ने जमीनी स्तर पर प्राथमिक देखभाल की। इन कार्यक्रमों ने पोषण, मातृ और बाल स्वास्थ्य, मानसिक चिकित्सा और गैर-संचारी रोगों को न केवल उपचार करने के लिए, बल्कि लोगों को स्वस्थ रखने के लिए लक्षित किया। नीति आयोग उद्यमिता और नवाचार के लिए एक प्रकाश स्तंभ साबित हुआ है। स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया और अटल नवाचार मिशन जैसे कार्यक्रमों ने विचारों के फलने-फूलने के लिए एक उर्वर ईकोसिस्टम का निर्माण किया। आज हजारों स्टार्ट-अप्स फिनटेक, एजटेक, एग्रीटेक, हेल्थ-टेक और स्वच्छ ऊर्जा में सफल हो रहे हैं क्योंकि उन्हें नीतिगत समर्थन, इंक्यूबेशन और महत्वपूर्ण चरणों पर मार्गदर्शन मिला। ये केवल व्यवसाय नहीं हैं; ये नौकरी पैदा करने वाले और समस्याओं को हल करने वाले हैं, जो एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत में योगदान दे रहे हैं। इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि इस बात में निहित है कि इसने साक्ष्य आधारित नीति निर्माण की परम्परा को संस्थागत बनाया है।

बड़े डेटा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रियल-टाइम डैशबोर्ड और कठोर निगरानी ढांचे का लाभ उठाकर, इसने सुनिश्चित किया कि नीतियां अनुकूलित, जवाबदेह और वास्तविकता के अनुसार हों। चाहे यह भारत का पहला एसडीजी इंडेक्स लॉन्च करना हो, राज्यों के प्रदर्शन मैट्रिक्स पर मार्गदर्शन करना हो, या नीतिगत डिजाइन के लिए व्यवहार संबंधी अंतर्दृष्टियों का उपयोग करना हो, नीति आयोग ने शासन के केंद्र में वैज्ञानिक सोच स्थापित करने का काम किया है। मंत्रालयों और क्षेत्रों में समन्वय स्थापित करने की इसकी क्षमता ने इसे एक सलाहकार निकाय से कहीं अधिक बना दिया है। न केवल लक्ष्य प्राप्त करने से कहीं अधिक, नीति आयोग ने ऐसी प्रणालियां बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है जो टिकाऊ, समावेशी और भविष्य के लिए तैयार हों।

सतत विकास लक्ष्यों के प्रति इसकी प्रतिबद्धता हर पहल में स्पष्ट है - स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण से लेकर हरित गतिशीलता तक, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना से लेकर कार्यस्थलों में लैंगिक समानता तक। ज्ञान अर्थव्यवस्था के रूप में भारत का उदय अब कोई दूर का सपना नहीं है। यह कार्य प्रगति पर है, जो लोगों को देश की सबसे बड़ी संपत्ति के रूप में देखने वाली नीतियों द्वारा प्रेरित है। नीति आयोग ने विकास के बारे में चर्चा को आगे बढ़ाया है, हमें याद दिलाया है कि सच्ची प्रगति को सबसे ऊंची इमारतों या सबसे बड़ी फैक्ट्रियों से नहीं मापा जाता है, बल्कि लोगों की ताकत, स्वास्थ्य और गरिमा से मापा जाता है। यह एक युवा, महत्वाकांक्षी भारत की नब्ज बन गया है, एक ऐसा भारत जो सपने देखता है, हिम्मत करता है और कार्य को सम्पूर्ण करता है। यह शांत विश्वास है कि जब आप लोगों में निवेश करते हैं, तो आप न केवल एक बेहतर अर्थव्यवस्था बनाते हैं, बल्कि एक बेहतर राष्ट्र भी बनाते हैं।

(लेखक राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## डिजिटेक

सुनील कुमार महला




# अब बुलेट इंटरनेट से स्पीड क्रांति की तैयारी में जापान

जापान, पूर्वी एशिया में स्थित एक द्वीपसमूह देश है, जो प्रशांत महासागर में स्थित है। यह देश 6,852 द्वीपों से मिलकर बना है, जिनमें होक्काइडो, होंशू, शिकोकू, क्यूशू और ओकिनावा मुख्य द्वीप हैं। अपनी शक्तिशाली अर्थव्यवस्था, उन्नत प्रौद्योगिकी व नवाचारों, दुनिया के सबसे बड़े वाहन निर्माताओं में से एक, जिसकी ट्रेनें दुनिया में सबसे सटीक समय पर चलने वाली मानी जाती हैं तथा जो अपनी अद्वितीय व अनूठी संस्कृति के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध रहा है; ऑटोमोबाइल, रोबोटिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, विनिर्माण और शिक्षा के क्षेत्र में जापान आज एक वैश्विक नेता है। हाल ही में जापान के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशंस टेक्नोलॉजी (एनआईसीटी) के रिसर्चर्स ने 1.02 पेटाबिट्स (पेटाबाइट) प्रति सेकेंड की अविश्वसनीय इंटरनेट स्पीड हासिल करके विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया है, जो अपने आप में एक मिसाल है। जापान के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी (एनआइसीटी) ने सुमितोमो इलेक्ट्रिक और यूरोपीय पार्टनर के साथ मिलकर यह रिकॉर्ड बनाने वाली उपलब्धि हासिल की है। उनके यूनिक 19 कोर ऑप्टिकल फाइबर केबल ने 1,808 किलोमीटर से ज्यादा की दमदार स्पीड से डाटा ट्रांसमिट किया, जो कि करीब लंदन से रोम की दूरी के बराबर है। एक रिपोर्ट के अनुसार, 1.02 मिलियन गीगाबाइट (जीबी) डाटा एक सेकंड में डाउनलोड किया गया है। यह स्पीड इतनी ज्यादा है कि इसके बारे में सोच पाना भी मुश्किल है। जापान की इस तकनीक को वैश्विक रूप से डाटा ट्रांसफर, स्ट्रीमिंग और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में एक उज्जवल भविष्य के रूप में देखा जा रहा है। जापान की लेटेस्ट इंटरनेट नेटवर्क की स्पीड 1.02 पेटाबाइट पर सेकंड है। यह इंटरनेट स्पीड इतनी फास्ट है कि इसका इस्तेमाल करके कुछ ही सेकंड्स में फिल्म ही नहीं, बल्कि पूरी लाइब्रेरी तक डाउनलोड की जा सकती है। वास्तव में, जापान की यह उपलब्धि डेटा ट्रांसमिशन तकनीक में एक महत्वपूर्ण व बड़ा कदम है। जापान की यह स्पीड अमेरिका की एवरेज इंटरनेट स्पीड से 3.5 गुना है। दूसरे शब्दों में कहें तो यह स्पीड अमेरिका के औसत इंटरनेट कनेक्शन से 35 लाख गुना ज्यादा है। भारत की औसत इंटरनेट गति से यह 1.6 करोड़ गुना तेज बताई जा रही है। आज भारत जैसे देश में बफरिंग, नेटवर्क डाउन और स्लो इंटरनेट एक बड़ी समस्या है, ऐसे में जापान द्वारा हाई स्पीड इंटरनेट तकनीक का विकास आने वाले समय में 6जी नेटवर्क, क्लाउड सिस्टम्स, अंडरसी डेटा केबल्स और एआई जैसे उभरते क्षेत्रों में नई क्रांति लेकर आएगा। बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि जापान ने सिंगल कोर के बजाय 19 कोर ऑप्टिकल फाइबर सिस्टम व उन्नत एम्प्लीफायर तकनीक की मदद से इतनी तेज इंटरनेट स्पीड को हासिल करने में सफलता मिली है। जानकारी के अनुसार इन स्पेशल केबल का इस्तेमाल कर शोधकर्ताओं की टीम ने बिना किसी स्पीड लॉस के 1800 किलोमीटर से भी अधिक की दूरी तक भारी मात्रा में डेटा भेजने में सक्षम रही है। उन्होंने ट्रांसमीटर, रिसीवर और लूपिंग सर्किट के सेटअप का उपयोग किया जिससे डेटा फुल पॉवर से फ्लो रखने में मदद मिली। इस ऐतिहासिक उपलब्धि का अर्थ है कि एक सेकंड में 10,000 से अधिक 4K फिल्में डाउनलोड की जा सकती हैं। मार्च 2024 में भी जापान ने ही 402 टेराबिट्स प्रति सेकंड (यानी 50,250 जीबीपीएस) की स्पीड का रिकॉर्ड बनाया था, लेकिन इस बार नई तकनीक ने इस आंकड़े को दोगुना से अधिक कर दिया। जैसे-जैसे एआई, 8K स्ट्रीमिंग, क्लाउड गेमिंग और ऑगमेंटेड रियलिटी जैसे सेक्टर आगे बढ़ेंगे, ऐसे ब्रेकथ्रू तकनीकों की जरूरत और भी बढ़ेगी। वास्तव में यह तकनीक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आइओटी) और वैश्विक डिजिटलीकरण की बढ़ती मांगों को पूरा करने में मदद करेगी। ज्यादा तेज इंटरनेट, ज्यादा तेज विकास भी लेकर आएगा। स्मार्ट सिटी, रिमोट हेल्थ केयर और ऑनलाइन शिक्षा जैसे क्षेत्रों में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। बता दें कि इंटरनेट की स्पीड के मामले में भारत टॉप-10 के देशों में भी शामिल नहीं है। इस डिजिटल युग में, इंटरनेट लगभग सभी के लिए एक बुनियादी ज़रूरत बन गया है। उत्पादकता बढ़ाने के अलावा, हाई-स्पीड इंटरनेट नेटवर्क विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार विकास को भी बढ़ावा देते हैं। हमें जरूरत इस बात की है कि हम वैश्विक सहयोग को मजबूत करें, ताकि हम भी जापान जैसी तकनीकी क्रांति का हिस्सा बन सकें और अपने देश को लगातार ऊंचाइयों व उन्नयन की ओर अग्रसर कर सकें।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार व साहित्यकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हमारा वास्तविक स्वभाव क्या है?



संकलित

## दर्शन

जीवन क्या है? इसका उद्देश्य क्या है? ये प्रश्न जितने सरल लगते हैं, उतने ही रहस्यमय भी हैं। इन्हें जितना समझने की कोशिश करते हैं, वे उतने ही उलझते जाते हैं। दरअसल, जानना हृदय का विषय नहीं है, जीना हृदय का विषय है। रहस्य समझने के लिए नहीं, बल्कि जीने के लिए हैं। जीवन के रहस्य को जीना ही आनंद है। ज्ञान प्राप्त होने से पहले लगता है कि हममें अज्ञान नहीं है। लेकिन जैसे-जैसे ज्ञान बढ़ता है, तो लगता है हममें काफी अज्ञान है। एक कहावत है, आत्मज्ञान होने से पहले लकड़ी काटो और पानी भर कर लाओ। आत्मज्ञान के बाद भी, लकड़ी काटो और पानी भर कर लाओ। अंतर इतना है कि पहले हम दुखी रहकर काम करते थे। लेकिन आत्मज्ञान के बाद वही कार्य आनंद से करते हैं। हमारा जीवन कितना उत्तम है, यह हमारे मन की अवस्था पर निर्भर करता है। हम वही सुनना पसंद करते हैं, जिसमें हमारी रुचि होती है। जब हमारा जीवन प्रेम में केंद्रित होता है, तो हम प्रेम के बारे में जानना चाहते हैं। जब जीवन बच्चों के इर्द-गिर्द घूमता है, तो हम बच्चों के बारे में ही सुनना चाहते हैं। जो हमारी इच्छा हो, हमें वही सुनना पसंद है और हमारी इच्छाओं का कभी अंत ही नहीं होता।

*-श्री श्री रविशंकर*

# संतान गुस्सा हो तो शांत करने की कोशिश जरूर करें



संकलित

## प्रेरणा

पुराने समय में एक दिन शिव जी और पार्वती जी ने विचार किया कि अब गणेश और कार्तिकेय का विवाह कर देना चाहिए। ये विचार करने के बाद उन्होंने कार्तिकेय स्वामी और गणेश जी को बुलाया और दोनों से कहा कि आप दोनों में से जो इस संसार की परिक्रमा करके पहले आएगा, हम उसका विवाह पहले कराएंगे। कार्तिकेय स्वामी तो अपने वाहन मोर पर बैठकर तुरंत उड़ गए, लेकिन गणेश जी अपने वाहन चूहे पर बैठे हुए थे। गणेश जी ने ने तुरंत ही माता-पिता की परिक्रमा कर ली और कह दिया कि आप दोनों ही मेरे लिए संसार हैं। दूसरी ओर, कार्तिकेय स्वामी को संसार की परिक्रमा करके लौटने में थोड़ा समय लग गया। जब कार्तिकेय स्वामी परिक्रमा करके लौटे तो उन्होंने देखा कि गणेश का विवाह हो गया है। गणेश जी को विवाहित देखकर कार्तिकेय स्वामी नाराज हो गए। उन्होंने शिव-पार्वती से कहा कि आपने ये सही नहीं किया है। क्रोधित होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर चले गए। ये क्रौंच पर्वत आज दक्षिण भारत में कृष्णा जिले में कृष्णा नदी के तट पर स्थित है। इसे श्रीपर्वत भी कहते हैं। शिव जी और देवी पार्वती ने कार्तिकेय स्वामी को समझाने की बहुत कोशिशें कीं, लेकिन कार्तिकेय शांत नहीं हुए। शिव-पार्वती समझ गए कि कार्तिकेय बहुत ज्यादा गुस्से में है और ये वापस भी नहीं आएगा। तब दोनों ने तय कि वे ही कार्तिकेय से मिलने जाते रहेंगे। इसके बाद हर अमावस्या पर शिव जी और पूर्णिमा पर देवी पार्वती कार्तिकेय से मिलने श्रीपर्वत पर आती हैं। ऐसी मान्यता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### क्रोध में की गई नासमझी महंगी पड़ती है

हम अपने को हर परिस्थिति में संयमित रख सकते हैं तो बड़ी बात है। उसे ही शिक्षित कह सकते हैं। इसके विपरीत अगर मन में उठने वाली उत्तेजनाओं और आवेगों पर हम कंट्रोल नहीं कर सकते हैं तो यह असंयमित जीवन है। आवेगों को नहीं रोक पाना नासमझी है। आवेग में आदमी इतना उत्तेजित हो जाता है कि अपना आपा खो देता है। आवेग में परिवार उजड़ते जा रहे हैं। उसके बाद में पश्चाताप से कोई फायदा नहीं है। आत्महत्या के कारणों के पीछे भी लोगों की नासमझी ही है। इस तरह की मानसिकता वालों के लिए हर तरह की शिक्षा व्यर्थ है। कोई भी किसी भी कार्य में आदमी सफल नहीं हो सकता है जब तक वह अपना स्वामी स्वयं नहीं है। आत्मसंयम के अभाव में हजारों लोगों का जीवन नष्ट हो जाता है। उनकी अनेक उपलब्धियां इसलिए व्यर्थ हो गई कि उनमें अपने आपको वश में रखने की क्षमता नहीं थी।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

# ऑस्ट्रेलिया में अब तक का सबसे बड़ा सैन्य अभ्यास


ऑस्ट्रेलिया में अब तक का सबसे बड़ा युद्ध अभ्यास 'टैलिसमैन सेबर' शुरू हो चुका है। इस सैन्य अभ्यास के दौरान चीनी जासूसी जहाजों द्वारा निगरानी किए जाने की संभावना जताई जा रही है। 'टैलिसमैन सेबर' अभ्यास की शुरुआत 2005 में अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक द्विवार्षिक संयुक्त सैन्य अभ्यास के रूप में हुई थी। ऑस्ट्रेलिया के रक्षा विभाग ने रविवार को बताया कि इस वर्ष यह अभ्यास पहले से कहीं अधिक व्यापक होगा, जिसमें 19 देशों के 35,000 से अधिक सैन्यकर्मी भाग ले रहे हैं और यह अभ्यास तीन सप्ताह तक चलेगा। इन देशों में कनाडा, फिजी, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, जापान, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, नॉर्वे, पापुआ न्यू गिनी, फिलीपीन, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, थाईलैंड, टोंगा और ब्रिटेन शामिल हैं। मलेशिया और वियतनाम भी इस अभ्यास में पर्यवेक्षक के रूप में भाग ले रहे हैं। यह अभ्यास ऑस्ट्रेलिया के निकटतम पड़ोसी देश पापुआ न्यू गिनी में भी आयोजित किया जाएगा। और यह पहली बार है जब 'टैलिसमैन सेबर' का आयोजन ऑस्ट्रेलिया के बाहर होगा। ऑस्ट्रेलिया के रक्षा उद्योग मंत्री पैट कॉनरॉय ने कहा कि पिछले चार 'टैलिसमैन सेबर' अभ्यासों के दौरान चीनी निगरानी जहाजों ने ऑस्ट्रेलियाई तट के पास नौसैनिक अभ्यासों पर नजर रखी है।



## ऑफ बीट

# शराब से दूरी : केवल एक दिन के परहेज़ से भी होता है फायदा

शराब का हमारे स्वास्थ्य पर कई तरह से नकारात्मक प्रभाव पड़ता है और इनमें से कुछ दुष्प्रभाव तो हैरान कर देने वाले भी हो सकते हैं। इनमें सिरदर्द, चिंता जैसे तात्कालिक प्रभावों से लेकर कैंसर जैसी गंभीर दीर्घकालिक बीमारियां शामिल हैं। शरीर से शराब को पूरी तरह बाहर निकलने में लगभग 24 घंटे लगते हैं। इसके बाद से ही आपको कुछ सुधार महसूस होता है। शराब पीने से बार-बार पेशाब आता है और शरीर में पानी की कमी हो जाती है। लेकिन एक गिलास पानी तुरंत असर करता है, जिससे पाचन, मस्तिष्क कार्य और ऊर्जा स्तर बेहतर होने लगता है। शराब के कारण यकृत रक्त शर्करा को नियंत्रित नहीं कर पाता। जैसे ही शराब शरीर से बाहर निकलती है, ब्लड शुगर सामान्य होने लगता है। रोज शराब पीने वालों को शुरुआत में पसीना आना, मूड में बदलाव, नींद में गड़बड़ी या कंपकंपी जैसी समस्याएं हो सकती हैं, जो आमतौर पर एक सप्ताह में ठीक हो जाती हैं। शराब भले ही शुरुआत में नींद लाती है, लेकिन यह नींद को धीरे धीरे खत्म कर देती है। एक हफ्ते के अंदर आप सुबह ज्यादा तरोताजा महसूस कर सकते हैं। यकृत शराब को डिटॉक्स करने वाला मुख्य अंग है जो हल्की क्षति को जल्दी ठीक कर सकता है। शराब पीना बंद करने से केवल सात दिनों में यकृत की चर्बी कम हो सकती है।



## ट्रेंड

### सुरक्षा के कदम

सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए रेलवे का बड़ा कदम। देशभर के 74000 कोच और 15000 इंजनों में हाई-टेक सीसीटीवी कैमरे लगेंगे। यह पहल अपराध पर निगरानी, महिला सुरक्षा के लिए कारगर सिद्ध होगी।
**-अन्नपूर्णा देवी, महिला एवं बाल विकास मंत्री**



### भारत का समर्थन

बीजिंग पहुँचने पर उपराष्ट्रपति हान झेंग से मिलकर मुझे खुशी हुई। चीन की एससीओ अध्यक्षता के लिए भारत का समर्थन व्यक्त किया। हमारे द्विपक्षीय संबंधों में सुधार पर ध्यान दिया। विश्वास व्यक्त किया कि चर्चाएँ इसी सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ेंगी।
**-एस जयशंकर, विदेश मंत्री**



### किसानों की खुशहाली

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में अन्नदाता किसानों की खुशहाली के लिए जो कदम बढ़ाए गए हैं, वह अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सराहनीय हैं। आज उसी का परिणाम है कि डबल इंजन सरकार की ऊर्जा का लाभ उत्तर प्रदेश ले रहा है।
**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**



### कांवड़ यात्रा की आस्था

कांवड़ यात्रा आस्था का वह पावन संगम है, जो दिल्ली की सड़कों को तीर्थ बना देता है। यह परंपरा हमारे जीवंत सांस्कृतिक संस्कारों की प्रतीक है। इस यात्रा को सहज, सुलभ, सम्मानजनक और भव्य बनाने का अवसर हमें प्राप्त हो रहा है। यह हमारी संस्कृति की सेवा है और सेवा ही हमारा पुण्य है।
**-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली**



### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# ओडिशा यौन उत्पीड़न-आत्मदाह प्रकरण पर कांग्रेस ने मांगा सीएम का इस्तीफा, कहा-मामले की हो न्यायिक जांच

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ओडिशा के बालासोर में यौन उत्पीड़न के मामले में न्याय न मिलने पर कॉलेज छात्रा द्वारा आत्मदाह के प्रयास पर कांग्रेस ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन माझी का इस्तीफा मांगते हुए इस घटना की न्यायिक जांच की मांग की है। इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा और प्रदेश से कांग्रेस विधायक सोफिया फिरदौस ने कहा कि भाजपा शासन में ओडिशा बेटियों के लिए मौत का कुआँ बनता जा रहा है।

महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि बीएड की 20 वर्षीय छात्रा ने 30 जून को बालासोर के फकीर मोहन कॉलेज के प्रिंसिपल दिलीप घोष को एचओडी समीर कुमार साहू द्वारा लगातार यौन उत्पीड़न की हरकतों के बारे में बताया था। एक जुलाई को छात्रा ने भाजपा सांसद, ओडिशा के मुख्यमंत्री और विभाग से शिकायत की। विभाग ने छात्रा को ही उल्टे धमकी दे दी कि अगर वह आरोप साबित नहीं कर पाई तो उस पर कार्रवाई होगी। मामले की जांच कर रही कमेटी ने दस दिनों तक एचओडी के बजाय छात्रा से ही सवाल पूछे। छात्रा 11 दिन बाद धरने पर बैठ गई, लेकिन जब न्याय की उम्मीद ही खत्म हो गई तो उसने कॉलेज कैंपस में खुद को आग के हवाले कर दिया। छात्रा 95 प्रतिशत जल चुकी है और एम्स भुवनेश्वर में गंभीर हालत में भर्ती है।

## भाजपा शासित राज्यों में अपराध चरम पर




लांबा ने कहा कि ओडिशा में महिलाओं के खिलाफ अपराध इसलिए बढ़ रहे हैं, क्योंकि भाजपा-आरएसएस-एबीवीपी अपराधियों को संरक्षण दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि पीड़ित छात्रा एबीवीपी की पदाधिकारी है और उसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ओडिशा दौरे के दौरान उनसे मिलने की कोशिश की थी, लेकिन उसे रोक दिया गया था। महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि ओडिशा के साथ-साथ बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान समेत भाजपा शासित अन्य राज्यों में भी अपराध चरम पर है। ओडिशा में भाजपा के एक साल के शासनकाल में महिलाओं के खिलाफ अपराध के आंकड़े प्रस्तुत करते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध के 2,14,113 मामले सामने आए। बलात्कार के 3,054 और हत्याओं के 1,207 मामले दर्ज हुए।

### प्रतिनिधिमंडल की रिपोर्ट सार्वजनिक करेंगे

लांबा ने ओडिशा दौरे पर आईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी अपील की कि वे उस छात्रा से मिलें जो उसी एम्स में भर्ती है, जहां राष्ट्रपति दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि द्रौपदी मुर्मू देश की राष्ट्रपति हैं और वह ओडिशा की ही हैं, इसलिए उन्हें छात्रा से मिलना चाहिए। महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस मामले को लेकर सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल को पीड़ित परिवार से मिलने भेजा था। उन्होंने कहा कि इस प्रतिनिधिमंडल की रिपोर्ट जल्द ही सार्वजनिक की जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हर तरह से पीड़िता को न्याय दिलाने का प्रयास कर रही है, लेकिन जब कांग्रेस कार्यकर्ता पीड़िता से मिलने गए तो भाजपा सरकार और एबीवीपी ने उन्हें मिलने नहीं दिया। वहीं कांग्रेस विधायक सोफिया फिरदौस ने कहा कि आज एक बार फिर से ओडिशा महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों की वजह से सुर्खियों में है। उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर मुद्दा है। आज ओडिशा में हर जगह महिलाओं और बच्चियों के खिलाफ अपराध हो रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से चुप्पी तोड़कर ओडिशा की जनता को जवाब देने की मांग की।

## खबर संक्षेप

### लॉरी, मिनी ट्रक पर पलटी, 9 की मौत

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के अन्नामय्या जिले में के रेड्डीचेरुवु के पास आम से लदी एक लॉरी के एक मिनी ट्रक पर पलट जाने से नौ लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। आम से लदे ट्रक पर 20 से ज्यादा लोग सवार थे। दुर्घटना रविवार देर रात हुई। जिले के एसपी वी विद्यासागर नायडू ने यह जानकारी दी।



### संध्या पहली महिला सरकारी ड्राइवर बनीं

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मयूरभंज जिले की 45 वर्षीय संध्या रानी माझी राज्य में सरकारी वाहन चालक के रूप में नियुक्त होने वाली पहली महिला बन गई हैं। मयूरभंज के सुलेईपत गांव की रहने वाली संध्या ने स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद 2011 में हल्का और 2023 में भारी मोटर वाहन लाइसेंस हासिल किया।



### साइना ने की पारुपल्ली से अलग होने की घोषणा

**नई दिल्ली।** बैडमिंटन स्टार साइना नेहवाल और उनके पति पारुपल्ली कश्यप अब शादी के बंधन से अलग हो रहे हैं। दोनों ने करीब सात साल पहले शादी की थी। साइना ने इंस्टाग्राम पर तलाक की जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि कभी-कभी जिंदगी हमें अलग राहों पर ले जाती है। हमारी निजता का सम्मान करें, धन्यवाद।



### गोल्डन टेंपल को बम से उड़ाने की धमकी

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में गोल्डन टेंपल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी ईमेल के जरिए आई। इसके बाद गोल्डन टेंपल के अंदर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की टास्क फोर्स और बाहर पुलिस तैनात की गई है। धमकी के बाद गोल्डन टेंपल की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।



## सोनिया-राहुल गांधी की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

# नेशनल हेराल्ड मामले में कोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित, अगली सुनवाई 29 को

मनी लांड्रिंग मामले में चल रहा केस

ईडी के अनुसार, कांग्रेस को दान देने वालों में से कुछ लोगों को पार्टी टिकट भी दिए गए। इससे यह साफ होता है कि दानदाताओं के साथ छल हुआ है। ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सालिसिटर जनरल ने दलील दी कि गांधी परिवार का दावा गलत है कि उनका एजेएल पर कोई नियंत्रण नहीं था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को नेशनल हेराल्ड मनी लांड्रिंग मामले में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की अभियोजन शिकायत पर संज्ञान लेते हुए अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट ने मामले में 29 जुलाई को फैसला सुनाने के लिए तारीख तय की है। इससे पहले बीती सुनवाई को नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राउज एवेन्यू कोर्ट स्थित विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने की अदालत में कहा था कि कांग्रेस पार्टी को दान देने वालों के साथ धोखाधड़ी की गई। ईडी के अनुसार, कांग्रेस को दान देने वालों में से कुछ लोगों को पार्टी टिकट भी दिए गए। इससे यह साफ होता है कि दानदाताओं के साथ छल हुआ है।

ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सालिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने दलील दी कि गांधी परिवार का दावा गलत है कि उनका एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) पर कोई नियंत्रण नहीं था। उन्होंने कहा कि एजेएल ही नेशनल हेराल्ड का मूल प्रकाशक है और इसे गांधी परिवार नियंत्रित करता रहा है। ईडी ने गांधी परिवार और अन्य लोगों के खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) की धारा तीन (मनी लांड्रिंग ) और धारा चार (मनी लांड्रिंग की सजा) के तहत चार्जशीट दाखिल की है। इस केस में सुमन दुबे, सैम पित्रोदा, सुनील भंडारी, यंग इंडियन और डॉटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड भी आरोपी हैं।

### सुमन दुबे, सैम पित्रोदा, सुनील भंडारी पर भी लटक रही तलवार

यंग इंडियन और डॉटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड भी आरोपी



### 2000 करोड़ की संपत्ति पर कब्जा

इस केस में ईडी ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी, दिवंगत कांग्रेसी नेता मोतीलाल वोरा, ऑस्कर फर्नांडिस, सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और प्राइवेट कंपनी यंग इंडियन पर साजिश और मनी लांड्रिंग का आरोप लगाया है। ईडी का दावा है कि यंग इंडियन कंपनी ने धोखाधड़ी से एजेएल की करीब 2000 करोड़ रुपए की संपत्ति पर कब्जा किया। ईडी का कहना है कि राहुल और सोनिया गांधी की यंग इंडियन में 76 फीसदी हिस्सेदारी है। इसी हिस्सेदारी के जरिए उन्होंने एजेएल की संपत्तियों पर नियंत्रण पाया। एजेंसी ने आरोप लगाया है कि सिर्फ 90 करोड़ रुपये के कर्ज के बदले में इतनी बड़ी संपत्ति यंग इंडियन के कब्जे में आ गई, जो मनी लांड्रिंग कानून का उल्लंघन है।

### कोई धोखाधड़ी नहीं की: मनु संघवी

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी की ओर से सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने कोर्ट में अपनी दलीलें पूरी की थीं। उन्होंने भी कहा कि इस मामले में कोई धोखाधड़ी नहीं हुई है और पूरी प्रक्रिया कानूनी ढंग से हुई थी। वहीं, इससे पहले तीन जुलाई को ईडी की ओर से कहा गया था कि गांधी परिवार यंग इंडियन के असली मालिक हैं और कंपनी पर पूरा नियंत्रण उन्हीं का है।

ईडी के सामने रॉबर्ट वाड्रा की पेशी

### संजय भंडारी से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में की पूछताछ



कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और जानेमाने कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा सोमवार को ईडी के सामने पेश हुए। उनसे ब्रिटिश हथियार सलाहकार संजय भंडारी से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ की गई। वाड्रा का बयान धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज किया गया। 56 वर्षीय वाड्रा सुबह 11 बजे के बाद मध्य दिल्ली स्थित संघीय जांच एजेंसी के कार्यालय पहुंचे। उनके साथ केरल की वायनाड लोकसभा सीट से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा भी थीं। रॉबर्ट वाड्रा को एजेंसी ने पिछले महीने बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया था, लेकिन उन्होंने विदेश यात्रा के कारण अपने समन को स्थगित करने का अनुरोध किया था।

#### तीन मामलों में पूछताछ कर रही

केंद्रीय जांच एजेंसी उनसे तीन अलग-अलग धन शोधन मामलों में पूछताछ कर रही है, जिनमें यह मामला भी शामिल है। अन्य दो मामले भूमि सौदों में कथित अनियमितताओं से संबंधित हैं। 63 वर्षीय भंडारी 2016 में आयकर विभाग की ओर से दिल्ली में छापेमारी के तुरंत बाद लंदन भाग गए थे। हाल ही में दिल्ली की एक अदालत ने उन्हें भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया है। इससे पहले पिछले महीने वे ईडी की ओर से समन भेजे जाने के बाद भी पेशी के लिए नहीं आए थे।

## वैवाहिक मामलों पर 'सुप्रीम' टिप्पणी

# पति व पत्नी के चर्चा की गुप्त रिकॉर्डिंग बतौर साक्ष्य स्वीकार्य



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को वैवाहिक मामलों को लेकर अहम टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में पति-पत्नी की बातचीत की गुप्त रिकॉर्डिंग को बतौर साक्ष्य कोर्ट में स्वीकार्य किया जा सकता है। पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले को खारिज करते हुए न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि पति-पत्नी का एक-दूसरे पर नजर रखना इसका सबूत है कि विवाह मजबूत नहीं चल रहा है। इसलिए रिकॉर्डिंग का इस्तेमाल न्यायिक कार्यवाही में किया जा सकता है।

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा था कि पति-पत्नी के बीच गुप्त बातचीत साक्ष्य अधिनियम की धारा 122 के तहत संरक्षित है और इसका इस्तेमाल न्यायिक कार्यवाही में नहीं किया जा सकता। पीठ ने निचली अदालत के आदेश को बहाल रखा और कहा कि वैवाहिक कार्यवाही के दौरान रिकॉर्ड की गई बातचीत पर ध्यान दिया जा सकता है।

### मामूली विवाद से खतरे में हिंदू विवाह

**मुंबई।** आधुनिकता की चकाचौंध में बिखर रहे रिश्तों को लेकर बॉम्बे हाईकोर्ट ने चिंता जताई है। हाईकोर्ट ने एक युवक और उसके परिवार के खिलाफ दर्ज दहेज उत्पीड़न के मामले को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि छोटी-छोटी बात पर हो रहे विवादों के चलते पवित्र माना जाने वाला हिंदू विवाह खतरे में पड़ रहा है। न्यायमूर्ति नितिन साम्ब्रे और न्यायमूर्ति एमएम नेर्लिकर की नागपुर पीठ ने कहा कि वैवाहिक विवादों में अगर पुनर्मिलन संभव नहीं है, तो इसे तत्काल समाप्त कर दिया जाना चाहिए। ताकि दोनों पक्षों का जीवन बर्बाद न हो। अगर पक्षकार आपसी मतभेदों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाना चाहते हैं और शांतिपूर्वक रहना चाहते हैं, तो अदालत का यह कर्तव्य बनता है कि वह उन्हें प्रोत्साहित करे। कोर्ट ने कहा कि विवाह एक आध्यात्मिक मिलन है जो दो आत्माओं को एक साथ बांधता है।

### हिमाचल पुलिस भर्ती: सीबीआई जांच की मांग

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती एक बार फिर विवादों में घिर गई है। अभ्यर्थियों ने हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट से सीबीआई जांच की मांग की है। आरोप है कि पुलिस कांस्टेबल परीक्षा के दौरान प्रश्न पत्र 4-4 लाख रुपए में बेचे गए, जिससे पूरी भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो गए हैं। पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में भी पुलिस भर्ती में गड़बड़ी के आरोप लगे थे और प्रश्न पत्र लीक होने और धांधली के मामले सामने आए थे। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने पुलिस भर्ती परीक्षा में कथित धांधली मामले में प्रदेश सरकार, लोक सेवा आयोग और सीबीआई को नोटिस जारी किया है।

# सरकार की लापरवाही ने घग्गर नदी को 'मौत का दरिया' बना दिया: सैलजा

नदी में 46 कारखानों का वेस्टेज डाला जा रहा, 13 गांवों में पानी पीने योग्य नहीं

कहा, घग्घर नदी को प्रदूषित करने वालों पर नहीं होती कोई कार्रवाई, बढ़ रहे हैं कैंसर रोगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि सरकार की लापरवाही के चलते घग्घर नदी मौत का दरिया बनती जा रही है, इसके किनारे बसे गांवों में पानी प्रदूषित हो रहा है, 13 गांवों में तो पानी पीने योग्य ही नहीं रहा। इस नदी में 46 कारखानों का वेस्टेज डाला जा रहा है फिर भी सरकार हाथ पर हाथ रखकर बैठी हुई है। मजबूरी में किसान खेतों में जहर सींचने को मजबूर हैं, बच्चे बीमार हो रहे हैं। कैंसर रोग तेजी से पैर पसार रहा है जबकि इस क्षेत्र में कैंसर की जांच और उपचार की कोई व्यवस्था तक नहीं है, रोगियों को दूसरे जिले या दूसरे राज्यों की ओर रूख करना पड़ता है।

सांसद सैलजा ने कहा है कि घग्घर नदी के बढ़ते प्रदूषण के कारण हरियाणा का दक्षिण-पश्चिमी हिस्सा आज कैंसर बेल्ट के नाम से बदनाम हो चुका है। यह केवल एक पर्यावरणीय आपदा नहीं, बल्कि एक मानवीय त्रासदी है और इसके लिए जिम्मेदार है हरियाणा की लापरवाह भाजपा सरकार। सांसद ने कहा कि पंजाब और हरियाणा में यह नदी सबसे ज्यादा प्रदूषित हो रही है, फसलों में अंधाधुंध कीटनाशकों का प्रयोग हो रहा है जो पानी के साथ बहता हुआ घग्घर नदी में मिलता है इसके साथ ही पंजाब और हरियाणा में सैकड़ों कारखानों का वेस्टेज नदी में डाले जा रहे हैं। एसटीपी के बिना नगरों का सीवरेज सीधा नदी में डाला जा रहा है।

### भाजपा सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि ऐसा नहीं है कि सरकार को इस बारे में पता ही न हो क्योंकि आए दिन प्रभावित लोग हर मंच पर आवाज उठाते रहते है, वे स्वयं इस गंभीर विषय को लोकसभा में कई बार उठा चुकी है लेकिन 11 वर्षों से सत्ता में बैठी भाजपा सरकार ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। घोषणाएं और विज्ञापन तो बहुत हुए, लेकिन न नदियों की सफाई हुई, न ही प्रदूषण फैलाने वाले कारखानों पर कोई सख्त कार्रवाई। नदी के पानी में टीडीएस का स्तर 1068 एमजी प्रति लीटर तक पहुंच चुका है, जो पीने और खेती दोनों के लिए खतरनाक है। सिरसा, फतेहाबाद, हनुमानगढ़ जैसे जिलों में कैंसर, त्वचा रोग, और बच्चों की बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। 46 से अधिक फैक्ट्रियां जहरीला पानी सीधे नदी में बहा रही हैं, और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मूकदर्शक बना हुआ है। 2025 में ही हरियाणा में कैंसर के 1,678 नए मामले दर्ज किए गए।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने एम्स में बांटी डिग्रियां



**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एम्स, भुवनेश्वर के पांचवें दीक्षांत समारोह में शिरकत कर डिग्रियां प्रदान कीं। राष्ट्रपति ने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में स्थापित एम्स, नवीनतम चिकित्सा विज्ञान और अनुभवी डॉक्टरों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर रहे हैं। इन संस्थानों में लोगों को कम खर्च पर गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि एम्स संस्थानों की सफलता भारत को विश्व स्तर पर एक अग्रणी स्वास्थ्य सेवा केंद्र के रूप में स्थापित करने में मदद करेगी। राष्ट्रपति ने एम्स की 'बर्न यूनिट' का दौरा किया और 20 वर्षीय कॉलेज छात्रा की स्वास्थ्य स्थिति के बारे में जानकारी ली।

## आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया बोले- बिहार में जंगलराज और गुंडाराज

# जदयू-भाजपा सरकार ने बिहार को बनाया 'क्राइम कैपिटल' आदिवासी परिवार का नरसंहार हृदय विदारक: कांग्रेस

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



बिहार के पूर्णिया में हुए आदिवासी परिवार के पांच सदस्यों के जघन्य नरसंहार को हृदय विदारक बताते हुए कांग्रेस ने कहा कि जदयू-भाजपा सरकार ने प्रदेश को देश का 'क्राइम कैपिटल' बना दिया है। इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया ने प्रदेश में बढ़ते अपराधों पर चिंता जताई और कहा कि सरकार इस भयावह घटना को दबाने का प्रयास कर रही है। डॉ. भूरिया ने बताया कि लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के निर्देश पर वे व्यक्तिगत रूप से पीड़ित परिवार से मिलने पूर्णिया गए थे, वहां उन्होंने भय का माहौल देखा और पाया कि पूरा गांव खाली पड़ा था। उन्होंने घटनास्थल की तस्वीरें दिखाईं और उस तालाब की भी, जिसमें एक व्यक्ति अपनी जान बचाने के लिए कूदा था लेकिन उसे निकालकर दोबारा आग के हवाले कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी ने खुद फोन पर मृतकों के परिजनों से बात की और अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए उनके साथ पूरी ताकत से खड़े रहने का भरोसा दिलाया।

### भीड़ ने पहले पीटा फिर जला दिया

कांग्रेस नेता ने छह जुलाई को पूर्णिया के टेटगामा गांव में हुई इस घटना का विस्तृत विवरण देते हुए बताया कि पहले परिवार के सदस्यों को पीटा गया, हाथ-पैर तोड़े गए, फिर जिंदा जला दिया गया। जब वे पूरी तरह से नहीं जले तो उन्हें तड़पने के लिए छोड़ दिया गया, फिर वापस आकर दोबारा जला दिया गया। इस घटना को 200 से 250 लोगों की भीड़ ने अंजाम दिया। उन्होंने पूछा कि इस भीड़ को किसका संरक्षण था? किसने उकसाया था? यह सब सामने आना जरूरी है। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए उनकी चुप्पी पर सवाल उठाए। कहा बिहार में अपराधियों को संरक्षण दिया जा रहा है। इसी वजह से उनका मनोबल इतना बढ़ गया है।

### न सुरक्षा मिल रही, न पानी

कांग्रेस नेता ने बिहार में शराबबंदी पर सवाल उठाते हुए कहा कि बिहार में न सुरक्षा मिल रही है और न पीने योग्य पानी मिल रहा है, लेकिन शराब जरूर मिल रही है। पीड़ित परिवार के घर के पास नल-जल योजना का एक हैंडपंप लगा हुआ है, लेकिन उसमें से पीने लायक पानी नहीं आता है। बिहार में शराबबंदी के बावजूद उन्हें घटनास्थल पर शराब की बोतलें मिलीं, जिससे पता चलता है कि लोगों ने घटना को अंजाम देने से पहले शराब पी थी। उन्होंने पूछा कि जिस राज्य में वर्षों से शराबबंदी है, यदि आज भी वहां शराब मिल रही है, तो क्या यह जंगलराज और गुंडाराज नहीं है?

### आदिवासियों पर हमले हो रहे

डॉ. भूरिया ने कहा कि बिहार के अलावा भाजपा शासित मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में भी आदिवासियों पर लगातार सुनियोजित तरीके से हमले किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकारों द्वारा आदिवासियों को विस्थापित किया जा रहा है और उनकी जमीनें अडानी, अंबानी जैसे बड़े उद्योगपतियों के लिए हड़पी जा रही हैं। कांग्रेस नेता ने मांग की कि पूर्णिया के पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता और स्थाई सुरक्षा मिले। मामले की फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई हो और दोषियों को कड़ी सजा मिले। बिहार सरकार अंधविश्वास, जातीय हिंसा, मॉब लिंचिंग के लिए कठोर नियम बनाए।

## डिप्टी सीएम डीके की फिर सत्ता पर नजर

# भाजपा बोली- कर्नाटक में चल रही हॉर्स ट्रेडिंग, घोड़े बिकने को तैयार, खरीददार रेडी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कर्नाटक में सीएम पद के लिए सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के समर्थकों के बीच जोर-आजमाइश का दौर जारी है। इस बीच भाजपा ने भी तंज कसा है और उसका कहना है कि कर्नाटक में कांग्रेसी आपस में ही बिकने को तैयार हैं। भाजपा ने कहा कि कांग्रेसी घोड़े बिकने को तैयार हैं। डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया के बीच हॉर्स ट्रेडिंग जारी है। केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि दोनों गुटों की तरफ से एक-दूसरे के विधायकों को खरीदने की कोशिश जारी है।

डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया दोनों ही हॉर्स ट्रेडिंग में बिजी हैं। सिद्धारमैया ज्यादा विधायकों के समर्थन का दावा कर रहे हैं। वह पैसे और पावर के दम पर लोगों को अपने पक्ष में करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि फिलहाल घोड़े बाजार में बिकने के लिए तैयार हैं। खरीददार भी रेडी हैं।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका निसिंग | गुल्लारपुर रोड निसिंग में वाल्मिकी शमशान घाट की चारदिवारी का निर्माण। | 12.07.2025 19.07.2025 | रु. 2,09,07,683/- | https://etenders.hry.nic.in | 1745271608 secymc.nissing@yahoo.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/36571/I/88/7 दि. 14.07.25

## खबर संक्षेप

### टाटा टेक्नोलॉजीज का लाभ पांच प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (जून) का एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर 170.28 करोड़ रुपये रहा है। टीटीएल ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 162.03 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

### एनएसई ने मासिक बिजली वायदा अनुबंध किया शुरू




**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया ने सोमवार को मासिक बिजली वायदा अनुबंध शुरू किए। बिजली खरीदारों, विक्रेताओं, खुदरा कारोबारियों को मूल्य जोखिमों का प्रबंधन करने में मदद मिलेगी। अनुबंधों में दोपहर दो बजे तक 4,000 से अधिक लॉट के लिए कारोबार हुआ था, जो 20 करोड़ यूनिट से अधिक बिजली के बराबर है।

### ट्रैवल फूड का शेयर दो फीसदी बढ़कर सूचीबद्ध




**नई दिल्ली।** ट्रैवल फूड सर्विसेज लिमिटेट का शेयर अपने निर्गम मूल्य 1,100 रुपये से दो प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ सोमवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 2.38 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,126.20 रुपये सूचीबद्ध हुआ। एनएसई पर यह 2.27 प्रतिशत की चढ़कर 1,125 रुपये पर पहुंच गया। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 14,222.04 करोड़ रुपये रहा। ट्रैवल फूड सर्विसेज लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को गत बुधवार को बोली के अंतिम दिन तक 2.88 गुना अभिदान मिला था।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# चांदी 5,000 रुपए की छलांग लगा 1.15 लाख रुपए के नए शिखर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- सोना 200 रुपए की मामूली बढ़त के साथ 99,570 रुपए प्रति दस ग्राम

अमेरिकी शुल्क धमकियों को लेकर अनिश्चितताओं के बीच डॉलर की कमजोरी के बाद निवेशकों के सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख करने से सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में चांदी की कीमतें 5,000 रुपये के जोरदार उछाल के साथ 1,15,000 रुपये प्रति किलोग्राम के नए शिखर पर पहुंच गईं। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। शनिवार को चांदी 4,500 रुपये बढ़कर 1,10,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंची थी। संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200-200 रुपये बढ़कर क्रमशः 99,570 रुपये और 99,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गया।

### अनिश्चितताओं के बीच निवेशकों का सुरक्षित विकल्पों की ओर रुख

#### चांदी 14 साल के उच्चतम स्तर पर

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, "चांदी की कीमतें बढ़कर घरेलू बाजार में नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई हैं। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी लगभग 14 साल के उच्चतम स्तर पर है। यह तेजी सोने के विकल्पों के प्रति निवेशकों की रुचि में बदलाव के कारण है।"

*चांदी वायदा में भी तेजी कायम : जिंस एक्सचेंज में चांदी वायदा 2,135 रुपये या 1.88 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,15,136 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अगस्त डिलिवरी वाले सबसे अधिक कारोबार वाला सोने का अनुबंध 518 रुपये या 0.53 प्रतिशत बढ़कर 98,336 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया।*



#### बैंकों के विविधीकरण की मांग से सोने में फिर तेजी

जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड में उपाध्यक्ष, ईबीजी (जिंस और मुद्रा) प्रणव मेर ने कहा, "बढ़ती शुल्क संबंधी अनिश्चितता, रूस-यूक्रेन युद्ध के बढ़ने की संभावना और ईटीएफ निवेशकों व केंद्रीय बैंकों की विविधीकरण की बढ़ती मांग के कारण सोने में फिर से तेजी आई है और कीमतें अपने सर्वकालिक उच्चस्तर की ओर बढ़ने के लिए तैयार हैं।"

#### डॉलर के इंडेक्स में आई कमी

एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष, शोध विश्लेषक (जिंस और मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, "वैश्विक शुल्क को लेकर तनाव के नए सिरे से बढ़ने से सोने की कीमतों में सकारात्मक रुख देखा गया। अमेरिका द्वारा यूरोपीय संघ, कनाडा और मेक्सिको सहित व्यापारिक साझेदारों पर अतिरिक्त शुल्क लगाने और डॉलर इंडेक्स में व्यापक कमजोरी के कारण सोना एक पसंदीदा सुरक्षित निवेश गंतव्य बन गया है।"

### खाने का सामान सस्ता होने से खुदरा महंगाई हुई कम

# खुदरा महंगाई दर छह साल के निचले स्तर 2.1 प्रतिशत पर, थोक मुद्रास्फीति शून्य से नीचे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बेहतर मानसून के साथ सब्जियों समेत अन्य खाने का सामान सस्ता होने से खुदरा मुद्रास्फीति जून में छह साल के निचले स्तर 2.1 प्रतिशत पर रही है। यह भारतीय रिजर्व बैंक के संतोषजनक स्तर से काफी नीचे है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति मई में 2.82 प्रतिशत और जून, 2024 में 5.08 प्रतिशत थी। नवंबर, 2024 से महंगाई दर में लगातार गिरावट आ रही है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने एक बयान में कहा कि इस साल जून में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति सालाना आधार पर 2.1 प्रतिशत रही। इसमें कहा गया, "इस साल मई की तुलना में जून की सकल मुद्रास्फीति में 0.72 प्रतिशत की गिरावट आई है। यह जनवरी, 2019 के बाद महंगाई की सबसे कम दर है। इससे पहले जनवरी, 2019 में मुद्रास्फीति का निचला स्तर 1.97 प्रतिशत था।

#### *सब्जियों की कीमतों में भी गिरावट आई*



*सब्जियों की कीमतों में भी भारी गिरावट आई है। एनएसओ के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार, जून, 2025 में खाद्य वस्तुओं की सालाना महंगाई दर शून्य से नीचे 1.06 प्रतिशत रही। मासिक आधार पर जून, 2025 में खाद्य मुद्रास्फीति में 2.05 प्रतिशत की भारी गिरावट आई है। जून में खाद्य मुद्रास्फीति भी जनवरी, 2019 के बाद सबसे कम रही।*

#### खाद्य पदार्थ, खनिज तेल व गैस की कीमतें घटी

उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा, "मुद्रास्फीति में जून महीने में गिरावट का कारण मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों, खनिज तेलों, मूल धातुओं के विनिर्माण, कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस आदि की कीमतों में कमी है। थोक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार, जून में खाद्य पदार्थों की महंगाई में 3.75 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि मई में इसमें 1.56 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

- खुदरा मुद्रास्फीति जून में छह साल के निचले स्तर पर
- महंगाई रिजर्व बैंक के संतोषजनक स्तर से काफी नीचे है
- नवंबर 2024 से महंगाई दर में लगातार गिरावट आ रही

#### दालों, मांस, मछली, अनाज और चीनी के दाम घटे

एनएसओ ने कहा कि जून, 2025 में मुद्रास्फीति और खाद्य महंगाई में उल्लेखनीय गिरावट मुख्य रूप से अनुकूल तुलनात्मक आधार और सब्जियों, दालों और उसके उत्पादों, मांस और मछली, अनाज और उत्पादों, चीनी और मिष्ठान्न, दूध और उसके उत्पादों तथा मसालों की कीमतों में गिरावट के कारण है।

#### ग्रामीण क्षेत्रों में महंगाई कम रही

ग्रामीण क्षेत्रों में मुद्रास्फीति राष्ट्रीय औसत से कम 1.72 प्रतिशत रही, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह अधिक 2.56 प्रतिशत थी। सबसे कम मुद्रास्फीति तेलंगाना (-0.93 प्रतिशत) में और सबसे अधिक केरल (6.71 प्रतिशत) में रही। अखिल भारतीय स्तर पर, सब्जियों (-19 प्रतिशत), मांस और मछली (-1.62 प्रतिशत), 'दालें और उसके उत्पाद' (-11.76 प्रतिशत) और मसालों (-3.03 प्रतिशत) में सालाना महंगाई में गिरावट आई है।

#### खाद्य और पेय पदार्थ खंड में आई नरमी

इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने खुदरा मुद्रास्फीति के बारे में कहा कि नरमी का मुख्य कारण खाद्य और पेय पदार्थ खंड है। इसमें 75 महीनों के बाद 0.2 प्रतिशत की गिरावट देखी गई, जबकि पिछले महीने इसमें महंगाई 1.5 प्रतिशत रही थी। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति लगातार आठवें महीने उम्मीद से अधिक कम होकर जून, 2025 में 2.1 प्रतिशत पर आ गई।

# जून में भारत का कच्चे तेल का आयात 15.49 लाख टन पर स्थिर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- कच्चे खाद्य तेलों के आयात में 25 फीसदी की वृद्धि
- कच्चे पाम, सोया व सूरजमुखी पर से बीसीडी कम की गई

भारत का वनस्पति तेल आयात जून में पिछले साल के इसी महीने की तुलना में 15.49 लाख टन पर स्थिर रहा है, जबकि कच्चे खाद्य तेलों की खेप में 25 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। उद्योग निकाय सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन (एसईए) ने सोमवार को यह जानकारी दी।

कच्चे तेल के आयात में यह वृद्धि सरकार द्वारा कच्चे पाम तेल, कच्चे सोयाबीन तेल और कच्चे सूरजमुखी तेल सहित कच्चे खाद्य तेलों पर मूल सीमा शुल्क (बीसीडी) को 31 मई से 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत करने के बाद हुई है। जून, 2024 में खाद्य और अखाद्य दोनों प्रकार के वनस्पति तेलों का कुल आयात 15.50 लाख टन रहा था। खाद्य तेल श्रेणी में, कच्चे सूरजमुखी तेलों को छोड़कर, अन्य कच्चे खाद्य तेलों आयात जून, 2025 में 25.64 प्रतिशत बढ़कर 11.51 लाख टन हो गया, जो एक साल पहले जून में 9.16 लाख टन था। हालांकि, कच्चे सूरजमुखी तेल का आयात जून में एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 53.58 प्रतिशत घटकर 2.61 लाख टन रह गया। एसईए के आंकड़ों के अनुसार, जून, 2025 में कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का आयात एक साल पहले के 6.37 लाख टन से 23.55 प्रतिशत बढ़कर 7.88 लाख टन हो गया।

#### एजेंसियों के पास 14 लाख टन सोया व रैपसीड

एसईए ने कहा कि नैफेड, हाफेड और एनसीडीईएक्स सहित एजेंसियों के पास वर्तमान में लगभग 14 लाख टन सोयाबीन और इतनी ही मात्रा में रैपसीड है। एसईए ने कहा, "खाद्य तेलों की बढ़ती कीमतों को देखते हुए केंद्र सरकार आगामी फसल से पहले, अगले तीन महीनों में स्टॉक को पर्याप्त मात्रा में बाजार में जारी करने पर विचार कर सकती है।

## जून में भारत का कच्चे तेल का आयात 15.49 लाख टन पर स्थिर

**नई दिल्ली।** भारत का वनस्पति तेल आयात जून में पिछले साल के इसी महीने की तुलना में 15.49 लाख टन पर स्थिर रहा है, जबकि कच्चे खाद्य तेलों की खेप में 25 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। उद्योग निकाय सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन (एसईए) ने सोमवार को यह जानकारी दी। कच्चे तेल के आयात में यह वृद्धि सरकार द्वारा कच्चे पाम तेल, कच्चे सोयाबीन तेल और कच्चे सूरजमुखी तेल सहित कच्चे खाद्य तेलों पर मूल सीमा शुल्क (बीसीडी) को 31 मई से 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत करने के बाद हुई है। जून, 2024 में खाद्य और अखाद्य दोनों प्रकार के वनस्पति तेलों का कुल आयात 15.50 लाख टन रहा था। खाद्य तेल श्रेणी में, कच्चे सूरजमुखी तेलों को छोड़कर, अन्य कच्चे खाद्य तेलों आयात जून, 2025 में 25.64 प्रतिशत बढ़कर 11.51 लाख टन हो गया, जो एक साल पहले जून में 9.16 लाख टन था। हालांकि, कच्चे सूरजमुखी तेल का आयात जून में एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 53.58 प्रतिशत घटकर 2.61 लाख टन रह गया।



## धोनी द्वारा प्रचारित ज़ेड ब्लैक अगरबत्ती ब्रांड अब हार्वर्ड बिज़नेस स्कूल में बनेगा अध्ययन का विषय

**इंदौर / नई दिल्ली।** क्रिकेटर एम. एस. धोनी द्वारा समर्थित अगरबत्ती ब्रांड 'जोड ब्लैक' अब हार्वर्ड बिज़नेस स्कूल में केस स्टडी बना है। इसकी मूल कंपनी मैसूर दीप परफ्यूमरी हाउस (एमडीपीएच इस पारंपरिक पारिवारिक व्यवसाय को 2027 तक रू. 1,000 करोड़ के सुगंधित साम्राज्य में बदलने के लिए सराहा गया है। एसपी जैन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च के प्रो. तुलसी जयकुमार द्वारा लिखित इस केस को न्यूयॉर्क के फैमान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एफआईटी) सहित वैश्विक संस्थानों में पढ़ाया जा रहा है। यह दर्शाता है कि कैसे एक पारंपरिक रूप से संचालित अगरबत्ती व्यवसाय ने उद्देश्य-आधारित विकास, नवाचार और अंतर्राष्ट्रीय पहुँच हासिल की। 1990 के दशक की शुरुआत में इंदौर के एक गैराज से प्रकाश अग्रवाल द्वारा स्थापित एमडीपीएचू आज दुनिया के प्रमुख अगरबत्ती निर्यातकों में शामिल है।

## शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन रही गिरावट

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 247 अंक टूट गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 68 अंक के नुकसान में रहा। आईटी शेयरों में बिकवाली और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 247.01 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,253.46 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 490.09 अंक टूटकर 82,010.38 अंक तक आ गया था। निफ्टी भी 67.55 अंक यानी 0.27 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,082.30 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 5,104.22 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

### रूसी उद्योग मंडल के प्रमुख आंद्रेई ने दी जानकारी

# रूस देगा भारत के 10 लाख कुशल श्रमिकों को रोजगार

एजेंसी ▶▶| मॉस्को

रूस अपने औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों की कमी को दूर करने के लिए इस साल के अंततक भारत से करीब 10 लाख कुशल कार्यबल को अपने यहां काम करने का मौका देगा। रूस के एक दिग्गज कारोबारी ने यह जानकारी दी है।

रूसी उद्योग मंडल 'यूराल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री' के प्रमुख आंद्रेई बेसेदिन ने समाचार एजेंसी रॉसबिजनेसकंसल्टिंग (आरबीसी) के साथ बातचीत में भारत से कुशल कामगारों को मंगाने की योजना की जानकारी दी।

#### येकातेरिनबर्ग में नया दूतावास खुल रहा

बेसेदिन ने कहा, "जहां तक मुझे पता है, साल के अंततक भारत से 10 लाख विशेषज्ञ कामगार रूस आएंगे। इनमें रूस का स्वेर्दलोव्स्क क्षेत्र भी शामिल है। इससे संबंधित मामलों को देखने के लिए येकातेरिनबर्ग में एक नया महावाणिज्य दूतावास खुल रहा है।'

### रूस अपने औद्योगिक क्षेत्र में श्रमिकों की कमी दूर करेगा

#### श्रीलंका व उ. कोरिया से भी श्रमिक बुलाने पर विचार

आंद्रेई ने कहा कि रूस, श्रीलंका और उत्तर कोरिया से भी श्रमिकों को बुलाने पर विचार कर रहा है, लेकिन यह एक जटिल मुद्दा है। रूसी क्षेत्रों के उद्यमों में भारत से श्रमिकों के आने का सिलसिला 2024 में ही शुरू हो गया था। इन श्रमिकों को कैलिनिनग्राद मछली प्रसंस्करण परिसर 'जा रोदिनू' ने आमंत्रित किया था।



#### रूसी युवाओं का रूझान कारखानों की और नहीं

बेसेदिन ने कहा कि इस क्षेत्र में स्थित औद्योगिक उद्यमों को उत्पादन की मात्रा बढ़ाने की जरूरत है, लेकिन यहां पर समुचित मात्रा में कुशल श्रमिकों की कमी है। उन्होंने इसके पीछे कुछ श्रमिकों के यूक्रेन में जारी रूसी सैन्य अभियान में तैनात होने और रूसी युवाओं के कारखानों में नहीं जाने की प्रवृत्ति को अहम कारण बताया।

#### 2030 तक 31 लाख लोगों की कमी का अनुमान लगाया

आरबीसी समाचार एजेंसी के मुताबिक, रूसी श्रम मंत्रालय ने वर्ष 2030 तक कार्यबल में 31 लाख लोगों की कमी का अनुमान लगाया है। इसने 2025 में योग्य विदेशी श्रमिकों के आमंत्रण का कोटा 1.5 गुना बढ़ाकर 2.3 लाख लोगों तक करने का प्रस्ताव रखा है। रूसी श्रम मंत्रालय का अनुमान है कि रूसी औद्योगिक उद्यमों ने 2024 में गैर-राष्ट्रकुल देशों से 47,000 योग्य प्रवासियों को आकर्षित किया।

## रुपया 22 पैसे टूटकर 86.02 प्रति डॉलर

**मुंबई।** वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने से रुपया सोमवार को 22 पैसे टूटकर 86.02 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी पूंजी की निकासी तथा भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में किसी भी प्रकार की सफलता में देरी से स्थानीय मुद्रा पर दबाव बढ़ा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.96 प्रति डॉलर पर खुला। दिन में 85.92 से 86.05 प्रति डॉलर के सीमित दायरे में कारोबार के बाद अंत में यह 86.02 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। यह पिछले बंद भाव से 22 पैसे की गिरावट है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.80 पर बंद हुआ था। फिनरेक्स ट्रेजरी एडवाइजर्स एलएलपी के कोष प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार भंसाली ने कहा, " भारत-अमेरिका व्यापार समझौता अभी तक नहीं हो पाया है।

## राशिफल

**मेष** — मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क** — किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह** — परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या** — संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला** — नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु** — सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर** — किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ** — आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन** — शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

## शब्द पहेली - 5928


| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | | ■ | 8 | | | ■ | 9 | |
| | ■ | 10 | | | | ■ | 11 | 12 | ■ | |
| 13 | | | ■ | ■ | 14 | | ■ | 15 | 16 | |
| | ■ | | ■ | 17 | | ■ | 18 | ■ | | ■ |
| 19 | 20 | | 21 | | ■ | 22 | | 23 | | 24 |
| ■ | | ■ | | ■ | 25 | | ■ | | ■ | |
| 26 | | 27 | ■ | 28 | | ■ | ■ | 29 | | |
| | ■ | 30 | 31 | ■ | 32 | | 33 | | ■ | |
| 34 | 35 | ■ | 36 | | | ■ | | ■ | 37 | |
| 38 | | | | ■ | 39 | | | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**
1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

**ऊपर से नीचे**
1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

### शब्द पहेली- 5927 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | व | र | दा | न | ■ | म | क | स | द | ■ |
| म | ■ | ■ | न | ■ | अ | ■ | ल | ■ | ■ | नि |
| न | ■ | व्य | व | हा | र | कु | श | ल | ■ | य |
| मा | न | व | ■ | ■ | दा | ■ | ■ | कि | म | त |
| नी | ■ | था | ■ | आ | स | न | ■ | र | न | ■ |
| ■ | र | ■ | हा | रा | ■ | ह | त्या | ■ | का | ■ |
| ■ | क | वि | ■ | म | क | र | ■ | क | ■ | रा |
| ह | म | ला | ■ | ■ | ल | ■ | ■ | म | वे | शी |
| वे | ■ | प | र | व | र | दि | गा | र | ■ | फ |
| ली | ■ | ■ | स | ■ | व | ■ | य | ■ | ■ | ल |
| ■ | र | ह | म | त | ■ | घ | ब | रा | ना | ■ |



# क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट : खिताब पर चेल्सी का कब्जा, पीएसजी को 3-0 से दी मात



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पहुंचे मुकाबला देखने

एजेंसी ▶▶| ईस्ट रदरफोर्ड (अमेरिका)

कोल पामर के दो गोल और जोआओ पेड्रो के एक गोल की मदद से चेल्सी ने यूरोपीय चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को 3-0 से हरा कर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। पामर ने 22वें और 30वें मिनट में पेनल्टी क्षेत्र के अंदर से बाएं पैर से लगभग एक जैसे गोल किए। इसके बाद उन्होंने तीसरा गोल करने में भी मदद की। उनके पास पर जोआओ पेड्रो ने 43वें मिनट में गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा को छकाकर गोल किया, जो दो जुलाई को चेल्सी से जुड़ने के बाद इंग्लैंड के इस क्लब की तरफ से उनका तीसरा गोल है। दो साल पहले मैनचेस्टर सिटी से चेल्सी में शामिल हुए 23 वर्षीय पामर ने इस सत्र में 18 गोल किए हैं।





**विजेता टीम को मिली 11 अरब की इनाम राशि**

खिताब जीतने वाली टीम को ट्रॉफी के साथ करीब 125 मिलियन अमेरिकी डॉलर यानी 11 अरब भारतीय रुपए की इनामी राशि भी मिली, जो कि क्रिकेट वनडे वर्ल्ड कप से 6 गुना से भी ज्यादा है। चेल्सी के युवा खिलाड़ी कोल पाल्मर को गोल्डन बॉल से सम्मानित किया गया। ये अवॉर्ड टूर्नामेंट के बेस्ट खिलाड़ी को दिया जाता है।

### चेल्सी की मजबूत रक्षा पंक्ति के सामने नहीं टिक पाया पीएसजी

पीएसजी ने अपनी तरफ से वापसी के हर संभव प्रयास किए लेकिन चेल्सी की मजबूत रक्षा पंक्ति के सामने उसकी एक नहीं चली। उसे मैच के अंतिम कुछ मिनट 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने पड़े क्योंकि 84वें मिनट में मार्क कुकुरेला को बाल पकड़कर गिराने के कारण जोआओ नेवेस को लाल कार्ड दिखा कर बाहर कर दिया गया था। इससे पहले टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाली पीएसजी की टीम इस सत्र में लीग 1, कूप डी फ्रांस और अपना पहला चैंपियंस लीग खिताब हासिल करने के बाद अपना चौथा खिताब जीतने की कोशिश में थी। मेटलाइफ स्टेडियम में खेले गए इस फाइनल मैच को देखने के लिए 81,188 दर्शक उपस्थित थे, जिनमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी शामिल थे।

## खबर संक्षेप



### अमुंडी एवियन चैंपियनशिप ग्रेस किम ने जीता खिताब

**ऐक्स-लेस-बेन्स (फ्रांस)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक अंतिम दौर में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई और दो ओवर 73 का स्कोर बनाकर अमुंडी एवियन चैंपियनशिप में संयुक्त 28वें स्थान पर रहीं। अदिति का कुल स्कोर अंडर 279 रहा। वह शीर्ष 10 खिलाड़ियों में जगह नहीं बना सकी लेकिन इस प्रतियोगिता में उन्होंने अपना दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वह एक साल पहले इस प्रतियोगिता में संयुक्त 17वें स्थान पर रही थीं। अदिति ने लगातार नौ पार के साथ शुरुआत की और फिर लगातार चार बोगी कीं, जिससे शीर्ष 10 में जगह बनाने की उनकी उम्मीदें धूमिल हो गईं। उन्होंने 17वें और 18वें होल पर बर्डी लगाकर वापसी की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

### फ्रेंचाइजी टूर्नामेंटों के कारण क्रिकेट हुआ अधिक दोस्ताना

**लंदन।** इंग्लैंड के सहायक कोच मार्कस ट्रेस्कोथिक का मानना है कि दुनिया भर में फ्रेंचाइजी टूर्नामेंटों के कारण क्रिकेट अधिक दोस्ताना हो गया है और लॉर्ड्स टेस्ट में भारत और मेजबान टीम के बीच चल रही



कड़ी प्रतिस्पर्धा खेल के लिए अच्छी है। भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट मैच के दौरान दोनों टीम के खिलाड़ियों के बीच शाब्दिक जंग देखने को मिली लेकिन किसी तरह का तनाव पैदा नहीं हुआ और ट्रेस्कोथिक का मानना है कि यह खेल के लिए अच्छा है। ट्रेस्कोथिक ने कहा, 'प्रतिस्पर्धी बने रहने से निश्चित रूप से स्थिति में मदद मिलती है। इससे श्रृंखला का माहौल अच्छा बनता है। पिछले कुछ वर्षों में क्रिकेट थोड़ा ज़्यादा दोस्ताना हो गया है क्योंकि खिलाड़ी दुनिया भर में फ्रैंचाइजी टूर्नामेंटों में एक साथ खेलते हैं। कभी-कभी खेल में कुछ नया करना अच्छा होता है।' उन्होंने कहा, 'दोनों टीमें खेल को लेकर जुनूनी हैं और उनके बीच माहौल गर्म होना स्वाभाविक है।

### हरिका-वैशाली प्री-क्वार्टर फाइनल में, वंतिका बाहर

**बातुमी (जॉर्जिया)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी हरिका और आर वैशाली ने सोमवार को यहां फिडे विश्व महिला शतरंज कप के टाई-ब्रेकर में क्रमशः यूनान की त्सोलाकिडोउ स्टावरौला और अमेरिका की कैरिसा यिप को हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। हरिका ने टाई-ब्रेक गेम के दूसरे सेट में स्टावरौला की चुनौती को खत्म किया जबकि वैशाली ने अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए यिप को पहले सेट में ही धराशाई कर दिया। कोनेरू हम्पी और दिव्या देशमुख पहले ही अंतिम 16 में पहुंच चुकी हैं, जिससे अंतिम 16 में चार भारतीय खिलाड़ी है। ग्रांडमास्टर वंतिका ग्रेवाल हालांकि रूस की कटेरीना लाग्नो से हारकर बाहर हो गईं। उन्होंने काफी जुझारूपन दिखाया लेकिन लाग्नो का अनुभव भारी पड़ा। इस प्रतियोगिता में विजेता को 50,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि मिलेगी। इसके अलावा शीर्ष तीन में रहने वाली खिलाड़ी अगले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगी।

### 193 रन नहीं बना सकी टीम इंडिया, आर्चर-स्टोक्स को 3-3 विकेट

# जडेजा के नाबाद अर्धशतक के बावजूद 22 रन से हारा भारत, इंग्लैंड को 2-1 की बढ़त

एजेंसी ▶▶| लंदन

रविंद्र जडेजा के नाबाद जुझारू अर्धशतक के बावजूद भारत को यहां लाडर्स में तीसरे क्रिकेट टेस्ट के पांचवें और अंतिम दिन सोमवार को यहां 22 रन से हार का सामना करना पड़ा जिससे इंग्लैंड ने पांच मैच की श्रृंखला में 2-1 की बढ़त बना ली। स्पिनर शोएब बशीर (छह रन पर एक विकेट) ने मोहम्मद सिराज (04) को बोल्ड करके इंग्लैंड को जीत दिलाई। इंग्लैंड के 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत चार साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी कर रहे जोफ्रा आर्चर (55 रन पर तीन विकेट), कप्तान बेन स्टोक्स (48 रन पर तीन विकेट) और ब्राइडन कार्स (30 रन पर दो विकेट) की तूफानी गेंदबाजी के सामने 74.5 ओवर में 170 रन पर आउट हो गया। क्रिस वोक्स (21 रन पर एक विकेट) ने भी एक विकेट चटकाया। आर्चर ने अपना पिछला टेस्ट फरवरी 2021 में अहमदाबाद में भारत के खिलाफ ही खेला था। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 82 रन तक सात विकेट गंवा दिए थे लेकिन जडेजा (नाबाद 61 रन, 181 गेंद, चार चौके, एक छक्का) ने नितीश कुमार रेड्डी (13) के साथ आठवें विकेट के लिए 91 गेंद में 30, जसप्रीत बुमराह (05) के साथ नौवें विकेट के लिए 132 गेंद में 35 और सिराज के साथ अंतिम विकेट के लिए 80 गेंद में 23 रन की साझेदारी करके अप्रत्याशित जीत की उम्मीद जगाई थी लेकिन टीम को हार से नहीं बचा पाए। श्रृंखला का चौथा टेस्ट मैनचेस्टर में 23 जुलाई से खेला जाएगा। इंग्लैंड ने पहला टेस्ट पांच विकेट से जीता था जिसके बाद भारत ने जोरदार वापसी करते हुए बर्मिंघम में दूसरा टेस्ट 336 रन से अपने नाम करके श्रृंखला बराबर की थी।



### मैदान में जडेजा और कार्स की बीच तीखी बहस



*भारत और इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स में तीसरा टेस्ट मैच के आखिरी दिन रविंद्र जडेजा और इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स के बीच मैदान पर टक्कर हो गई। इसके बाद बात इतनी बढ़ गई कि दोनों के बीच बहस हो गई। बाद में इंग्लैंड कप्तान बेन स्टोक्स को बीच में आकर मामला शांत कराना पड़ा। ये घटना 35वें ओवर की आखिरी गेंद के बाद हुई। जडेजा ने एक शॉट खेला और रन लेने के लिए दौड़े। उसी समय कार्स भी गेंद की तरफ देख रहे थे और दोनों आपस में टकरा गए। कार्स को गुस्सा आ गया क्योंकि उनका संतुलन बिगड़ गया था। जडेजा को भी चोट लग सकती थी। दोनों के बीच तीखी बहस हुई, जिसके बाद स्टोक्स ने बीच बचाव किया।*

### गिल ने द्रविड़ और कोहली को छोड़ा पीछे

शुभमन गिल ने लॉर्ड्स टेस्ट की दोनों पारियों में क्रमशः 16 और 6 रन बनाए। इसी के साथ उनके एक सीरीज में 607 रन हो गए। इस मैच से पहले गिल ने चार पारियों में 585 रन बना लिए थे। अब वह इंग्लैंड में एक ही सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने द्रविड़ को पीछे छोड़ दिया। पूर्व भारतीय कप्तान ने 2002 में छह पारियों में 602 रन बनाए थे। वहीं, कोहली ने 10 पारियों में 593 रन बनाए थे। अब गिल ने उन्हें पीछे छोड़ दिया है।


### आईसीसी ने सिराज पर ठोका जुर्माना



लंदन। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज पर लाडर्स में तीसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट का विकेट लेने के बाद आक्रामक प्रतिक्रिया के लिए सोमवार को मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और उनके खाते में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया।

**विश्व के नंबर-1 खिलाड़ी सिनर ने कहा**

## अल्काराज पर जीत ने विंबलडन खिताब को खास बना दिया



एजेंसी ▶▶| लंदन

यनिक सिनर हर हाल में विंबलडन का खिताब जीतना चाहते थे फिर चाहे फाइनल में उनका प्रतिद्वंद्वी कोई भी हो, लेकिन अब उन्होंने स्वीकार किया है कि कार्लोस अल्काराज पर जीत ने इसे खास बना दिया है।

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सिनर ने रविवार को यहां फाइनल में पिछले दो बार के विजेता अल्काराज के खिलाफ 4-6, 6-4, 6-4, 6-4 से जीत हासिल करके पहली बार विंबलडन चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। सिनर ने मैच के बाद कहा, 'यह निश्चित तौर पर काफी मायने रखता है क्योंकि जब आप किसी के खिलाफ कई बार हार जाते हैं, तो यह आसान नहीं होता है।' सिनर इससे पहले अल्काराज के खिलाफ लगातार पांच मैच हार चुके थे और उनके लिए पिछले महीने फ्रेंच ओपन के फाइनल में खेले गए मैच से ज़्यादा निराशाजनक कुछ नहीं था। सिनर ने उस मैच में दो सेट की बढ़त हासिल की, फिर तीन चैंपियनशिप प्वाइंट हासिल किए लेकिन आखिर में पांच घंटे 29 मिनट तक चले मैच में पांच सेटों में हार गए। सिनर ने कहा, 'मैं कार्लोस को हमेशा अपना आदर्श मानता हूं, क्योंकि आज भी मुझे लगा कि वह कुछ चीज़ें मुझसे बेहतर कर रहा है।

### आरोन बने सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाज कोच



**हैदराबाद।** भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज वरुण आरोन को सनराइजर्स हैदराबाद ने 2026 के आईपीएल सत्र के लिए सोमवार को अपना गेंदबाजी कोच नियुक्त किया। आरोन न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स फ्रैंकलिन की जगह लेंगे। सनराइजर्स ने अपने 'एक्स' पर लिखा, 'हमारे कोचिंग स्टाफ में एक शानदार इजाफा। वरुण आरोन का हमारे नए गेंदबाजी कोच के रूप में स्वागत है। आरोन ने 2011 और 2015 के बीच भारत के लिए नौ टेस्ट और उतने ही वनडे खेले थे।

**जापान ओपन सुपर बैडमिंटन टूर्नामेंट**

## सात्विक-चिराग की निगाह खिताब सिंधू-लक्ष्य की फॉर्म में वापसी पर



एजेंसी ▶▶| टोकिया

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से शुरू हो रहे जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपने अच्छे प्रदर्शन को जारी रखने और खिताबी सूखे को खत्म करने की कोशिश करेगी।

वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग की जोड़ी इस सत्र में तीन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंची है। इसके अलावा उन्होंने पिछले महीने इंडोनेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी जगह बनाई थी लेकिन इस सत्र में अभी तक खिताब नहीं जीत पाए हैं। जनवरी में मलेशिया और इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद यह स्टार जोड़ी सात्विक की स्वास्थ्य समस्याओं और चिराग की पीठ की चोट के कारण कई सप्ताह तक बाहर रही। उन्होंने पूरी तरह से फिट होने के बाद अच्छी वापसी की तथा सिंगापुर ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई और इंडोनेशिया में क्वार्टर फाइनल में पहुंचे। जापान ओपन में यह जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत कोरिया के कांग मिन ह्युक और की डोंग जू के खिलाफ करेगी।

### लक्ष्य सेन का पहला मुकाबला वांग झेंग जिंग से

एकल वर्ग में लक्ष्य सेन और पीवी सिंधू 950,000 डॉलर इनामी प्रतियोगिता में अपनी फॉर्म फिर से हासिल करने की उम्मीद करेंगे। लक्ष्य इस सत्र में कई बार पहले दौर में ही बाहर हो गए हैं। वर्तमान सत्र में उनका सबसे अच्छा प्रदर्शन ऑल इंग्लैंड में क्वार्टर फाइनल में पहुंचना रहा। सिंगापुर ओपन में लिन चुन-यी के खिलाफ पीठ की चोट के कारण रिटायर होने के बाद उन्होंने इंडोनेशिया में दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी शी यू की के खिलाफ हार के दौरान वापसी की झलक दिखाई। यह 23 वर्षीय खिलाड़ी अपने पहले मैच में चीन के वांग झेंग जिंग का सामना करेगा।

### सिंधू का इंडिया ओपन में रहा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

विश्व में 16वीं रैंकिंग वाली सिंधू के लिए जनवरी में इंडिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचना 2025 में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। पूर्व विश्व चैंपियन इस साल चार बार पहले दौर और तीन बार दूसरे दौर से बाहर हो चुकी हैं। वह कोरिया की सिम यू जिन के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। भारत के अन्य खिलाड़ियों में इस वर्ष की शुरुआत में ताइपे ओपन सेमीफाइनलिस्ट रहीं उन्नति हुड्डा का सामना पहले दौर में थाईलैंड की सातवीं वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग से, जबकि अनुपमा उपाध्याय का सामना हमवतन भारतीय रक्षिता रामराज से होगा।

## महिला विश्व कप : दिव्या हम्पी अंतिम-16 में

**बातुमी (जॉर्जिया)।** महिला ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख और ग्रैंडमास्टर बनने वाली देश की पहली महिला खिलाड़ी कोनेरू हम्पी ने यहां विपरीत अंदाज में फिडे महिला विश्व कप शतरंज टूर्नामेंट के अंतिम-16 में जगह बनाई। दिव्या को अंतिम 16 में पहुंचने के लिए आधा अंक की जरूरत थी, जो उन्होंने सर्बिया की टेओडोरा इंजाक के खिलाफ ड्रॉ खेल कर हासिल कर लिया लेकिन हम्पी को पोलैंड की कुलोन क्लॉडिया को हराने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। भारत की जहां दो खिलाड़ियों ने अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की कर ली है वहीं तीन अन्य भारतीय खिलाड़ी डी. हरिका, वंतिका अग्रवाल और आर वैशाली भी अंतिम-16 में जगह बना सकती हैं, लेकिन यह सब टाईब्रेकर में उनके प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। ग्रैंडमास्टर हरिका ने यूनान की त्सोलाकिडोउ स्टावरौला के साथ लगातार ड्रॉ खेलकर खुद को प्री-क्वार्टर फाइनल की दौड़ में बनाए रखा, जबकि वंतिका रूस की कैटरीना लाग्नो पर पहले दौर की जीत के बाद दूसरे दौर में हार गई जिससे स्कोर बराबर हो गया। इस प्रतियोगिता में विजेता को 50,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि मिलेगी।



## एमएलसी ट्रॉफी : एमआई न्यूयॉर्क ने वाशिंगटन फ्रीडम को हराया, खिताब किया अपने नाम

एजेंसी ▶▶| डलास (अमेरिका)

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक के शानदार अर्धशतक की मदद से एमआई न्यूयॉर्क ने ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में वाशिंगटन फ्रीडम को पांच रन से हराकर तीन साल में अपनी दूसरी मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) ट्रॉफी जीती।

डी कॉक की 46 गेंदों पर छह चौकों और चार छक्कों की मदद से खेली गई 77 रन की पारी की बदौलत आईपीएल फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस के स्वामित्व वाली एमआई न्यूयॉर्क ने 20 ओवर में सात विकेट पर 180 रन का चुनौती पूर्ण स्कोर बनाया। इसके जवाब में न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र के तेज तर्रार 70 रन (41 गेंद) और उनके हमवतन ग्लेन फिलिप्स के नाबाद 48 रन के बावजूद वाशिंगटन फ्रीडम की टीम चार विकेट पर 175 रन ही बना सकी। यह मुंबई इंडियंस का विश्व स्तर पर 13वां और 2025 में तीसरा खिताब है। इससे पहले इस साल की शुरुआत में एमआई केपटाउन की टीम एसए20 और मुंबई इंडियंस की महिला टीम महिला प्रीमियर लीग में चैंपियन बनी थी।




**वेस्टइंडीज-ऑस्ट्रेलिया तीसरा टेस्ट : ऑस्ट्रेलिया ने 181 रन की बढ़त हासिल की**

# वेस्टइंडीज की आक्रामक तेज गेंदबाजी के सामने नहीं टिक पाए कंगारू

एजेंसी ▶▶| किंग्स्टन (जमैका)

कैमरन ग्रीन की नाबाद पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन वेस्टइंडीज की आक्रामक तेज गेंदबाजी के सामने 99 रन पर छह विकेट गंवाने के बावजूद कुल 181 रन की बढ़त हासिल कर ली। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय ग्रीन 42 रन बनाकर खेल रहे थे। उनके साथ दूसरे छोर पर कप्तान पैट कमिंस पांच रन बनाकर खेल रहे हैं। तीनों सत्र में तेज गेंदबाजों का दबदबा रहा और दोनों टीमों के 15 विकेट गिरे।

### खराब रही ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी की शुरुआत

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजों ने रात्रि टेस्ट मैच में इससे पहले वेस्टइंडीज को पहली पारी में 143 रन पर आउट करके अपनी टीम को 82 रन की बढ़त दिला दी थी। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 225 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही तथा उन्हें तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ (19 रन देकर तीन विकेट) और शमर जोसेफ (26 रन देकर दो विकेट) की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। शमर जोसेफ़ ने दूसरे ओवर में सैम कोंस्टास (00) आउट कर दिया, जिससे ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी का पतन शुरू हो गया।



### कोंस्टास का प्रदर्शन निराशाजनक

19 वर्षीय कोंस्टास का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। उन्होंने छह पारियों में 50 रन बनाए हैं। उस्मान ख्वाजा (14) और स्टीव स्मिथ (05) दोनों नहीं चल पाए और बोल्ड होकर पवेलियन लौटे। इसके बाद अल्जारी जोसेफ ने 21वें ओवर में ब्यू वेबस्टर (13) और एलेक्स कैरी (00) को आउट करके ऑस्ट्रेलिया का स्कोर छह विकेट पर 69 रन कर दिया।

### नहीं चल पाए वेस्टइंडीज के बल्लेबाज

इससे पहले वेस्टइंडीज के बल्लेबाज भी नहीं चल पाए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने 34 रन देकर तीन जबकि जोश हेज़लवुड तथा पैट कमिंस ने दो-दो विकेट लिए, जिससे वेस्टइंडीज़ अपनी पहली पारी में सिर्फ़ 52 ओवर में ही आउट हो गया। वेस्टइंडीज की तरफ से जॉन कैम्पबेल ने सर्वाधिक 36 रन बनाए जबकि शाई होप (23) 20 रन की संख्या पार करने वाले दूसरे बल्लेबाज रहे।

## खबर संक्षेप

### चर्च में फायरिंग, दो महिलाओं की मौत

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के केंटकी राज्य के लेक्सिंग्टन के चर्च में फायरिंग में दो महिलाओं की मौत



हो गई। दोनों महिलाओं की उम्र 72 साल और 32 साल बताई जा रही है। इसके अलावा दो अन्य लोग भी घायल हुए हैं, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है, जबकि दूसरे की हालत स्थिर है। हमलावर को घटनास्थल पर ही मार गिराया गया। उसकी पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है, क्योंकि अभी उसके परिवार को सूचना दी जानी बाकी है।

### सीरिया में दो गुटों में जंग, 30 की मौत

**दमिश्क।** सीरिया के स्वैदा इलाके में ड्रूज मिलिशिया और सुन्नी बेदुइन कबीलों के बीच हुई हिंसक झड़पों



में 30 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई और करीब 100 घायल हुए हैं। झगड़े की शुरुआत अपहरण और लूट से हुई थी। स्थिति पर काबू पाने के लिए सीरियाई सेना को तैनात किया गया है। धार्मिक अल्पसंख्यक की मिलिशिया और सुन्नी बेदुइन कबीलों के बीच हुई हिंसक झड़पों ने देश में अस्थिरता को उजागर किया है।

### गाजा में इजराइली हमलों में 30 मारे गए

**दीर अल-बलाह।** गाजा पट्टी में इजराइली हमलों में छह बच्चों



सहित कम से कम 30 लोग मारे गए। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार युद्धविराम कराने के प्रयासों के बावजूद हुआ। इजराइली बंधकों को रिहा कराने के लिए जारी बातचीत में कोई सफलता मिलती नहीं दिख रही। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पिछले सप्ताह अमेरिका के डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के साथ समझौते पर चर्चा करने के लिए वाशिंगटन में थे, युद्धविराम के दौरान इजराइली सैनिकों की तैनाती को लेकर एक नया पेंच सामने आया है।

# शहबाज और तुर्की के खलीफा के खिलाफ पलटवार की तैयारी!

अभ्यास का मकसद दोनों देशों के बीच सामरिक संबंध मजबूत करना

## पाक की नाक के नीचे ग्रीस की नौसेना संग इंडियन नेवी का अभ्यास

*भारतीय नौसेना और हेलेनिक (ग्रीक) नेवी ने अरब सागर में मुंबई तट के पास संयुक्त अभ्यास) आयोजित किया है, 10 जुलाई को यह अभ्यास किया गया*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ग्रीस की नौसेना (हेलेनिक नेवी) के फ्रिगेट पीएसएआरए और भारतीय नेवी के फ्रिगेट तरकश (एफ-50) ने मुंबई तट के पास संयुक्त अभ्यास किया है। 10 जुलाई को अरब सागर में किए गए इस अभ्यास का मकसद दोनों देशों के बीच सामरिक संबंध मजबूत करना है। भारतीय नौसेना की पश्चिमी कमान ने अभ्यास की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करते हुए इसकी जानकारी दी है। दूसरी ओर इसे भारत की ओर से तुर्की-पाकिस्तान गठजोड़ को जवाब देने की कोशिश के तौर पर भी देखा जा रहा है। तुर्की ने पाकिस्तान के साथ मिलकर जल क्षेत्र में प्रभाव बढ़ाने की कोशिश है। ऐसे में भारत ही सहयोगी देशों के साथ अभ्यास करते हुए अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है।

मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार भारत के साथ अभ्यास उनकी नौसेना की अंतरराष्ट्रीय जल में लगातार मौजूदगी का हिस्सा है। इससे दोनों देशों के बीच सामरिक रिश्ते और मजबूत होंगे। हालिया वर्षों में पूर्वी भूमध्य सागर, मध्य पूर्व और इंडो-पैसिफिक में भूराजनीतिक बदलावों के कारण ग्रीस-भारत का रिश्ता और महत्वपूर्ण हो गया है।

**खास बातें**

- दोनों देशों के बीच सामरिक रिश्ते और मजबूत होंगे
- भारतीय नेवी के फ्रिगेट तरकश (एफ-50) ने मुंबई तट के पास संयुक्त अभ्यास किया था



**तालमेल बेहतर करने पर जोर**

*ग्रीस और भारत के इस साझा अभ्यास के दौरान नौसेना संचार के साथ उन्नत युद्धाभ्यास किए गए। इससे दोनों नौसेनाओं की संचालन क्षमता का परीक्षण हुआ। ऐसे अभ्यासों का लक्ष्य वास्तविक परिस्थितियों में सामरिक सहयोग को बढ़ाना है। साथ ही कमान और नियंत्रण प्रक्रियाओं की आपसी समझ को बढ़ाना है। भारत और ग्रीस का यह पीएएसएसईएक्स (पासिंग अभ्यास) है। पीएएसएसईएक्स मित्र देशों की नौसेनाओं के जहाज आसपास होने पर किया जाता है। भारत और ग्रीस के बीच संबंधों में 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ग्रीस यात्रा के बाद बेहतरी आई है। इसके बाद दोनों देशों ने सैन्य संबंधों को मजबूत किया है।*

**पाक पर भारत की नजर!**

भारत ने पाकिस्तान के साथ मई में हुए सैन्य संघर्ष के बाद ग्रीस, साइप्रस और इजराइल के साथ एक नई धुरी विकसित करने की कोशिश की है। यह पाकिस्तान, तुर्की और अजरबैजान के गठजोड़ की जवाबी कार्रवाई की तरह भी है। ग्रीस को भारत एक अहम भागीदार मानता है। ऐसे में हालिया समय में दोनों देशों के रक्षा संबंध बेहतर हुए हैं।

### एससीओ की बैठक से पहले चीन के उप-राष्ट्रपति हान झेंग के साथ हुई बैठक में बोले विदेश मंत्री

# जटिल हालातों में पड़ोसी होने के नाते भारत-चीन के बीच संवाद महत्वपूर्णः जयशंकर

*दोनों देशों के बीच 2020 में शुरू हुए एलएसी विवाद के बाद पहली चीन यात्रा पर डॉ.एस. जयशंकर*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दुनिया के कुछ भागों में जारी युद्ध और संघर्ष के चलते जटिल बने हुए हालातों के बीच सोमवार को चीन की राजधानी बीजिंग में विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर की चीन के उप-राष्ट्रपति हान झेंग के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें जयशंकर ने अपने संबोधन की शुरुआत में ही भारत और चीन संबंधों को और अधिक सामान्य बनाने के लिए बतौर पड़ोसी देश और प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं होने का जिक्र करते हुए विचारों और दृष्टिकोण के खुले आदान-प्रदान की खासी अहमियत बताई। उन्होंने कहा, भारत-चीन संबंधों के लगातार सामान्य बने रहने से पारस्परिक रूप से लाभकारी परिणाम मिल सकते हैं। वर्ष 2020 के मध्य में दोनों देशों के बीच पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर हुए सैन्य विवाद के बाद यह पहला मौका है। जब भारत के विदेश मंत्री चीन की यात्रा कर रहे हैं। जून-2020 में दोनों सेनाओं के बीच हुई गलवान घाटी की खूनी हिंसक झड़प के बाद यह विवाद न केवल अपने चरम पर जा पहुंचा था। बल्कि भारत-चीन संबंध भी गर्त में जा पहुंचे थे। चीन इस वर्ष एससीओ की अध्यक्षता कर रहा है और भारत ने उसे इसके सफल आयोजन के लिए अपना समर्थन प्रदान किया है। विदेश मंत्री ने 'एक्स' पर इस मुलाकात पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि 'उप-राष्ट्रपति झेंग के समक्ष चीन की एससीओ की अध्यक्षता के लिए भारत का समर्थन व्यक्त किया। दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में सुधार पर ध्यान दिया। साथ ही ये विश्वास जताया कि मेरी इस यात्रा के दौरान होने वाली चर्चाएं सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ेंगी।

### सकारात्मक दिशा में बढ़ेंगी चर्चाएं



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि दोनों देशों के संबंधों में रूस के कजान शहर में 23 अक्टूबर 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक के बाद लगातार सुधार हो रहा है। मुझे विश्वास है कि इस यात्रा में मेरी चर्चाएं सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ेंगी। जयशंकर ने कहा कि भारत और चीन अपने कूटनीतिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। कैलाश मानसरोवर यात्रा की फिर से हुई शुरुआत की भारत में बड़े पैमाने पर सराहना की जा रही है। संबंधों के लगातार सामान्य होने से पारस्परिक रूप से लाभकारी नतीजे निकल सकते हैं।

### आज एससीओ की बैठक में भाग लेंगे जयशंकर

अपनी मौजूदा विदेश यात्रा के दूसरे और अंतिम चरण के तहत जयशंकर 14 जुलाई को चीन पहुंचे थे। मंगलवार को वह चीन की अध्यक्षता में तियानजिन में आयोजित किए जाने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। एससीओ की इस बैठक से इतर विदेश मंत्री की समूह देशों के विदेश मंत्रियों और अन्य प्रतिनिधियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें होंगी। एससीओ के विदेश मंत्रियों की बैठक में पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार की मौजूदगी भी देखने को मिलेगी। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई भारत की ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के बाद यह पहला मौका होगा। जब भारत-पाकिस्तान के विदेश मंत्री एससीओ के मंच पर एक साथ नजर आएंगे। दोनों के बीच हालांकि किसी द्विपक्षीय बैठक की फिलहाल कोई संभावना नहीं है। वहीं, चीन से पहले जयशंकर ने सिंगापुर का दौरा किया था और वहां पर सिंगापुर के उप-प्रधानमंत्री के साथ एक अहम मुलाकात में द्विपक्षीय आदान-प्रदान से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया था।

### एक-दूसरे की सफलता में योगदान देंः झेंग

चीन के उप-राष्ट्रपति हान झेंग ने बैठक में कहा, दोनों देशों के शीर्ष नेताओं के बीच कजान में हुई बैठक संबंधों की नई शुरुआत का एक नया पड़ाव साबित हुआ है। भारत और चीन दो बड़े विकासशील देश होने के अलावा वैश्विक दक्षिण के दो महत्वपूर्ण सदस्य भी हैं। इस लिहाज से दोनों देश भागीदार के रूप में अच्छी पसंद हैं और एक-दूसरे की सफलता में भी योगदान दे सकते हैं। उन्होंने दोनों शीर्ष नेताओं के बीच बनी हुई सहमति से जुड़े तमाम बिंदुओं के भविष्य में क्रियान्वयन का आह्वान किया। जिसमें सहयोग को निरंतर बढावा देने, आपसी चिंताओं का सम्मान करने और संबंधों के सतत और स्थायी विकास पर जोर दिया।

### आतंकवाद पर नहीं चलेंगे दोहरे मापदंड

बता दें कि विदेश मंत्री से पहले पिछले जून महीने में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन की यात्रा थी और एससीओ के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भाग लिया था। इस दौरान राजनाथ ने भारत की तरफ से बैठक के अंत में जारी किए जाने वाले संयुक्त घोषणापत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए। क्योंकि उसमें पाकिस्तान और चीन ने मिलकर पहलगाम हमले का कोई उल्लेख नहीं किया। जबकि पाकिस्तान के बलूचिस्तान में हुए आतंकी हमले को दस्तावेज के शुरुआती प्रारूप में बढ़-चढ़कर शामिल किया गया। जिस पर रक्षा मंत्री ने कड़ी नाराजगी के साथ हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया था। साथ ही उन्होंने चीन और पाकिस्तान को साफ शब्दों में आईना दिखाते हुए कहा कि आतंकवाद के दोषियों, आयोजकों, प्रायोजकों और इसके वित्तपोषकों को जवाबदेह ठहराते हुए न्याय के कटघरे में खड़ा करने की आवश्यकता है। कुछ देश सीमा पार आतंकवाद को अपनी नीति के रूप में इस्तेमाल करते हैं और आतंकियों को पनाह देते हैं। ऐसे दोहरे मापदंडों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए और एससीओ को ऐसे देशों की आतंकवाद की इस बुराई की आलोचना करने में कोई संकोच नहीं करना चाहिए।

### फ्रांस को बड़ा झटका देने की तैयारी

## समय पर राफेल नहीं मिलने पर भारत पांचवी पीढ़ी के लड़ाकू विमान खरीदेगा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रक्षा मंत्रालय ने संकेत दिए हैं कि एक बड़ा फैसला लेते हुए राफेल लड़ाकू विमानों की संख्या आधा किया जा सकता है। रक्षा मंत्रालय ने 5वीं पीढ़ी के स्टील्थ फाइटर जेट की अंतरिम खरीद को लेकर अपने इरादे साफ कर दिए हैं। यानि भारत बहुत जल्द पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान खरीदने जा रहा है।

भारत खुद के पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान प्रोजेक्ट पर भी काम कर रहा है, लेकिन जब तक एएमसीए पूरा नहीं हो जाता, तब तक भारतीय वायुसेना में लड़ाकू विमानों की संख्या में आए कमी को भरने के लिए भारत ने नये विमानों के अधिग्रहण का फैसला लिया है। लेकिन भारत सरकार का नया फैसला राफेल बनाने वाली फ्रांसीसी कंपनी डसॉल्ट के लिए बड़ा झटका साबित होने वाला है, इसकी मुख्य वजय समय पर डिलेवरी नहीं होना। जो भारत के मल्टी रोल फाइटर एयरक्राफ्ट टेंडर के प्रमुख दावेदारों में से एक रही है।

**राफेल लड़ाकू विमान की संख्या होगी कम**

सूत्रों के मुताबिक अब इस खरीद को दो भागों में विभाजित किया जा सकता है। यानि 114 राफेल फाइटर जेट नहीं खरीदकर सरकार उसकी संख्या आधा घटा देगी। यानि करीब 60 राफेल एफ-4 जेट खरीदे जाएंगे और उतनी ही संख्या में 5वीं पीढ़ी के स्टील्थ फाइटर जेट। इससे न सिर्फ भारतीय वायुसेना की युद्ध क्षमता मजबूत होगी, बल्कि एएमसीए की सेवा में आने तक का अंतर भी पाटा जा सकेगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक राफेल की संख्या घटाने को लेकर ज्यादातर अधिकारी तैयार हैं। फ्रांसीसी कंपनी डसॉल्ट एविएशन ने पहले भारत में फुल-स्केल प्रोडक्शन लाइन लगाने के लिए कम से कम 100 यूनिट के ऑर्डर की मांग की थी। लेकिन अब जबकि सिर्फ 60 राफेल एफ जेट्स के ऑर्डर की संभावना जताई जा रही है, तो यह डसॉल्ट के लिए बड़ा झटका है। इसके अलावा, डिफेंस मिनिस्ट्री की मांग ये भी है कि इन लड़ाकू विमानों के लिए आंशिक असेंबली का काम भारत में हो, ताकि 'मेक इन इंडिया' पहल को बल मिले।

# कोर्ट बोला- यमन में भारतीय नर्स का जान गंवाना दुखद, केंद्र बोला- हमने बचाने की पूरी कोशिश की

*आज मौत की सजा दी जाएगी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यमन में मौत की सजा का सामना कर रही केरल की नर्स निमिषा प्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि मामला बहुत संवेदनशील है। अगर भारतीय नर्स यमन में जान गंवाती है तो यह दुखद होगा। मामले में सुनवाई जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने की। इस दौरान केंद्र की तरफ से अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने कोर्ट में कहा कि सरकार जहां तक जा सकती थी, जा चुकी है। यमन जैसे देश के साथ भारत खुलकर कूटनीतिक दखल नहीं दे सकता। निमिषा को यमन नागरिक की हत्या के मामले में 16 जुलाई को मौत की सजा दी जाएगी। वह 2017 से यमन की जेल में बंद हैं। उन पर यमन के नागरिक तलाल अब्दो महदी को दवा की ओवरडोज देकर हत्या करने का आरोप है।

**कोर्ट बोला- विदेश में हमारे आदेश को कौन मानेगा?**

याचिकाकर्ता संगठन सेव निमिषा प्रिया इंटरनेशनल एक्शन काउंसिल" ने कोर्ट से अपील करते हुए कि प्रिया का परिवार तलाल अब्दो महदी के परिवार से बातचीत कर रहा है, जिसकी मौत के चलते प्रिया को सजा मिली। निमिषा की मौत की सजा रोकी जाए। इस पर कोर्ट ने पूछा, हम ऐसा आदेश कैसे दे सकते



हैं? विदेश में हमारे आदेश को कौन मानेगा? मन में गृह युद्ध की वजह से भारत ने अपने नागरिकों को वहां से निकालने के लिए 'ऑपरेशन राहत' शुरू किया। यह ऑपरेशन अप्रैल-मई 2015 तक चला, जिसमें 4,600 भारतीयों और करीब एक हजार विदेशी नागरिकों को यमन से निकाला, लेकिन इनमें सिर्फ निमिषा ही भारत नहीं लौट पाईं। 2016 में महदी ने निमिषा के साथ शारीरिक उत्पीड़न करना शुरू कर दिया। उसने निमिषा के क्लिनिक का प्रॉफिट भी हड़प लिया। जब निमिषा ने इस बारे में सवाल किया तो दोनों के रिश्ते खराब हो गए। महदी निमिषा को यमन से बाहर नहीं जाने देना चाहता था, इसलिए उसने निमिषा का पासपोर्ट अपने पास रख लिया।

### घंटों तक हुई पूछताछ

## पाकिस्तान में एयरलाइन की लापरवाही कराची की जगह यात्री को भेज दिया जेद्दा

एजेंसी ▶▶ कराची

पाकिस्तान में एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। जहां एयरलाइन की गलती के चलते एक यात्री कराची के जगह सऊदी अरब के जेद्दा पहुंच गया। यह हैरान करने वाला मामला सात जुलाई को सामने आया और इसमें लापरवाही का आरोप एयर सियाल नामक निजी एयरलाइन पर लगा है। मामला मलिक शाहजैन नाम के एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियर से जुड़ा है, जो ऑफिस के काम से लाहौर गए थे और अचानक अपने बीमार बेटे की खबर सुनकर उसी रात कराची लौटने वाले थे। शाहजैन ने पहले से कराची की टिकट बुक कर रखी थी और समय पर एयरपोर्ट भी पहुंच गए थे। शाहजैन का आरोप है कि एयर सियाल के स्टाफ ने बिना पूरी जांच किए उन्हें गलत गेट से अंतरराष्ट्रीय उड़ान में बैठा दिया, जो जेद्दा जा रही थी। मैंने बोर्डिंग पास दिखाया, मुझे लाउंज और फिर फ्लाइट गेट की ओर भेज दिया गया। टरमैक पर दो विमान खड़े थे एक कराची जा रहा था और दूसरा जेद्दा। एयरलाइन स्टाफ ने बिना जांच के मुझे जेद्दा वाली फ्लाइट में बैठा दिया। शाहजैन ने बताया कि उन्हें तब शक हुआ जब उड़ान के दो घंटे बाद भी विमान ने लैंड नहीं किया। आखिरकार, वह जेद्दा पहुंचे, लेकिन उनका सामान कराची पहुंच चुका था।




### शोध में वैज्ञानिकों ने की डराने वाली भविष्यवाणी

# पृथ्वी के घूमने की रफ्तार तेज होने को वैज्ञानिकों ने किया कंफर्म आने वाले समय हमें 24 घंटे से कम दिन देखने को मिलेंगे

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

धरती की अपनी धुरी पर घूमने की रफ्तार बढ़ रही है। धरती के घूमने की बढ़ती रफ्तार का नतीजा दिन का समय कम होने के तौर पर सामने आया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि अब इसकी पुष्टि हो गई है कि आने वाले समय में हमें 24 घंटे से कम के दिन देखने को मिलेंगे।


वैज्ञानिकों ने इसी महीने 22 जुलाई और 5 अगस्त को दिन 1.3 से 1.5 मिलीसेकंड तक छोटा होने की बात कही है। हालांकि दिन की घटी हुई अवधि को सिर्फ कुछ खास उपकरणों से ही मापा जा सकेगा। पृथ्वी के घूमने को लेकर सामान्य समझ रही है कि पृथ्वी 24 घंटे में सूर्य का चक्कर लगाती है। यह एक दिन की अवधि होती है। यह समय यानी एक दिन 24 घंटे का होता है। रिसर्च कहती है कि यह अवधि हमेशा स्थिर नहीं होती।

चंद्रमा और सूर्य की स्थिति समय के साथ इसमें बदलाव ला सकती है। यहां तक कि भूकंप और दूसरी भूगर्भीय घटनाएं भी पृथ्वी की घूर्णन गति को बदल सकती हैं। इसका दिन के समय पर असर होता है।

-धरती के घूमने की बढ़ती रफ्तार का नतीजा आया सामने

22 जुलाई, 5 अगस्त को 1.3 से 1.5 मिलीसेकंड तक छोटा दिन होने की बात कही

### शोधकर्ताओं ने एक अध्ययन में किया खुलासा



बता दें, जब कोई पिंड चंद्रमा से टकराता है तो कई हिस्से टूटकर काफी तेज रफ्तार से अंतरिक्ष में निकल जाते हैं। हालांकि कभी कभी इन टुकड़ों का आकार बड़ा भी हो सकता है। हवाई विश्वविद्यालय के शोधकर्ता और अध्ययन के प्रमुख लेखक रॉबर्ट जेडिक ने स्पेस.कॉम की एक रिपोर्ट में कहा है कि यह एक तरह का स्क्वायर डांस है, जहां साथी नियमित रूप से बदलते रहते हैं और कभी-कभी कुछ देर के लिए डांस फ्लोर छोड़ देते हैं।

**चंद्रमा से कैसे होता है चंद्रमा का जन्म?**

वैज्ञानिकों का अभी तक मानना रहा है कि मिनिमून्स का सोर्स शायद एस्ट्रॉएड बेल्ट (मंगल और बृहस्पति के बीच स्थित) है, लेकिन हालिया खोजों से पता चला है कि इनमें से कई टुकड़े चांद से भी निकल सकते हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109